सूर्योदय : 6:13
सूर्यास्त : 6:15
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-269 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 21 मार्च 2026
01 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पीएम मोदी ने बहरीन के किंग से की बात

## ■ पश्चिम एशिया की स्थिति पर हुई चर्चा




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और क्षेत्र में ऊर्जा और मूलभूत ढांचों पर हुए हमलों की निंदा की। टेलीफोन पर हुई बातचीत में, प्रधानमंत्री मोदी ने किंग हमद को ईद की शुभकामनाएं दीं और बहरीन में भारतीय समुदाय की भलाई के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक बयान में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा के साथ सार्थक चर्चा हुई। मैंने उन्हें और बहरीन के लोगों को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशियाई क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। हमने क्षेत्र में ऊर्जा और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की और वैश्विक खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर उनके प्रतिकूल प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नेविगेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और शिपिंग लाइनों को खुला और सुरक्षित रखने के महत्व को दोहराया। उन्होंने बहरीन में भारतीय समुदाय की भलाई के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए महामहिम को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच हुई है, जो 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ था।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और बहरीन के किंग ने इससे पहले 2 मार्च को भी बात की थी। पिछले कुछ दिनों में, प्रधानमंत्री मोदी ने मलयेशिया, ओमान, फ्रांस, कुवैत, यूएई, इस्राइल, ईरान, सऊदी अरब और कतर के नेताओं से भी बात की है। भारत ईरान और खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष को लेकर क्षेत्रीय सरकारों के साथ-साथ अन्य प्रमुख साझेदारों के साथ लगातार संपर्क में है। गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी और जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय के बीच इस महीने दूसरी बार टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की।

## भारत मौजूदा युद्ध को समाप्त कर सकता है : संघ प्रमुख



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत ने शुक्रवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के विदर्भ प्रांत कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक अस्थिरता को दूर करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत मौजूदा युद्ध को समाप्त कर सकता है। बढ़ते वैश्विक संघर्षों पर बोलते हुए भगवत ने कहा कि दुनिया धर्म की नींव पर संतुलन बहाल करने के लिए तेजी से भारत की ओर देख रही है।

## ईरानी प्रवक्ता ने कहा दुश्मनों के पार्क और रिसॉर्ट भी असुरक्षित

**तेहरानः** ईरान के शीर्ष सैन्य प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि दुनिया भर में पार्क, मनोरंजन क्षेत्र और पर्यटन स्थल तेहरान के दुश्मनों के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे। जनरल अबोलफजल शेकरची ने शुक्रवार को ईरान के सरकारी टेलीविजन पर धमकी देते हुए यह बात की। इससे इस बात की चिंता बढ़ गई है कि क्या ईरान दबाव बनाने के लिए मध्य पूर्व के बाहर इजरायल समर्थक देशों पर हमलों का सहारा लेगा या फिर यह सिर्फ एक बयानबाजी है।









सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताबंधुओं को ईद-उल-फ़ित्र की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। इस अवसर पर 21 मार्च दिन शनिवार को अवधनामा प्रेस व कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 23 मार्च 2026 दिन सोमवार को उपलब्ध होगा।

## सीएम ने दी प्रदेशवासियों को ईद-उल-फ़ित्र की हार्दिक बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फ़ित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ईद-उल-फ़ित्र का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है।


# 7.5 लाख करोड़ निवेश के साथ पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी में जुटी योगी सरकार

## ■ सरकार की 'रिफॉर्म, परफॉर्म व ट्रांसफॉर्म' नीति ने प्रदेश को नई पहचान दी




**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन दर्ज किया है। सुनियोजित रणनीति और दूरदर्शी नेतृत्व के चलते प्रदेश अब देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक निवेशकों के लिए भी एक प्रमुख गंतव्य बनकर उभरा है। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, राज्य सरकार की 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' नीति ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है।

इसके तहत पहले व्यवस्थागत सुधार (रिफॉर्म) किए गए, फिर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू (परफॉर्म) किया गया और अंततः व्यापक बदलाव (ट्रांसफॉर्म) के जरिए प्रदेश की छवि को नई ऊंचाई दी गई। इसी रणनीति का परिणाम है कि अब तक आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से करीब 15 लाख करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा चुकी हैं। वहीं, अब 7.5 लाख करोड़ की नई परियोजनाओं के साथ पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी जोरों पर है। वर्ष 2017 से पहले निवेश के मामले में पिछड़े रहे प्रदेश में योगी सरकार ने बिंदुवार सुधार लागू किए। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए 13 अधिनियमों में संशोधन कर 99% छोटे आपराधिक प्रावधान समाप्त किए गए, जिससे उद्योगों के लिए वातावरण अनुकूल बना। सरकार ने निवेश के लिए मजबूत आधार तैयार करने के उद्देश्य से एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट व लॉजिस्टिक्स नेटवर्क जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार किया।










# पर्यटन विभाग ने गोकर्णनाथ के ऐतिहासिक चैती मेले के आयोजन के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** आस्था, परंपरा और उत्सव के संगम छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के ऐतिहासिक चैती मेला-2026 को इस बार भव्यता का नया आयाम मिलने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की दमदार पहल और शासन स्तर पर मजबूत पैरवी रंग लाई है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मेले के आयोजन के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि मंजूर कर दी है यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी की गई है, जिससे मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय होंगी। बताया जा रहा है कि इस फंड से मेले में सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। हर साल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाला यह मेला इस बार धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के संगम के रूप में और भी चमकेगा डीएम दुर्गा शक्ति



नागपाल की इस पहल को जिले में विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रशासन की मंशा है कि चैती मेला-2026 को न केवल भव्य बनाया जाए, बल्कि इसे प्रदेश के प्रमुख आयोजनों में शामिल कर एक नई पहचान दी जाए ऐतिहासिक चैती मेले को इस बार भव्य और यादगार बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में अहम बैठक कर तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार मेला अपने आयोजन, व्यवस्था और आकर्षण तीनों में अलग पहचान बनाए पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये के बजट को लेकर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर खर्च नियमों के तहत हो, लेकिन गुणवत्ता और भव्यता में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ आयोजन नहीं, जिले की पहचान है, इसलिए हर व्यवस्था में 'परफेक्शन' दिखना चाहिए डीएम ने आयोजन के लिए आवंटित 40 लाख रुपये की धनराशि के सदुपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन कर दिया है।

इस समिति की कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को सौंपी गई है, जिन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को भी समिति में शामिल किया गया है। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका विजय शुक्ला रिंकू, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, ईओ प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे सहित इस आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारी मौजूद रहे।

## गेहूं की फसल को नुकसान कई जगहों पर गेहूं की फसलें गिरी

**लखीमपुर-खीरी।** आसमान में गरज और तेज हवा के साथ बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इससे गेहूं की फसल में नुकसान है। कई जगह पर गेहूं फसल गिर गई है। कुछ स्थानों पर सरसों की फसल कटी पड़ी है, जो गीली हो गई। आलू की खुदाई का काम भी प्रभावित हो गया है। आम के बौर पर भी असर पड़ा है शुक्रवार की सुबह से ही एकाएक मौसम बदल गया। आसमान में बिजली की चमक के साथ बूंदाबांदी होने लगी और हवा भी चलने लगी। शुक्रवार पूरा दिन बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी जारी रही। इससे आमजन को भी कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे मौसम को देख किसान आसमान की ओर ताकते रहे। इससे जहां मौसम में ठंडक हो गई तो वहीं फसलों को भी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल जगह-जगह पूरी जमीन पर गिर गई। इसके अलावा जो सरसों कटी हुई है उसमें पानी भरने से नुकसान हो गया और खड़ी फसल गिरने से उत्पादन में अंतर आएगा गेहूं, सरसों व आलू की फसल को लेकर किसान चिंतित है इस समय गेहूं की फसल पकवार पर है।

## उप्र की कानून व्यवस्था की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है: नितिन अग्रवाल

### 09 साल प्रदेश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का काम हुआ है

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ साल पूरे होने पर आईटीआई ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया परिषदीय विद्यालय राजापुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनोहारी बनाया। इसके बाद प्रदेश सरकार की विकास पुस्तिका आमजन में वितरित की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने 09 वर्ष के कार्यकाल में गरीब कल्याण,



युवा एवं महिला सशक्तिकरण, अन्नदाता और किसानों को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। नवनिर्माण के इन नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और रोजगार के अवसर बढ़े। प्रदेश ने ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी पहचान बनाई और देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दिया। सरकार ने प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के लिए जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा। बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी तक पहुंचाने में सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है मंत्री ने कहा कि लगातार 09 साल प्रदेश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का काम हुआ है। जनता का विश्वास और आशीर्वाद प्रदेश की विकास यात्रा का आधार हैं। सरकार ने असंभव को संभव बनाया। मोदी है तो मुमकिन है, योगी है तो यकीन है। उन्होंने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में आज कानून का राज है, जहां जनमानस सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज उप्र की कानून व्यवस्था की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है। प्रशासन योजनाओं के बेहतर क्रियावयन करते हुए इसे जनमानस तक पहुंचाने में प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। उन्होंने जनमानस के बीच योजनावार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियां गिनाई।

## कुट्टू के आटा खाने से हुए बीमार लोगों का हाल-चाल जानने पहुंचे चैयरमेन





*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में कुट्टू का आटा खाने से कई लोग बीमार हो गए इनको उनके परिजनों ने तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जिनका इलाज जारी है। नवरात्रि व्रत के दौरान कुट्टू का आटा खाने से नजीबाबाद के कई लोगों अचानक से उल्टी होने लगी और हालात बिगड़ते देख उनके परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। मरीजो हाल-चाल जानने पहुंचे इंजीनियर मौज्जम खां ने पूजा हॉस्पिटल पहुंचकर डॉक्टर संजीव कुमार के साथ मरीज का स्वास्थ्य जाना और उनसे बातचीत की मरीज को हर संभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने सभी मरीजों को पानी और फल भी दिये। इस दौरान डॉक्टर संजीव कुमार ने कहा कि कुछ मरीजों की छुट्टी कर दी गई है कुछ मरीज अभी भी बीमार है जिनका इलाज जारी है। वहीं चैयरमेन साहब ने कहा कि कोई भी दुकानदार पुराना कुट्टू का आटा या कोई भी अन्य सामान न बेचे जिससे लोग बीमार हो। उन्होंने सभी मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## मुख्यमंत्री योगी पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सालिम की हम कड़ी निंदा करते है



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** मौलाना डॉक्टर फुरकान मेहरबान अली बिजनौरी ने मौलाना अब्दुल्ला सालिम की मुख्यमंत्री योगी जी पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि। मैने कल 19 मार्च 2026 को युटुब के माध्यम से मौलाना अब्दुल्ला सालिम का एक बयान अपने मुख्य मंत्री योगी जी के बारे में सुना जो बहुत गलत है। जिसको सुनकर बहुत तकलीफ हुई। उन्होंने हमारे मुख्य मंत्री जी के बारे में आलिम होते हुए बड़ा जाहिलाना, ज़ालिमाना और मुफ्सिदाना, अहमक़ाना बयान दिया है। उनसे ऐसी उम्मीद नहीं थी उन्होंने अपने इस बयान में योगी जी और उनकी माता जी का अपमान किया है जिसकी हम कड़ी निंदा करते है। हम अब्दुल्ला सालिम से ये मुतालबा करते है कि वह हमारे मुख्यमंत्री योगी जी से फौरन माफी मांगे या उनको हमारे मुख्यमंत्री का अपमान करने पर उनको सज़ा से कड़ी कानूनी सज़ा मिलनी चाहिए, इसलिए कि हमारे रसूल मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मुसलमानों को यह तालीम दी है कि वो बोलने से पहले यह देखले के वह अच्छी बात कह रहे हैं या बुरी बात अगर अच्छी बात हो तो कहें वरना ख़ामोश रहें और अल्लाह ताला ने कुरान में मुसलमानों को यह भी हिदायती दी है कि वह गैर मुस्लिमों के माबूदों और मुकद्दस चीज़ों को हरगिज़ बुरा न कहें वरना वो बदले में हमारे माबूद अल्लाह ताला को बुरा कहेंगे। इसी तरह हम उन मुसलमानों की भी कड़ी निंदा करते है जिन्होंने गंगा जी में नाव में बैठ कर रोज़ा इफ़्तार पार्टी की है। यह तो उन्होंने इफ़्तार को एक पिकनिक बना दिया है। जबकि रोज़ा एक अज़ीम इबादत है और गंगा जी की मुकद्दस व काबिलिय एहतराम होने के बारे में अपने हिंदू भाईयों के जज़्बात और आस्था को ठेस पहुंचाई है। उनको अपने हिंदू भाईयों से माफ़ी मांगनी चाहिए। या फिर सज़ा के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह अगर किसी हमारे हिंदू भाई से गलती से होली के मौके पर किसी मुसलमान पर रंग पड़ गया तो उससे हमारे ईमान और इस्लाम पर कोई फ़र्क़ नही पड़ता। ऐसे मौके पर सब्र व बर्दाश्त से काम लेना चाहिए। ताकि भाईचारा और अमन व शांति बनी रहे। लेकिन ऐसे मौके पर हमारे बाज़ नादान नासमझ भाइयों ने अपने गलत जज़्बात में आकर दिल्ली के उत्तम नगर में एक निर्दोष की जान ले ली। हम उसकी भी कड़ी निंदा करते हैं। और अपने भाइयों से आइंदा के लिए अपील करते हैं के वह ऐसे मौके पर जज़्बात में आकर कभी भी ऐसे गलती न करें। ताके उनको नुकसान और परेशानियों का सामना न करना पड़े। अक्लमंद इंसान वही है जो हमेशा अंजाम पर नज़र रखे और अपने जज़्बात में बहकर कोई गलत काम न करे। और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और हमारे मुख्य मंत्री योगी जी ने अपनी जनता के लिए बिना किसी भेद भाव के बहुतसे अच्छे अच्छे काम किए हैं। गरीबों के मुफ्त घर बनवाए गरीबों को आयुष्मान के ज़रिए 5 लाख तक का मुफ्त इलाज़ की व्यवस्था कराई और मुफ्त राशन देने की सुविधा दी है।

## तेज हवा के साथ कई इलाकों में रिमझिम तो कहीं तेज हुई बारिश

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ कई इलाकों में रिमझिम तो कहीं तेज बारिश हुई। कुछ जगहों पर हल्की ओलावृष्टि भी हुई है। केशवापुर कस्बे के निकटवर्ती गांवों में बारिश के साथ ओले गिरने से किसानों की सरसों, गेहूं, अरहर, मसूर, चना व आम की फसल के बौर को नुकसान हुआ है। मोहम्मदी, बेहजम क्षेत्र में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

## पेड़ से लटकते हुए पाया गया युवक का शव 27 अप्रैल को होनी थी शादी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी एक युवक का शव गांव से कुछ दूरी पर एक पेड़ से लटकते हुए पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने बताया उसके बेटे की शादी 27 अप्रैल को होनी थी। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी श्रीपाल के 22 वर्षीय बेटे दीपक का शव सुबह गांव के बाहर उत्तर दिशा की ओर स्थित एक पेड़ से लटकते पाया गया। मृतक के पिता श्रीपाल ने बताया कि दीपक की शादी 27 अप्रैल को होनी थी।

## कैफ ने ग्रामीणों को ईद की मुबारकबाद दी



**किरतपुर। (अवधनामा संवाददाता)** युवा समाज सेवी एंव प्रधान पद के प्रबल दावेदार शेख मुहम्मद कैफ ने ईदुल फितर का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि ईद का त्यौहार अन्य त्यौहारों से थोड़ा अलग है। यह माहे रमजान के तीस रोजे रखने के बाद आता है जिसका अपना एक अलग आनंद है। ईदुल फितर जश्न और खुशी का त्यौहार है। इसीलिये इसकी खुशी ज्यादा होती है। 30 दिनों की इबादत के बाद ईद आई है। उन्होंने कहा कि भारत में भिन्न-भिन्न त्योहार मनाएं जाते हैं और सभी त्योहार आपसी सौहार्द व प्रेम का संदेश देते हैं। ईदुल फितर हमारी भारतीय संस्कृति को मजबूत करता है।त्यौहार एकता व अखंडता और राष्ट्रीयता को मजबूती प्रदान करता है। मुहम्मद कैफ ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे ईद की खुशियों में शरीक रहें एक दुसरे को गले लगा कर बधाई दें। शेख मुहम्मद कैफ ने देशवासियों को ईदुल फितर की शुभकामनाएं दीं और कहा कि त्यौहारों को मिलजुल कर मनाएं ताकि देश में आपसी सौहार्द का माहौल बने। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में उत्साह और उमंग के साथ ईद मनाएं। उन्होंने गांव भनेड़ा के लोगों को संदेश दिया कि वह राष्ट्रीयता और गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए भाईचारे की बहतरीन मिसाल पेश करें। उन्होंने ग्रामीणों को ईदुल फितर की मुबारकबाद दी।

## रसोई गैस लेने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना अलापुर क्षेत्र में रसोई गैस लेने निकले बाइक सवार एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई।जवान बेटे की मौत के ग़म में पिता बेसुध से हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा थाना अलापुर क्षेत्र में एमएफ हाईवे पर स्थित शराब ठेके के पास उस वक्त हुआ जब क्षेत्र के ग्राम सड़ोमई निवासी सोनू (24) पुत्र भीमसेन अपनी बाइक पर सवार होकर रसोई गैस सिलेंडर लेने जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह थाना अलापुर क्षेत्र के एमएफ हाईवे पर स्थित शराब ठेके के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बताते हैं कि हादसे में बाइक सवार युवक सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई।इस दौरान घटनास्थल के पास मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा घायल को तत्काल अस्पताल भेज दिया गया।जहां डॉक्टरों द्वारा सोनू को मृत घोषित कर दिया गया।

## ईद-उल-फितर के मद्देनजर डीएम एसएसपी ने की पैदल गश्त

### ईदगाह शम्सी तथा शेखूपुर ईदगाह का किया दौरा, दिए निर्देश





*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने व विभिन्न पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ईदगाह शम्सी और ईदगाह शेखूपुर का दौरा किया गया तथा क्षेत्र में पैदल गश्त की गई डीएम ने कहा कि सभी त्योहार परंपरागत तरीके से मनाए जाए, कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से सजग व सक्रिय है। एसएसपी अंकिता शर्मा द्वारा ड्यूटी में लगे अधिकारियों तथा अन्य पुलिसकर्मियों को शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी हेतु कड़े निर्देश दिए गए हैं। दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जनपद में सभी त्योहार परस्पर प्रेम व भाईचारे के साथ मनाए जाते रहे हैं। किसी को भी माहौल बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व शांति व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ,इससे किसी को भी खिलवाड़ करने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह निरंतर भ्रमणशील रहे तथा आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करें तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके।

इस मौके पर एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश उपाध्याय, फिरबारी निरीक्षक कोतवाली संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत किया गया महिलाओं को जागरूक



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत जनपद की महिला पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं को शासन की योजनाओं से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए।

विदित हो कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान महिला पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां प्रदान की गई।

## संस्था के राष्ट्रीय विस्तार को केएल अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की बैठक में संस्था के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने के लिए सर्वसम्मति से संस्थापक केएल अरोड़ा को आगामी कार्यकाल हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

प्रताप मार्केट स्थित संस्था कार्यालय पर सम्पन्न बैठक में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार तथा दिल्ली से संस्था के प्रतिनिधियों ने चयन समिति सदस्य के रूप में भाग लिया। चुनाव अधिकारी रंजन गुप्ता ने बताया कि संस्था के विस्तार को दृष्टिगत् रखते हुए केएल अरोड़ा ही समस्त प्रदेशों को जोड़कर रखने के लिए उपयुक्त हैं। इसलिये उन्हे सर्वसम्मति से संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतु मनोनीत किया गया है। संस्था के संस्थापक व नवचयनित राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोड़ा ने कहा कि संस्था ने गत् 17 वर्षो से सहारनपुर, मुज्जफरनगर तथा उत्तराखण्ड के देहरादून में अपनी सेवाऐं प्रदान की हैं अब समय है कि वरिष्ठ नागरिकों की यह संस्था पूरे भारत में अपना विस्तार करें तथा वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाकर संगठित करें तथा उनके कल्याण में मुख्य भूमिका का निर्वाहन करे। साथ ही उन्होने कहा कि शीध्र ही संस्था की उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, पंजाब, हरियाणा एवं उत्तराखण्ड में भी कार्यकारिणी गठित की जायेगी।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष आरके जैन, सीएम एण्डले, पीएन छोकरा, अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष एलआर कोठियाल, उत्तराखण्ड के प्रभारी गौकरण दत्त शर्मा, प्रदेश संयोजक डा.अतुल जोशी, दिल्ली से भारत भूषण, बिहार के पटना जिले से प्रिंस कुमार व राष्ट्रीय चेतना मिशन से स. सुपनीत सिंह आदि समेत प्रदेशों के सदस्य वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

### उपलब्धियों की संकलित पुस्तक को भी किया प्रदर्शित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सरकार की 09 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा 09 वर्ष की उपलब्धियों की संकलित पुस्तक को भी प्रदर्शित किया।

सर्किट हाउस सभागार में सरकार की 09 वर्ष की उपलब्धियों का बखान करते हुए मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा का संकल्प आज 09 वर्ष पूर्ण कर रहा है। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ सुरक्षा, सुशासन और विकास की नई यात्रा शुरू हुई। आज उत्तर प्रदेश नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में देश के सामने एक मॉडल है। 2017 का जनादेश केवल सरकार बदलने का नहीं, व्यवस्था परिवर्तन का स्पष्ट संदेश था।



इन 09 वर्षों की सबसे बड़ी पहचान है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज, पारदर्शी नीति व प्रशासन, अंतिम व्यक्ति तक लाभ की गारंटी मिली है। यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश घोषणाओं का नहीं, परिणामों का प्रदेश बना है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले कानून व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती थी, एक जिला एक माफिया का कांसेप्ट था। माफियाओं का प्रदेश आज महोत्सव प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। जहां बच्चों के हाथ में तमंचा होता था, आज टैबलेट और स्मार्टफोन है। इसके अलावा 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए है। 5.60 करोड़ आयुष्मान कार्ड, 09 करोड़ को आयुष्मान बीमा कवर किया गया है। 01 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को हर महीना 1000 रूपये की पेंशन और अब अगले महीने से यह 1500 होने जा रही है। किसान अब बिचौलियों से मुक्त होकर सीधे लाभ से जुड़ा है। बीज से बाजार तक किसान के साथ सरकार खड़ी है। सीएम युवा अभियान से बिना ब्याज बिना गारंटी उद्यम के लिए ऋण मिल रहा है, जिससे सवा लाख युवा लाभान्वित हुए है। 50 लाख करोड़ के निजी निवेश प्रस्ताव यूपी में आये हैं इनसे एक करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे।

इसी के साथ विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूल किट, लैपटॉप, बीज किट, आयुष्मान कार्ड एवं आवास की प्रतीकात्मक चाभी वितरित किये गये। मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों की स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का भी अधिकारियों एवं आमजनों द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व महापौर संजीव वालिया आदि उपस्थित रहे।

## अलविदा जुमे की नमाज अदा कर मांगी अमनों चैन की दुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुकद्दस रमजान माह के पांचवें अलविदा जुमे की नमाज आज पूरी शिद्दत के साथ अदा कर देश में अमनो चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने जमकर ईद की खरीदारी भी की। आज रमजान माह के पांचवें अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। गुरुवार से रुक रुक कर हो रही बरसात के चलते आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पांचवें रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई और देश दुनिया में शांति अमन चैन खुशहाली की दुआएं मांगी गई। नगर की प्रमुख जामा मस्जिद पर अलविदा जुमे की नमाज अदा कराये जाने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली हुई थी और बरसात को देखते हुए नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि नमाजी को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो।

मस्जिद के इमाम कारी अरशद गोरा ने जुम्मे की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने खुतबा फरमाते हुए कहा कि रमजान का महीना इबादत का महीना होता है। इस दौरान जो खुदा की इबादत करते हैं उनकी सभी दिक्कतें दूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में गुनाह माफ हो जाते हैं।

# सीएम योगी के नेतृत्व में विकास उपलब्धियों पर चित्र प्रदर्शनी का हुआ भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** प्रदेश में सुशासन, जनकल्याण और तीव्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रही उत्तर प्रदेश सरकार के सफल कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय परिसर में विकास कार्यों पर आधारित भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक कोल अनिल पाराशर ने फीता काटकर किया।

विधायक कोल पाराशर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सुरक्षा, आधारभूत संरचना और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश आज सुशासन, सुरक्षा और विकास का मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बना हुआ है। प्रदर्शनी में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगारपरक कार्यक्रमों और आधारभूत संरचना विकास से जुड़ी उपलब्धियों को आकर्षक चित्रों एवं विवरणों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसमें विशेष रूप से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की योजनाएं, महिला स्वावलंबन कार्यक्रम, किसानों की आय वृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं डिजिटल सेवाओं के विस्तार को प्रमुखता से दर्शाया गया। प्रदेश सरकार की सुदृढ़ कानून व्यवस्था को प्रदर्शनी में विशेष स्थान दिया गया, जिसमें अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और त्वरित न्याय व्यवस्था से जुड़े सुधारों को रेखांकित किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और जागरूकता अभियानों की झलकियां प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण रहीं। महिला हेल्पलाइन, एंटी रोमियो स्क्वॉड, महिला बीट पुलिसिंग और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं के प्रति सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयासों को सराहा गया। स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार, नए चिकित्सालयों की स्थापना, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को भी प्रदर्शनी में प्रमुखता से दर्शाया गया।

# महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु संचालित 'मिशन शक्ति' विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज जनपद गोण्डा में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अम्बेडकर चौराहा से गुरु नानक चौराहा होते हुए कोतवाली नगर तक 'महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया । रैली के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181 आदि) की जानकारी देते हुए महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में इन सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया । साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के द्वितीय चरण के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए महिलाओं में आत्मविश्वास एवं सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा इस अवसर पर महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सतत् सतर्कता बरती जाए तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए । उन्होंने निर्देशित किया कि महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करते हुए महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कीरत सागर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

- वन विभाग, जिला गंगा समिति और अर्थ फाउंडेशन ने संयुक्त रुप से चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता



**महोबा।** 16 से 31 मार्च तक चलाए जा रहे गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिले की नदियो, झीलो और तालाबों के आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए जाने को लेकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रभागीय वनाधिकारी देवाशीष के नेतृत्व मे वन विभाग, जिला गंगा समिति और कोर अर्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शहर के कीतर सागर तट पर समस्त लोगों ने झाडू लगाकर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार की सुबह कीरत सागर तट पर सफाई अभियान चलाकर अधिकारियों व अन्य लोगों ने तट को प्लास्टिक मुक्त, गंदगी रहित रखने के लिए झाडू लगाई। अधिकारियों, संस्थान के लोगों ने श्रमदान के जरिए प्लास्टिक कचरा साफ कर गंगा स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई अभियान दौरान अधिकारियों कर्मचारियों में खासा उत्साह नजर आया। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि गंगा संरक्षण के लिए हमें जन भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस पखवाड़े में गंगा की सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं इस अभियान के तहत जिले की नदियो, तालाबों के जल व आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

वन क्षेत्राधिकारी राजू श्रीवास्तव ने बताया कि गंगा हमारी संस्कृति की प्रतीक है, इसलिए हमें इस पुनीत कार्य में आगे बढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे लोगों में गंगा को लेकर जागरूकता पैदा हो। नदियों को प्लास्टिक मुक्त बनाना, जैव विविधता का संरक्षण करना और जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखना हमसब की जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला गंगा समिति अधिकारी यश्ज्ञराज आनंद, पुष्पेंद्र सिंह, पप्पू, चंद्रपकाश सहित वन विभाग व संगठनों के तमाम लोग मौजूद रहे।

# 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली में धरना चार अप्रैल को



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** टीचर फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (टीएफआई) के नेतृत्व में आगामी चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को पदाधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें शिक्षकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने और आंदोलन को प्रभावी बनाने की रणनीति तैयार की गई।

जिला मुख्यालय स्थित शुभम पैराडाइज होटल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता का निर्णय पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। कहा कि उस समय नियुक्ति प्रक्रिया में टीईटी की बाध्यता नहीं थी, ऐसे में पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना उनके अधिकारों का हनन है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल समाधान निकालने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षकों को अनावश्यक मानसिक दबाव में डालना उचित नहीं है। यह धरना प्रदर्शन शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और न्याय की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। बैठक में शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

बैठक में अभय श्रीवास्तव, शिवाकांत दूबे, इन्द्रसेन सिंह, लालजी यादव, सुधाकर मिश्र, दिनेश सिंह, अरुण सिंह , रामशंकर पांडेय, आशुतोष उपाध्याय, अनिल पांडेय, सुशील सिंह, प्रमोद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय कुलपहाड़ का किया वार्षिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय कुलपहाड़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं से सम्बन्धित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाये। निकाय के समस्त पटल जिसमें नामान्तरण, गृहकर वसूली, जन्म-मृत्यु, सम्भव पोर्टल व कर्मचारियों के अभिलेखों की जाँच की गयी एवं रखरखाव में अन्य कार्यों हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष, नगर पंचायत कुलपहाड़, अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत कुलपहाड़ एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# रमजान के आखिरी जुमा की नमाज में मांगी गई अमन चैन की दुआएं

- मस्जिदों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीमे रही मुस्दैत

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मुकदस माह रमजान के अलविदा जुमा के रूप में जिले में इबादत और अकीदत का माहौल देखने को मिला। शहर की तमाम जामा मस्जिदों में वक्त के मुताबिक नमाजी पहुंचकर नमाज अदा की, जिससे मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज से पूर्व मस्जिदों के पेश इमामों ने खुतबा पढ़ा और इस पाक महीने को अलविदा कहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले की सभी मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अकीदत और शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। शहर की मकनियापुरा, चौसियापुरा, समदनगर, कत्तीपुरा, मगरिया, शुक्रवारी बाजार मिल्कीपुरा आदि मोहल्लों में स्थित जामा मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। नमाज के बाद मस्जिदों में देश की तरक्की, आपसी भाईचारे और खुशहाली के लिए की नमाजियों ने हाथ उठाकर अल्लाह से दुआएं की। मस्जिदों में नमाज से पहले हाफिजों ने खिताब करते हुए कुरान पर रोशनी डाली साथ ही रमजान माह फितरा जकात की अहमियत भी बताई। हाफिज कारी मुईन ने कहा कि जिस मुसलमान के पास भी इतना पैसा या संपत्ति हो कि उसके अपने खर्च पूरे हो रहे हों और वो किसी की मदद करने की स्थिति में हैं तो वह अपनी कमाई से जकात निकलकर मोहताज, गरीबों की मदद करना वाजिब है।

# चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर मिशन शक्ति, एण्टीरोमियो टीम सक्रिय-महिलाओं को किया जा रहा जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह के नेतृत्व में जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति,एण्टीरोमियो टीम द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व के मद्देनजर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों, कस्बों एवं भीड़-भाड़ वाले बाजारों में लगातार भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्हें महिला संबंधी अपराधों जैसे छेड़छाड़, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा आदि के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181 आदि की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिरों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए प्रमुख मंदिरों पर अस्थायी महिला हेल्पडेस्क भी स्थापित किये गये हैं, जहां महिला पुलिसकर्मी तैनात रहकर महिलाओं की समस्याओं का तत्काल समाधान कर रही हैं।

# कम्बाईन मशीन में 11 हजार वोल्ट करंट उतरने से किसान गम्भीर

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार निवासी 35 वर्षीय किसान विनय निषाद कम्बाईन में करण्ट उतरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। बोदरवार में प्राथमिक उपचार के बाद हालत को गंभीर देखते हुए विनय को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को बोदरवार बाजार निवासी विनय निषाद कम्बाईन मशीन से गंगराई सिवान में सरसों कटवाने गये थे। खेत के ऊपर से 11000 बोल्टेज का तार गुजरा हुआ है जिसमें सप्लाई चालू थी। मुख्य सप्लाई का तार कम्बाईन मशीन में टच हो गया। स्टेयरिंग में रबर लगा होने के कारण ड्राइवर तो बच गया लेकिन उस पर बैठा विनय करंट की चपेट में आ गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत को गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने विनय को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। विनय की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

# नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों ने की पूजा अर्चना

- शहर के देवी मंदिरों में सुबह शाम जुट रही भक्तों की भारी भीड़

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शहर के देवी मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ा। सुबह से ही सारे काम छोड़कर महिलाएं मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए आती जाती दिखी। सुबह से श्रद्धालुओं ने बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, विन्धवासिनी, शारदा देवी, शीतला देवी और काली देवी मंदिर में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और पूजा अर्चना की। सुबह शाम देवी मंदिरों में होने वाली आरती में भी भक्तों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही। देवी मां के जायकारों और उद्घोष से शहर का वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा हैं।

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को तड़के सुबह से ही महिलाएं देवी मंदिरों में नंगे पैर पहुंची, जहां पर पूजा अर्चना करने के बाद माता से प्रार्थना की। सुबह छह बजे से नौ बजे के बीच देवी मंदिरों में भक्तों की अधिक भीड़ जुटी। देवी मंदिरों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक रही। नवरात्र के शुरु हो जाने के बाद शहर के हर गली कूचों में चहल पहल बढ़ गई है। सुबह से घरों के अलावा कुओं और हैंडपंपों में नहाने के लिए लोग निकल पड़ते हैं। नहाने के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करने हाथों में पूजा की थाल लेकर देवी मंदिर में भक्तों का आना जाना शुरू हो जाता है। नवरात्र पर्व के प्रति देवी भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है।

बुंदेलखंड वासियों की आराध्य देवी मां चंद्रिका देवी मंदिर के बाहर चैत्र नवरात्रि पर्व के मौके पर नौ दिनों तक स्थानीय दुकानदार दुकानें लगाते हैं, जिससे मेले जैसे दृश्य नजर आता है। इन दुकानों से मां के दर्शन के लिए आने वाली महिलाएं व अन्य भक्त फूल माला, प्रसाद, अगरबत्ती सहित अन्य पूजा सामग्री इन दुकानों से खरीदती हैं वही पूजा अर्चना के बादघरेलू सामान को भी क्रय किया जाता है। पंडित सत्यव्रत चतुर्वेदी ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की जाती है, जिससे मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी उसका मन कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है।

# डीएम, एसपी एवं जिला आबकारी अधिकारी की मौजूदगी में शराब की दुकानो हेतु लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

**फर्रुखाबाद।** जनपद फर्रूखाबाद में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, जिला आबकारी अधिकारी जी.पी.गुप्ता आबकारी आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी देवेन्द्र सिंह रावत, समस्त आबकारी निरीक्षक फर्रूखाबाद, उपस्थित आवेदकगण एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2026-27 हेतु ई-लाटरी प्रथम चरण की प्रक्रिया में देशी शराब की 14 दुकानों पर 54, कंपोजिट शॉप की 04 दुकानों पर 07 तथा मॉडल शॉप की 01 दुकान पर 01 आवेदन इस प्रकार कुल 62 आवेदन प्राप्त किए गए। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ज्योति चौधरी की उपस्थिति में तकनीकी सहयोग प्रदान कर सर्वप्रथम आवेदकों की उपस्थिति में सिमुलेशन की कार्यवाही की गयी जिसमें आवेदकों से 3 सीड अंक प्राप्त कर सबको समान चयनित होने के बारे में अवगत कराया गया। तत्पश्चात रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी जिसमें आवेदकों से 3 सीड अंक प्राप्त कर अन्तिम रूप से ई-लाटरी की प्रक्रिया शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी गयी।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में फतेहगढ़ में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रूखाबाद।** मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0/प्रभारी मंत्री फर्रूखाबाद श्री जयवीर सिंह जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री जी द्वारा विगत समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। तत्पश्चात सीएम डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों की समीक्षा करते हुए उनके प्रदर्शन में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्थाओं को सभी परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री जी ने समीक्षा बैठक में अपने स्थान पर प्रतिनिधि भेजने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि अगली बैठक में संबंधित अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें, अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर मा0 सांसद, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, मा0 विधायक भोजपुर, मा0 विधायक कायमगंज, जिला अध्यक्ष भाजपा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मधुकरपुर में 'ग्राम चौपाल' का आयोजन, मौके पर सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएँ

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बांसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुकरपुर के पंचायत भवन में शुक्रवार को 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' अभियान के तहत 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया गया। इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर त्वरित निस्तारण करना रहा। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विकास सहानी ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) किरन सरोज और सचिव अभिषेक वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय और नाली निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया और शेष समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए।सहायक विकास अधिकारी किरन सरोज ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र व्यक्तियों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# डायट में एसआरजी, एआरपी और शिक्षकों का दो विषयों पर चल रहा प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बांसी स्थित डायट पर जिले के एसआरजी, एआरपी और शिक्षकों का दो विषयों पर चल रहा प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्राथमिक, कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों के बीच कराए गए सर्वे के आधार पर आईसीटी का कक्षा शिक्षण में उपयोग और विद्यालयी नेतृत्व क्षमता विकास विषय पर प्रशिक्षण हुआ। डायट प्रवक्ता डा. श्रवण कुमार अग्रहरि ने बताया कि डायट द्वारा तैयार किया गया आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल उन्नयन के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं दूसरा प्रशिक्षण परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण से जुड़े आंकड़ों की समझ विकसित कराना और उन्हें विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक सुधार के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए तैयार करना था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डायट प्रवक्ता मोहम्मद यूनुस ने कहा की परख के आंकड़ों के आधार पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों और कमजोरियों को समझा जा सकता है।

संदर्भदाता अनुराग श्रीवास्तव द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की पृष्ठभूमि राष्ट्रीय व उत्तर प्रदेश के डैशबोर्ड का प्रदर्शन, रिपोर्ट संरचना राष्ट्रीय एवं राज्य की तुलना के अंतर्गत रुब्रिक निर्माण पर चर्चा की गई। संदर्भदाता उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि परख के अंतर्गत मिले डाटा का किस प्रकार विद्यालय स्तर तक पहुंचाकर शिक्षण पद्धति में सुधार लाया जा सकता है।

कार्यशाला का समन्वयन डायट प्रवक्ता फुरकान अहमद ने किया। इसमें सतीश कुमार धवन, डा. प्रतिभा सिंह, डा. मंजुला, सत्येंद्र सिंह, विष्णु त्रिपाठी, अंशुमान सिंह, अपूर्व श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, अमित मणि त्रिपाठी, नरेंद्र यादव, बीजी पटेल, संगीता श्रीवास्तव, जेपी गुप्ता, अनिरुद्ध मौर्य, आदर्श मिश्र, कौशल किशोर आदि मौजूद रहे।

# 21 मार्च को निःशुल्क टूल-किट्स वितरण, प्रभारी मंत्री करेंगे शुभारंभ

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा जरूरतमंद लाभार्थियों को निःशुल्क टूल-किट्स का वितरण किया जाएगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 35 लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक एवं पगमिल मशीनें वितरित की जाएंगी। साथ ही ग्रामोद्योग टूल-किट्स वितरण योजना के तहत 09 लाभार्थियों को डोना मेकिंग मशीन भी प्रदान की जाएगी। यह वितरण कार्यक्रम वेंकटाचार्य क्लब, गोण्डा में प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान के करकमलों द्वारा सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# अध्यक्ष उप्र राज्य महिला आयोग ने कन्या पूजन, पोषण पोटली एवं आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा विकास भवन सभागार में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर कन्या पूजन, जन्मोत्सव, अन्नप्राशन, गोदभराई, पोषण पोटली एवं आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजन कर सभी को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि कन्या पूजन की परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। जिस माता के आंचल से कन्या जन्म लेती है, वह स्वयं पूजनीय होती है। आज के कार्यक्रम में माता और कन्या दोनों का सम्मान कर समाज को नारी गरिमा का संदेश दिया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में वर्णित 16 संस्कार मानव जीवन को मर्यादित और अनुशासित बनाते हैं, जिसमें जन्मोत्सव प्रथम संस्कार है। संस्कार और संस्कृति ही प्राचीन भारत की पहचान है। सरकार महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सामूहिक विवाह योजना जैसी योजनाएं बालिकाओं और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। आज प्रदेश सुरक्षित हाथों में है, छात्राएं बेखौफ होकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और महिलाएं अपने कार्यों का बखूबी निर्वहन कर रही हैं। डॉ0 चौहान ने कहा कि पहले गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियों की उपेक्षा की जाती थी।

# 151 कन्या पूजन संग कामाख्या धाम महोत्सव 2.0 का भव्य आगाज

## आस्था व लोकसंस्कृति का दिखा अद्भुत संगम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



अवधनामा संवाददाता

**भेलसर अयोध्या !** नगर पंचायत क्षेत्र में प्रायोजित कामाख्या धाम महोत्सव 2.0 का शुभारंभ शुक्रवार को 151 कन्याओं के पूजन के साथ भव्य रूप से हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव व महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने पूरे विधि-विधान से कन्या पूजन कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ कराया।इस अवसर पर पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छाया रहा।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मां कामाख्या के जयकारों से माहौल गूंज उठा। आयोजन स्थल पर लोकसंस्कृति की झलक भी देखने को मिली, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिससे क्षेत्र में आस्था और संस्कृति का प्रसार होगा।

कामाख्या महोत्सव में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह, गूंजे शहनाई के स्वर कामाख्या महोत्सव के प्रथम दिन समाज कल्याण एवं विकास विभाग की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 120 जोड़ों का विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जहां हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा कराया गया, वहीं एक मुस्लिम जोड़े का काजी ने निकाह पढ़ाकर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की।समारोह में गाजे-बाजे के साथ लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक वैवाहिक गीतों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। घराती और बराती दोनों पक्ष के लोग झूम उठे और पूरे परिसर में खुशियों का वातावरण देखने को मिला।विधायक रामचंद्र यादव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए बेहद सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रुदौली विधानसभा क्षेत्र में 350 कन्याओं का विवाह इस योजना के अंतर्गत कराया गया है।

विवाह के उपरांत सभी नवदंपत्तियों को उपहार प्रदान किए गए तथा उनके बैंक खातों में 60 हजार रुपये की धनराशि भी हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी,जिला कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह ,बीजेपी नेता खुन्नू पांडेय,बीडीओ अमित त्रिपाठी ,बीडीओ भावना यादव,पूव ब्लाक प्रमुख कमलेश यादव,आलोक यादव,एडीओ पंचायत भगवानदीन,एडीओ समाज कल्याण रजनीश मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों ने बारातियों की आवभगत कर जलपान व भोजन की व्यवस्था कराई। इस दौरान जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जमीन, आदेश और नमाज अयोध्या में बढ़ता विवाद

**अयोध्या (अवधनामा संवाददाता)** रौनाही थाना क्षेत्र के बभनियावाँ गांव में निजी जमीन गाटा संख्या 94 मि0 को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। प्रार्थी आत्म प्रकाश सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी पुश्तैनी भूमि गाटा संख्या 94मि0 (रकबा 0.405 हेक्टेयर) पर जबरन नमाज अदा कराने की कोशिश की जा रही है। जबकि उक्त भूमि पर पहले मौजूद ईदगाह सड़क चौड़ीकरण के दौरान हटाई जा चुकी है।प्रार्थी के अनुसार मामला पहले से न्यायालय में पारिवारिक विवाद को लेकर विचाराधीन है और स्थगन आदेश भी लागू है। इसके बावजूद हाईकोर्ट के हालिया आदेश की आड़ में स्थानीय पुलिस पर दबाव बनाकर नई परंपरा शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस पूरे प्रकरण ने प्रशासनिक कार्यशैली और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# विश्व ओरल हेल्थ डे पर जागरूकताः मुख रोग से बचाव के बताए जरूरी टिप्स



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** 20 मार्च को विश्व ओरल हेल्थ डे के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला चिकित्सालय (पुरुष) अयोध्या में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार शुक्ला ने ओपीडी में आए मरीजों एवं तीमारदारों को मुख रोगों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गुटखा, पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पाद मुख रोगों के सबसे बड़े कारण हैं। इनके सेवन से न केवल दांत और मसूड़े प्रभावित होते हैं, बल्कि गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम के दौरान ÷हेल्दी माउथ, हैप्पी लाइफ थीम के तहत हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।डॉ. शुक्ला ने ओपीडी कक्ष संख्या सात में आए लगभग 50 मरीजों को दंत रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए नियमित रूप से दांत साफ करने, संतुलित आहार लेने और तंबाकू से दूर रहने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि समय-समय पर दंत परीक्षण कराना भी जरूरी है, ताकि किसी भी बीमारी का समय रहते पता लगाकर उसका उपचार किया जा सके।

## कामाख्या धाम नवरात्र मेलाः सुरक्षा व्यवस्थाओं का एसपी ग्रामीण ने लिया जायजा

**रूदौली अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** चैत्र नवरात्रि मेले के मद्देनजर मां कामाख्या धाम पहुंचे एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने शुक्रवार को घाट व मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती का गहन जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाने और यातायात को सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

## तीन शत्रु संपत्तियों की 26 मार्च को ई-नीलामी

**रूदौली अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील क्षेत्र में स्थित तीन शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी आगामी 26 मार्च को एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से कराई जाएगी। प्रशासन के अनुसार नीलामी सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक ऑनलाइन आयोजित होगी। नीलामी में ग्राम कूड़ा सादात की गाटा संख्या 628 तथा ग्राम नेवरा की गाटा संख्या 635 ख व 636 क शामिल हैं। इन संपत्तियों को सरकार द्वारा शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। जागरूकता के लिए गांवों में मुनादी कराई गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी संतोष कुमार, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वाजिदपुर में रोजा इफ्तार पार्टी, भाईचारे का संदेश

**रूदौली अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत वाजिदपुर में रमजान के अवसर पर भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान मोहम्मद उस्मान अंसारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इफ्तार में सभी धर्मों के लोग एक साथ बैठे और रोजा खोला, जिससे सामाजिक समरसता की मिसाल देखने को मिली। सपा नेता चौधरी शहरयार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में देश की शांति और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

## कूड़े की आग से जले वाहन, मची अफरा-तफरी

**रूदौली अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)**कोतवाली परिसर के बाहर कूड़ा जलाने से लगी आग ने सड़क किनारे खड़े एक पिकअप और मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय अंदर ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक चल रही थी। धुआं उठता देख पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और तत्परता से अन्य वाहनों को हटवाया। दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।समय रहते कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन घटना ने कूड़ा जलाने की लापरवाही को उजागर कर दिया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस की तिथि बदली

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ईद-उल-फितर के सार्वजनिक अवकाश के चलते 21 मार्च को प्रस्तावित सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस दिन विभिन्न तहसीलों में वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

## अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वृद्ध आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित तथा समाज कल्याण विभाग, जनपद अयोध्या के निर्देशन में अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा सेवा समिति, अयोध्या के तत्वावधान में किया गया।इस दौरान आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके कौशल विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। संस्था के प्रतिनिधि मोहम्मद असलम ने अपने संबोधन में कहा कि अटल वयो अभ्युदय योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाते हुए उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से निराश्रित एवं जरूरतमंद बुजुर्गों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई। उन्हें स्मार्टफोन के उपयोग, साइबर सुरक्षा, ओटीपी फ्रॉड से बचाव, बैंकिंग प्रक्रिया तथा पेंशन धनराशि निकालने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

# नाना-नानी के महत्व पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर मसौधा विकासखंड स्थित कंपोजिट विद्यालय सरियावां में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा सेवा समिति अयोध्या के तत्वावधान में संपन्न हुआ।इस दौरान पारिवारिक जीवन में दादा-दादी, नाना-नानी का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को परिवार में बुजुर्गों की भूमिका और उनके अनुभवों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका माला देवी, सहायक अध्यापक दिनकर कुमार व प्रमोद कुमार सहित संस्था के अध्यक्ष एस.एन. पांडेय मौजूद रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को दीवार घड़ी प्रदान की गई, जबकि द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।

# जिला पर्यटन परिषद की बैठक, हेरिटेज वॉक और धार्मिक स्थलों के विकास पर जोर



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास और संवर्धन की विस्तृत समीक्षा की गई।सीडीओ ने हेरिटेज वॉक को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने, पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत लुप्तप्राय कला के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में गुरु रविदास मंदिर, पाल बघेल मंदिर, पंचायती राम जानकी मंदिर, श्री राम जानकी रजक वंश धोबी पंचायती मंदिर, पासी मंदिर कानीगंज, सत्यनामी आश्रम, साई दाता आश्रम, श्री युगल सरकार कुंज पंचायती मंदिर, बाबा गंगारामन ब्रह्मदेव, हनुमान कोटहीन, भवानी भरदहन भवानी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे मल्टीपरपज हॉल, सुलभ शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और क्यूआर/बारकोड युक्त साइनेज लगाने के निर्देश दिए गए। डीडी पर्यटन को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की हेरिटेज साइट की सूची तैयार की जाए, ताकि उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र भिटौरिया, उपनिदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह सहित कार्यदायी संस्था भी उपस्थित रही।

## अवधी शैली सुंदरकांड पाठ का भव्य शुभारंभ

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी के उपलक्ष्य में अयोध्या में ÷श्री राम पर्व÷ के अंतर्गत नौ दिवसीय अवधी शैली सुंदरकांड पाठ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन वशिष्ठ फाउंडेशन, श्री अयोध्या फाउंडेशन एवं पंडित ज्वाला प्रसाद संगीत शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।आयोजकों के अनुसार, यह पाठ अयोध्या के प्रसिद्ध श्री कनक भवन की पारंपरिक अवधी शैली पर आधारित है, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम अनुभव हो रहा है।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर 14 कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित मंत्रेश्वर महादेव, गिरिजा कुंड, जनौरा में कार्यक्रम भक्ति भाव एवं सुमधुर संगीत के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान महंत गिरीश पति त्रिपाठी, ई. रवि तिवारी, श्रीनिवास शास्त्री, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खराब मौसम में भी उमड़ा जनसैलाब, 665 मरीजों ने कराया नेत्र परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** खराब मौसम के बावजूद विकास खंड तारुन के किसान इंटर कॉलेज बनकटा में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर के आयोजक जिला पंचायत सदस्य हरिश्चन्द्र निषाद ने बताया कि कुल 665 मरीजों ने नेत्र परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा और चश्मा प्राप्त किया।

शिविर के दौरान करीब चार दर्जन मोतियाबिंद मरीजों को चिन्हित कर अयोध्या आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए भेजा जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसपी जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी ने फीता काटकर किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर आंखों की जांच कराते रहें।

इस अवसर पर रवींद्र कुमार भारती, करमवीर, राहुल चौधरी, राम प्रकाश पाल, राजीव कुमार, पवन जलवंशी, विन्दू निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भव्य भगवती जागरण जागरण का आयोजन आज

जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के तत्वावधान में 32 वर्षों से अनवरत होता आ रहा है जागरण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब एवं भगवती जागरण युवा मंच, महराजगंज के संयुक्त तत्वावधान में 32वें वर्ष का भव्य 'जागरण की एक रात' कार्यक्रम 21 मार्च 2026, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन रात्रि 8 बजे से दुर्गा मंदिर प्रांगण, कालेज रोड, महराजगंज में शुरू होगा।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आमंत्रित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के अनुसार इस वर्ष भी जागरण को भव्य और आकर्षक रूप देने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम में अंशु गोस्वामी 'पागल बाबा' (लखनऊ), ज्योति गोस्वामी (लखनऊ), गौरव पांडेय (महराजगंज), राहुल काल भैरव झांकी ग्रुप (लखनऊ) तथा अरमान म्यूजिकल ग्रुप (गोरखपुर) अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक आस्था, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जनलिस्टस प्रेस क्लब एवं भगवती जागरण युवा मंच, महराजगंज ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सीएमओ के औचक निरीक्षण में 4 डॉक्टर समेत 10 स्वास्थ्यकर्मी मिले गैरहाजिर

## मंसूरगंज सीएचसी व पनियरा पीएचसी में जांच, वेतन रोका व स्पष्टीकरण तलब



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवनाथ प्रसाद एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह ने शुक्रवार को मंसूरगंज सीएचसी और पनियरा पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार चिकित्सकों सहित कुल 10 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर सीएमओ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सभी का एक दिन का वेतन बाधित कर स्पष्टीकरण तलब किया। पनियरा पीएचसी में निरीक्षण के दौरान ओपीडी में 180 मरीजों का उपचार एवं 54 की एनसीडी स्क्रीनिंग पाई गई। यहां आरबीएसके टीम के चार चिकित्सक–डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अनुराग ठाकुर, डॉ. राकेश कुमार व डॉ. पूनम यादव–गैरहाजिर मिले। साथ ही अन्य कर्मी भी अनुपस्थित पाए गए।

वहीं मंसूरगंज सीएचसी में साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। यहां एक्स-रे टेक्नीशियन व फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने के सख्त निर्देश दिए और चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गेट परीक्षा पास कर क्षेत्र का बढ़ाया मान



अवधनामा संवाददाता

**नौतनवा (महराजगंज)।** रेडिएंश एकेडमी के पूर्व छात्र इस समय बीएचयू में अध्ययन कर रहे उज्ज्वल पांडेय ने गेट परीक्षा में लहराया परचम, हासिल की अखिल भारतीय 113वीं रैंक। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र उज्ज्वल पांडेय ने देश की प्रतिष्ठित और सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक %गेट 2026% में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उज्ज्वल ने समाजशास्त्र विषय में अखिल भारतीय स्तर पर 113वीं रैंक हासिल कर विश्वविद्यालय और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। कठिन परिश्रम से मिली सफलता उज्ज्वल ने इस परीक्षा में 52.67 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि इस वर्ष कट-ऑफ 40 अंक रहा। गौरतलब है कि गेट परीक्षा को देश की सातवीं सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है। इस परीक्षा के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में परास्नातक और पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश मिलता है। परीक्षा का स्वरूप समाजशास्त्र के इस टेस्ट पेपर में कुल 100 अंकों के 65 प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें मुख्य रूप से जनरल एप्टीट्यूड और समाजशास्त्र विषय पर आधारित प्रश्न शामिल थे। उज्ज्वल ने अपनी सफलता का श्रेय बीएचयू के शैक्षणिक वातावरण, अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर स्वाध्याय को दिया है। भविष्य की राह वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से ही पीजी कर रहे उज्ज्वल का लक्ष्य अब देश के शीर्ष आईआईटी संस्थानों से उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ना है।

## ज्ञान भारतम् मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों, दुर्लभ अभिलेखों एवं ग्रंथों के संरक्षण के उद्देश्य से ÷ज्ञान भारतम् मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ज्ञान भारतम् मिशन भारत सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत का संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण करना है, ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आमजन के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राचीन ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमि रहा है, इसलिए इस अभियान में प्रदेश की विशेष भूमिका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग अभियान चलाकर मठ, मंदिर, शैक्षणिक संस्थानों, निजी संगठनों और पुस्तकालयों सहित ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थाओं से संपर्क करें, जिनके पास 75 वर्ष से अधिक पुरानी पाण्डुलिपियां और दुर्लभ ग्रंथ सुरक्षित हैं, तथा उनकी सूची तैयार करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण का उद्देश्य केवल पाण्डुलिपियों का सूचीकरण, डिजिटलीकरण और संरक्षण है। संबंधित पाण्डुलिपियों का स्वामित्व मूल व्यक्ति या संस्था के पास ही सुरक्षित रहेगा। जिला स्तर पर तैयार सूची को उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार को भेजा जाएगा, जिसके माध्यम से आगे सूचीकरण, कैटालॉगिंग, संरक्षण और डिजिटलीकरण की कार्रवाई की जाएगी। यह सर्वेक्षण कार्य तीन माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य में ज्ञान भारतम् ऐप के माध्यम से भी सहभागिता की जा सकती है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री महेंद्र कुमार सिंह, डीडीओ श्री बी.एन. कन्नौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार शर्मा, जिला सूचना अधिकारी श्री प्रभाकर मणि त्रिपाठी, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महराजगंज श्री आलोक कुमार, प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज श्री अजय कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने किया 2 दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान - 2026 के निमित्त जिले के मंडल नौगढ़ देहात में भाजपा ने 19 और 20 मार्च को 2 दिवसीय 'प्रशिक्षण वर्ग' का आयोजन किया।



प्रशिक्षण वर्ग का संचालन भाजपा नेता/वर्ग प्रभारी सच्चिदानंद चतुर्वेदी ने किया। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने वर्ग का उद्घाटन किया। उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए विधायक श्यामधनी राही ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया व सरकार की उपलब्धियों पर कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित किया। उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता के अध्यक्षता में पहले सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष तेजू विश्वकर्मा ने इतिहास विकास पर चर्चा करते हुए कहा शून्य से शिखर तक की यात्रा केवल सत्ता की नहीं बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण और अंत्योदय के संकल्प की यात्रा है हमारे पुरखों का त्याग कार्यकर्ताओं का तब और पंडित दीनदयाल जी की एक आदमी मानववाद के दर्शन नहीं आज हमें विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया है।

मुख्य वक्ता के रूप में जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय ने सोशल मीडिया,सरल ऐप, नमो ऐप और ए आई जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यकताओं के साथ संवाद किया व अपने विचारों को रखा निशांत पांडेय ने कार्यकर्ताओं को ढ्ढ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसका का सही दिशा ने सही कार्य के उपयोग करने को कहा। ब्लॉक प्रमुख प्रति0 राजेश मिश्रा के अध्यक्षता में तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यकर्त्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया। कन्हैया पासवान ने कहा बूथ प्रबंधन भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं को मतदाताओं से सीधे जुड़ने की एवं उनकी समस्या के समाधान के लिए एक मजबूत कड़ी है।बूथ प्रबंधन के प्रमुख कार्य है बूथ स्तर पर कार्यकर्ता तैयार करना,मतदाता सूची का निर्माण करना, पार्टी नीतियों को जन जन तक पहुंचाना जिससे हमारी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जा सके। चतुर्थ सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गोविंद माधव ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि पर अपने विचारों को साझा करते हुए कार्यकताओं को अपने कार्य को विस्तार करने के लिए दृढ़ संकल्प से कार्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्य ने अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों एंव प्रशिक्षण वर्ग पर चर्चा करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग एक महत्वपूर्ण पहल है इसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना और पार्टी की नीति और कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करना है।

दूसरे दिन की शुरुआत पंचम सत्र से हुई जिसमें मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी ने कार्य पद्धति जैसे अहम विषय पर अपना विचार रखा उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति में कई महत्वपूर्ण पहलू है जिस पर हम सब कार्य करते है सामाजिक कार्यक्रम बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण करना चुनाव के दौरान चुनाव प्रबंधन के माध्यम से कार्यों का संचालन करना एवं संगठनात्मक संरचना ही हमारे मूल्य पद्धति है। छठवें सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचारों को रखते हुए कहा पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान भारतीय राष्ट्रवाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व पर आधारित है।

जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्य की अध्यक्षता में सातवें और समापन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप मे सांसद जगदंबिका पाल ने 'अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विधायक सदर श्यामधनी राही, अभियान के जिला संयोजक फूलचंद जायसवाल, भाजपा नेता सत्य प्रकाश राही, मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रति0 नौगढ़ राजेश गुप्ता, मंडल महामंत्री वीरेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो मिथलेश अग्रहरि आदि उपस्थित रहें।

# शहीद भगत सिंह चौराहा के सौंदर्यीकरण का हुआ भूमिपूजन, शोहरतगढ़ में विकास को नई गति

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर स्थित चिल्हिया चौराहा को शहीद भगत सिंह चौराहा के रूप में विकसित करने के लिए भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा रहे, जिन्होंने विधायक विकास निधि से करीब 20 लाख 22 हजार रुपये की लागत से बनने वाले इस परियोजना का शुभारंभ किया।

विधायक विनय वर्मा ने इस मौके पर कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों को महान विभूतियों के नाम पर विकसित किया जाएगा। इसके तहत चिल्हिया चौराहा पर शहीद भगत सिंह, गनेशपुर चौराहा पर डॉ. भीमराव अंबेडकर, ढेबरुआ तिराहे पर सोनी लाल तथा बढ़नी चौराहा पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र को सुंदर, सुसज्जित और विकसित




बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत भव्य और गरिमामय ढंग से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। विधायक ने जनता के उत्साह और जनसमर्थन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि लोगों की सहभागिता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस दौरान क्रेन के माध्यम से पुष्प वर्षा कर विधायक विनय वर्मा, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह का भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान मौसम भी अनुकूल रहा ।

कार्यक्रम में कार्यदायी संस्था सिडको के अधिशासी अभियंता ने अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, बीडीओ चंद्रभूषण तिवारी, सीओ मयंक द्विवेदी, चिल्हिया थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, शोहरतगढ़ थाना प्रभारी नवीन कुमार , तहसीलदार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ईद व अलविदा जुमे को लेकर अलर्ट प्रशासन, डीएम-एसपी ने चिल्हिया में सुरक्षा व्यवस्था परखी



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ईद-उल-फितर और रमजान माह के आखिरी अलविदा जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने थाना चिल्हिया क्षेत्र के कस्बा चिल्हिया स्थित मस्जिद का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नमाज के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और कानून-व्यवस्था पूरी तरह से सुदृढ़ बनी रहे। उन्होंने साफ कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

महिला सुरक्षा पर भी जोर, मिशन शक्ति केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण इसके बाद डीएम और एसपी ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना चिल्हिया में स्थापित महिला शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीएम ने ड्यूटी पर मौजूद महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत कर निर्देश दिए कि थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति लगातार जागरूक किया जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया समेत मिशन शक्ति केंद्र के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सतर्कता, एसएसबी-एपीएफ ने किया संयुक्त गश्त



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सीमा चौकी खुनुवा द्वारा नेपाल की एपीएफ (आर्म्ड पुलिस फोर्स) के साथ संयुक्त गश्त की गई।

इस संयुक्त गश्त के दौरान दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ आपसी समन्वय को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की संयुक्त कार्रवाई से सीमा पर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिलती है और दोनों देशों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होता है। संयुक्त गश्त के दौरान जवानों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में गहन निरीक्षण किया और लोगों से सतर्क रहने की अपील भी की।

# वाहन स्क्रैपिंग नीति की खुलेआम अनदेखी

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** केंद्र सरकार की वाहन स्क्रैपिंग नीति और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के बावजूद जनपद अंबेडकर नगर में पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को वैज्ञानिक तरीके से स्क्रैप करने की व्यवस्था पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। जिले में अब तक एक भी पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) स्थापित नहीं हुआ है, जबकि परिवहन मंत्रालय की वेबसाइट पर लखनऊ, गाजियाबाद, सहारनपुर, आगरा, फिरोजाबाद जैसे कई जिलों के नाम दर्ज हैं। प्रदेश में दिसंबर 2025 तक 94 हजार से अधिक वाहन वैध रूप से स्क्रैप हो चुके हैं, लेकिन यहां यह प्रक्रिया अनधिकृत और अवैध तरीके से चल रही है।

स्थानीय कबाड़ी सड़क किनारे या मार्ग पर ही वाहन मालिकों से पौने दामों में पुरानी गाड़ियां खरीद लेते हैं और उन्हें बिना किसी पर्यावरण मानक के

**कोई आधिकारिक केंद्र नहीं, फिर भी कबाड़ी सड़क पर पौने दामों में खरीदकर काट रहे पुराने वाहन**

काटकर पार्ट्स बेच देते हैं। इससे जहरीला कचरा (बैटरी, इंजन ऑयल, एयरबैग आदि) खुले में फेंका जा रहा है, जिससे मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। वाहन मालिकों को वैध स्क्रैप सर्टिफिकेट नहीं मिलता, आरसी कैंसिलेशन नहीं होती और कानूनी प्रक्रिया अधर में लटक जाती है।हाल ही में महरुआ थाना क्षेत्र में एक बड़ा मामला सामने आया। पुलिस ने चोरी के ट्रक (P45AT1813) के पार्ट्स काटते हुए कबाड़ी विशाल जायसवाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ट्रक के मालिक पूरनमल वर्मा थे, जिसे चोरों ने चुराकर कबाड़ी के हवाले कर दिया। इसी तरह टांडा क्षेत्र में भी सड़क किनारे खड़े ट्रक के पार्ट्स काटने की शिकायत मिली। जलालपुर रोड पर पट्टी बाजार से महज 200 मीटर दूर मालीपुर रोड पर बिना लाइसेंस का अवैध कटाई केंद्र चल रहा था, जहां दो वाहन कटान के लिए खड़े मिले और संचालक के पास कोई वैध कागजात नहीं थे। अकबरपुर, बसखरी, रामनगर जैसे इलाकों में दर्जनों कबाड़ी सक्रिय हैं, जो पुराने वाहन खरीदने का विज्ञापन कर रहे हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि आधिकारिक केंद्र न होने से उन्हें लखनऊ या फैजाबाद जाना पड़ता है, जहां समय और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। इसलिए वे स्थानीय कबाड़ियों से समझौता कर लेते हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यह सरकारी नीति के साथ खिलवाड़ है और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को कमजोर कर रहा है। जिम्मेदार विभागों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरटीओ को 2021 के नियमों के तहत आरवीएसएफ केंद्र स्थापित करने की जिम्मेदारी है। वर्ष 2023 में आरटीओ ने वाहन विक्रेताओं के साथ बैठक कर केंद्र खोलने की कवायद शुरू की थी, लेकिन कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

# ईद के दौरान ईदगाहों व मस्जिदों की साफ़ सफ़ाई के दिये निर्देश



**दस बजे ईद उल फितर की मस्जिद रोज़ा हज़रत क़ासिम में होगी नमाज़**

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** ईदुल फितर का त्योहार 21 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर सरकारी अमला पूरी तरह मुस्तैद है। नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास साफ़ सफाई रखने का जहां निर्देश दिए हैं, वहीं पालिका परिक्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को बहाल रखने को कहा है। ईदुल फितर त्योहार को सकुशल संपन्न के लिए पुलिस प्रशासन काफ़ी सतर्क है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह व उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने नगर व क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारा के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील की है। इसी कड़ी में तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन समेत अन्य विभागों की एक बैठक कोतवाली परिसर में नवरात्रि व ईद की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने की दिशा में निर्णय लिया गया। कोतवाली अजय प्रताप ने संभ्रांत लोगों से दोनों पर्वों को गंगा जमुनी संस्कृति को क़ायम रखने की अपील की है। ईदुल फितर त्योहार को लेकर नगर व क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा करने का समय भी इमामों द्वारा निर्धारित कर दिया गया है। वाजिदपुर स्थित पुरानी ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज़ का समय प्रातः 8:30 बजे निर्धारित किया गया है। मगुराडिला स्थित नई ईदगाह पर सुबह 8 बजे ईद की नमाज़ अदा की जायेगी।

# 21 मार्च को लगेगा रोजगार मेला, 25 से अधिक कंपनियां देंगी नौकरी के अवसर

**गोण्डा।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 21 मार्च 2026 को एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शहर के प्रतिष्ठित जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में आयोजित होगा, जिसमें 25 से अधिक निजी एवं प्रतिष्ठित नियोजक भाग लेकर युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने बताया कि मेले में अभ्यर्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी पोर्टल पर उपलब्ध रोजगार मेले की सूचना देखकर आवेदन कर सकेंगे। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, डिप्लोमा, आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के विभिन्न ट्रेडों से उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण आज के समय की आवश्यकता : प्राचार्य




दानिश मेहदी

**अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा टांडा, अम्बेडकर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय दिन-रात्रि विशेष शिविर के पंचम दिवस, शुक्रवार 20 मार्च 2026 को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने चयनित ग्राम भसड़ा एवं पहाड़पुर में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ ', 'स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को हरित वातावरण के महत्व से अवगत कराया। ग्रामीणों को वृक्षों के संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्रदूषण से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) एवं

**पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन**

श्री अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकाध्यक्ष एवं प्राध्यापकगण–डॉ0 सुशील कुमार, डॉ0 अश्वनी कुमार, सुनील कुमार वर्मा, प्रमोद वर्मा, अरुण कुमार, परवेज अहमद, डॉ0 रामपाल यादव, डॉ0 रामकुमार, श्रीमती ममता, श्रीमती संगीता, सुश्री अंशिका रानी, सुश्री लक्ष्मी भारती, ब्रह्मदेव निषाद, श्रीमती रूपा आदि की सक्रिय सहभागिता के साथ मार्गदर्शन भी रहा। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और युवाओं को इसमें अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में एनएसएस के शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से तबाही, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के बगहवा, खुनुवा, गुजरौलिया, करहिया, अटकोनिया, रमवापुर तिवारी और चेतरा गांवों में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवा के साथ हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल तेज हवाओं के चलते जमीन पर गिर गई, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वहीं सरसों की फसल को भी ओलावृष्टि से जबरदस्त क्षति पहुंची है। किसानों का कहना है कि कटाई से ठीक पहले आई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, तेज आंधी और ओलों की मार इतनी जबरदस्त थी कि कई जगह फसल पूरी तरह बिछ गई। इससे उत्पादन पर बड़ा असर पड़ने की संभावना है।

# कलश यात्रा के साथ हुआ अमृतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ



**सिद्धार्थनगर।** शहर स्थित नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अवेद्यनाथ सभागार में आयोजित अमृतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। कलश यात्रा के साथ कथा भी प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा की शुरुआत कथा स्थल से होकर हनुमानगढ़ी, सिद्धार्थ तिराहा होते हुए श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और वातावरण जय श्रीराम, बजरंगबली की जय तथा हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बालिकाएं कलश धारण कर शामिल हुईं। भक्ति गीतों की मधुर धुन पर वे पूरे उत्साह के साथ झूमती और नृत्य करती नजर आईं। पुरुषों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे यह आयोजन जनसहभागिता का अद्भुत उदाहरण बन गया।

# चैत्र नवरात्रि एवं ईद को देखते हुये एसपी गोण्डा द्वारा पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**गोण्डा।** चैत्र नवरात्रि एवं ईद के पावन पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा शहर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) की गई। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया तथा लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रमुख मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बैरिकेडिंग एवं पार्किंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा/रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 1.1.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय विधायक कटरा बाजार श्री बावन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने भी प्रतिभाग करते हुए पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान रोल प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन नामावली को अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदान केंद्र (बूथ) पर सुनिश्चित किए जाएं, जिससे



मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बूथ पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के मोबाइल नंबरों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लिया जाए, ताकि मतदाताओं को आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रह जाए तथा अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाए। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निर्वाचन नामावली के सफल पुनरीक्षण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# भारत नेपाल सीमा के बढ़नी क्षेत्र में पुरानी पुलिस चौकी के पास से तस्करी जोरों पर

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नी भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रुकने का नाम नही ले रही है। जिम्मेदारों के सुस्त रवैए से भारत नेपाल सीमा के बढ़नी क्षेत्र में पगडंडियों के रास्ते तस्करी जोरों पर चल रही है। तस्कर खुली सीमा का लाभ उठा कर कोई भी सामान इस पार से उस करने में जरा सा भी नहीं हिचकिचाते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत बढ़नी क्षेत्र के पुरानी पुलिस चौकी,चमनगंज, आजाद नगर, कल्लन डिहवा, घरुआर, मड़नी, मलगहिया, सेमर हवा, आदि के रास्ते तस्कर कपड़ा, कास्मेटिक सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोटर पार्ट्स, खाद, बीज, किराना आइटम, दवा, मोबाइल, व अन्य खाद्य पदार्थों के साथ ही नशीले पदार्थों की तस्करी कर मालामाल हो रहे हैं। इस समय बढ़नी क्षेत्र में स्मैक का काला कारोबार तेजी से फैल रहा है। जिसका कारोबार भारत से लेकर नेपाल तक फैला हुआ है।

# मिशन शक्ति में बेटियों की धमक: एक दिन की 'प्रिंसिपल' बनीं मुस्कान और सरोजिनी



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सरकारी अभियानों को ज़मीनी असर देने की एक दिलचस्प मिसाल शोहरतगढ़ के कंपोजिट विद्यालय चेतरा शेख में देखने को मिली। मिशन शक्ति के तहत यहां दो छात्राओं–कक्षा 8 की मुस्कान और कक्षा 4 की सरोजिनी–को एक दिन के लिए स्कूल की कमान सौंपी गई। खास बात यह रही कि दोनों ने न सिर्फ कुर्सी संभाली, बल्कि जिम्मेदारियों को समझते हुए उसे निभाया भी।

'वन डे प्रिंसिपल' बनीं छात्राओं ने स्कूल पहुंचते ही सबसे पहले शिक्षकों की उपस्थिति देखी। इसके बाद मिड-डे मील की व्यवस्था, कक्षाओं का संचालन और चल रही परीक्षा की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जरूरी निर्देश भी दिए, जिससे बाकी बच्चों में भी उत्सुकता और उत्साह देखने को मिला। मुस्कान ने कहा कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं, ताकि जरूरतमंदों का इलाज कर सकें। वहीं सरोजिनी का सपना है कि वह शिक्षिका बनकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दें और उन्हें अच्छा नागरिक बनाएं। स्कूल के प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह के मुताबिक, इस तरह की पहल से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और नेतृत्व की भावना विकसित होती है। उनका कहना है कि ऐसे प्रयोग बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक जिम्मेदारियों को समझने का मौका देते हैं।

## युद्ध कैसे समाप्त होगा?

अब यह सवाल इतना मौजू नहीं है कि ईरान युद्ध कितना लंबा चलेगा? कब समाप्त होगा? अब यह बुनियादी सवाल और गहरी चिंता है कि युद्ध कैसे समाप्त होगा? युद्ध के 20 दिन गुजर चुके हैं। अमरीका-इजरायल के हवाई हमलों ने ईरान को 'कब्रिस्तान-सा' बना दिया है। ईरान ने भी इजरायल की राजधानी तेल अवीव को 'खंडहर' में तब्दील कर दिया है। धार्मिक शहर येरुशलम भी छलनी हुआ है। इजरायल की 12,000 से अधिक इमारतें या तो क्षतिग्रस्त हुई हैं अथवा जमींदोज होकर 'मिट्टी-मलबा' हो चुकी हैं। अब लगता है कि ईरान या तो खुद मिट्टी हो जाएगा अथवा इजरायल का अस्तित्व भी मिटा कर रहेगा! दोनों देशों में 'चरम' की स्थिति है। कोई भी रात 'कयामत की रात' साबित हो सकती है। ईरान ने खाड़ी देशों की सम्पन्नता के प्रतीक तेल ठिकानों, क्षेत्रों और रिफाइनरियों को जला कर खाक कर दिया है। उन देशों ने उत्पादन न तो बंद कर दिए हैं अथवा बहुत कम करने पड़े हैं। हवाई अड्डे तबाह, बर्बाद कर दिए गए हैं। पर्यटन को लेकर 60 करोड़ डॉलर प्रतिदिन का नुकसान झेलना पड़ रहा है। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था 12-15 फीसदी गिर चुकी है। डॉलर बुरी तरह पिट रहा है, नतीजतन अमरीकी अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है। अमरीका को अभी तक करीब 17 अरब डॉलर युद्ध पर खर्च करने पड़े हैं, लिहाजा वहां भी असंतोष और आक्रोश है। ईरान लगभग तबाह, ध्वस्त हो चुका है। उसके 56 शीर्ष नेताओं की हत्या की जा चुकी है। उनमें 'सुप्रीम लीडर' खामेनेई और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख लारिजानी भी शामिल हैं। अब इजरायल ने नए 'सुप्रीम लीडर' मुज्तबा खामेनेई का भी 'डेथ वारंट' जारी कर दिया है। ईरान के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, विदेश मंत्री और संसद के स्पीकर आदि को भी 'टारगेट' तय कर लिया गया है। ईरान की ऐतिहासिक इमारतें, रिहायशी घर और 200 से अधिक अस्पताल 'मिट्टी-मलबा' हो चुके हैं। करीब 1500 लोग मारे जा चुके हैं और 12,000 से अधिक घायल हैं। करीब 32 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। यह संयुक्त राष्ट्र रिफ्यूजी एजेंसी की रपट है।

विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि यदि युद्ध जून तक जारी रहा, तो करीब 4.5 करोड़ लोग भुखमरी का सामना करेंगे। तेल-संकट के कारण ऐसा होगा। इनके बावजूद ईरान में पुरानी हुकूमत कायम है, उसके परमाणु कार्यक्रम पहाड़ों के भीतर 400 मीटर की गहराई में बदस्तूर जारी हैं, समुद्र के नीचे ईरान का 'मिसाइल शहर' अब भी जिंदा है और वहां से मिसाइल हमले कर दुश्मन को क्षत-विक्षत किया जा रहा है। ईरान का दावा है कि उसने 200 से अधिक अमरीकी सैनिकों को मारा है, करीब 3000 घायल हैं, करीब 150 मिसाइल लॉन्चर ध्वस्त किए हैं और डिफेंस, रडार सिस्टम विनष्ट किए हैं। अमरीकी सैन्य अहंकार के प्रतीक 'जेराल्ड फोर्ड' और 'लिंकन' जैसे विमानवाहक युद्धपोतों को अमरीका लौटना पड़ा है। राष्ट्रपति ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन का कहना है कि ट्रंप ईरान युद्ध में बुरी तरह फंस गए हैं। युद्ध उनके लिए 'गले की फांस' बन चुका है। युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता दिख नहीं रहा है। विडंबना है कि ट्रंप इजरायल की लड़ाई लड़ने को बाध्य हैं। ट्रंप के प्रशासनिक ढांचे में ही अंतर्विरोध उभरने लगे हैं। 'राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी विभाग' के निदेशक जो कंट ने यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है कि ईरान से अमरीका को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था, लिहाजा यह युद्ध समझ के परे है।

## गौरैया को बचाओ

ओम प्रकाश 'सुमन'

लघु आकार की सामाजिक पक्षी गौरैया की घट रही संख्या से पक्षी प्रेमी बहुत ही चिंतित है तथा पर्यावरण का प्रभाव भी दर्शित होता है।आबादी के निकट रहने वाली गौरैया जो पहले घर में खेत खलिहान बाजार में झुंडो सहित फुदकती हुई तथा चीं -चीं की आवाज करती हुई दिखाई देती थी। पर आज गौरैया हमारे बीच से गायब हो गई है। ब्रिटेन की संस्था 'रॉयल सोसायटी आफ प्रोटक्शन आफ बर्ड्स' के द्वारा गौरैया को रेड लिस्ट संकटग्रस्त सूची में डाल दिया है। गौरैया के संरक्षण की अधिक आवश्यकता महसूस करते हुए संस्था नेचर फॉरएवर सोसायटी 20 मार्च 2010 से गौरैया बचाओ अर्थात इसके संरक्षण की शुरुआत की तथा लोगों को जागरूक करने तथा उसे बचाने के लिए प्रयास कर रही है।हमें गौरैया को बचाने के लिए क्या करना है आदि की जानकारी से पूर्व गौरैया के बारे में चर्चा करते हैं। गौरैया का वैज्ञानिक नाम पासर डोमेस्टिक है गौरैया एक छोटा पक्षी है जिसका जीवन काल 3-5 वर्ष तक होता है इसकी लंबाई 14 सेंटीमीटर से 18 सेंटीमीटर आंकी गई है। इसका वजन 30 - 40 ग्राम होता है। रंग हल्का भूरा और इसके पैर हल्के

पीले होते हैं तथा पंख छोटे-छोटे होते हैं। गौरैया प्रायः झुन्ड में रहती है इसीलिए उसे सामाजिक पक्षी कहा गया है। भोजन में यह सर्वहारी पक्षी है इसका प्रमुख भोजन कीट ,पतंगे बीज, दाने, फल, सब्जी आदि हैं। गौरैया को घास के बीज बहुत पसंद हैं जो ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध हो जाते हैं गौरैया को वहां रहना पसंद है ।वह पानी में नहाती है कभी कभी रेत या धूल में भी नहाती? हैं। प्राचीन काल में लोगों का कहना था कि जब गौरैया को रेत में नहाते देखते थे तब बारिश होने की संभावना होती थी। गौरैया पानी में तैर भी सकती है गौरैया चल नहीं पाती है इसीलिए फुदक-फुदक कर ही आगे बढ़ती है। गौरैया अपना घोंसला बबूल ,कनेर, नींबू अमरूद, चांदनी व अनार आदि के पेड़ों पर ही बनाती है क्योंकि यह बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाला पक्षी नहीं है। पुराने समय में आंगन छतों पर या खुली जगहों पर चावल गेहूं आदि अनाज सूखने के लिए डाला जाता था तो गौरैया के झुंड उस पर टूट पड़ते थे कभी-कभी इन्हें उड़ाना भी पड़ता था। विश्व में इसकी कुल 43 प्रजातियां पाई जाती हैं पर शहरी इलाकों में इस समय 6 प्रजातियां ही पाई जाती है इनमें हाउस स्पैरो, स्पेनिस स्पैरो, स्सेट स्पैरो, डेड सी स्पैरो, वह ट्री स्पैरो हैं। इसका शिकार करने में बिल्ली, कुत्ते, सांप, बाज पक्षी आदि आते हैं।


गौरैया पक्षी को विभिन्न भाषाओं में अलग अलग नाम से जाना जाता है हिंदी में इसी गौरैया, गुजराती में चकली, मराठी भाषा में चिमानी, पंजाबी में चिड़ी ,जम्मू-कश्मीर में चेर, तमिलनाडु व केरल में कुरुवी, तेलुगु में पिच्चुको, कन्नड़ में गुब्बाची, पश्चिम बंगाल में चराई पाखी, उड़ीसा में घर चटिया, उर्दू में चिड़िया तथा सिंधी में झिरकी कहा जाता है। गौरैया को फसलों का संरक्षक कहा जाता है गेहूं आदि फसलों में लगने वाले कीड़ों को गौरैया के झुंड पहुंचकर चट कर जाते हैं इससे किसानों की फसल कीटों के नुकसान से बच जाती थी। पक्षी विज्ञानी डॉ सालिम अली ने अपनी पुस्तक इंडियन वर्ड्स में गौरैया का वर्णन भस्मक मशीन के रूप में किया है जो फसलों के कीड़ो को नष्ट कर देती है । विश्व में इस तरह लुप्त हो रहे इस पक्षी को बचाने के लिए ही 20 मार्च को गौरैया दिवस मनाया जाता है जिससे पक्षी के संरक्षण व इसके महत्व बताकर लोगों को जागरूक किया जा सके। विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत महाराष्ट्र से हुई पर्यावरणविद मोहम्मद ई दिलावर ने बताया कि वह बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के लिए काम कर रहे हैं सोसाइटी नहीं गौरैया को बचाने का काम कर रही हैं। वर्तमान समय में गौरैया गिद्ध के बाद सबसे संकटग्रस्त पक्षी है। गौरैया क्यों लुप्त हो रही है ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से लुप्त हो रहे गौरैया का संरक्षण भी मानव के लिए एक चुनौती है विगत वर्षों से शहरों में गौरैया एकदम कम हो गयी। आधुनिक समय में स्थापत्य कला की बहुमंजिला इमारतों ने गौरैया के आने-जाने के सारे रास्ते बंद कर दिए। वहां पहुंचने की जगह नहीं मिल पाती है पुरानी बाजार मार्केट में इनको दाना पानी मिल जाता था पर अब उसकी उपलब्धता भी नहीं है ।मोबाइल टावर तरंगों, रेडिएशन भी गौरैया को हानि पहुंचाई है इससे इनके प्रजनन पर विपरीत प्रभाव पड़ा और संख्या कम होने लगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

सईद ने तमाम तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं। इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है-बिकिनी या बुरका उन्होंने यह व्याख्यान भारतमें दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है।

# ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा

फरवरी के आखिर में शुरु हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला मौलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है। इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खामेनी और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा। लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्र मारे जाने


जयशंकर पाण्डेय

लगे और ईरान की अवाम को उन्हें दफनाने के लिए निकलना पड़ा तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता (जहां कहीं भी हो) उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर, जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां ईस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं। उसमें एक तरफ अपने को समता का झंडाबरदार बताने वाला ईसाई समाज है तो दूसरी ओर उसके साथ गलबहियां करने वाला यहूदी प्रचार तंत्र है।प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस में किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं जो यूरोप और अमेरिका



को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तमाम तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं। इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है-बिकिनी या बुरका उन्होंने यह व्याख्यान भारतमें दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरताकी इंतहा हो रही है।तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है। इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है। लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। नेतनयाहू ने पिछले साल ईरान पर हमला कियाथा और उसमें अमेरिका की सीमित मदद ली थी लेकिन वे उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाए थे। इस बार वे इस युद्ध में अमेरिका को उतार कर आर पार करना चाहते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के इजराइल और अमेरिका के साथ हैं। जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।हालांकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते से साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहता था तो कभी वियतनाम और कोरिया में। उसका यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे अरब देशों में जारी रहा। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन करके दूसरे देशों परआक्रमण किए हैं। लेकिन जब तक शीतयुद्ध का दौर था और सोवियत संघ का अस्तित्व था तब तक उसे एक खौफ रहता था। तब गुटनिरपेक्ष आंदोलन भी था जिसके तहत एक शक्ति संतुलन भी रहता था और यह नहीं लगता था कि अमेरिका वर्चस्व स्थायी रूप ग्रहण कर पाएगा। लेकिन अब सोवियतसंघ के पतन और निर्गुट आंदोलन के कमजोर पड़ने के साथ यह तय हो गया है कि अमेरिका दुनिया के बड़े हिस्से को अपना साम्राज्य बनाना चाहता है। बाकी बचे हिस्से पर रूस और चीन खामोशी से अपना विस्तार करते रहेंगे। इस नई भूराजनीतिक हालत में भारत की अपनी नैतिक, वैचारिक और सामरिक स्थिति बेहद कमजोर दिख रही है। हिंदुत्व की राजनीति के पास घरेलू स्तर पर घृणा से प्रेरित अधिनायकवादी नीतियां हैं और वैश्विक स्तर पर अमेरिका और इजराइल का पिछलग्गू बनने की विदेश नीति। अमेरिकी डांट के बाद आपरेशन सिंधु रोकना, रूस से तेल की खरीद बंद कर देना, ईरान से रिश्ते तोड़ लेना, इजराइली मॉडल पर देश में जासूसी कराना, अल्पसंख्यकों का दमन कराना, याराना पूंजीवाद के लिए पूरी दुनिया में जोड़तोड़ करना और शांति और सौहार्द पर आधारित किसी वैश्विक व्यवस्था के लिए जुबान न खोलना यह भारत की पहचान बन गई है।

# सृष्टि संतुलन के लिये वनों की पुकार सुननी होगी

2026 में प्रस्तावित वनों और अर्थव्यवस्था थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

21 मार्च को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करने वाला अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2012 में इस दिवस की घोषणा इस उद्देश्य से की गई थी कि विश्व समुदाय वनों के महत्व को समझे, उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करे और प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़े। आज जब पृथ्वी अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब इस दिवस की प्रासंगिकता और भी


ललित गर्ग

बढ़ जाती है। वर्ष 2026 की थीम 'वन और भोजन' यह स्पष्ट करती है कि वन केवल हरित आच्छादन नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मूल स्तंभ हैं।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं, जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और मृदा अपरदन को रोकते हैं। इसके बावजूद, विडंबना यह है कि मानव अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में वनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है। यही कारण है कि आज वन महोत्सव जैसे आयोजनों की आवश्यकता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरण के रूप में महसूस की जा रही है।

वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित वनों और अर्थव्यवस्था थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इस प्रकार वन एक ऐसे आर्थिक संसाधन के रूप में सामने आते हैं, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। वनों का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। विशेष रूप से स्वदेशी और आदिवासी समुदायों के लिए वन जीवन का अभिन्न हिस्सा



हैं। उनकी परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवनशैली वनों से ही संचालित होती हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार हैं। इसी कारण, वन संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण का भी विषय है। वन महोत्सव जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर इस साझा जिम्मेदारी का बोध कराते हैं कि वनों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

भारत के संदर्भ में वनों का महत्व और भी अधिक व्यापक और बहुआयामी है। यहाँ वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। भारतीय परंपरा में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, वट और नीम जैसे वृक्ष केवल जैविक इकाइयाँ नहीं, बल्कि जीवनदायी शक्ति के रूप में पूजे जाते हैं। भारत की समृद्ध जैव विविधता वनों पर ही निर्भर है, और इसका संरक्षण देश की पारिस्थितिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। वन देश की जलवायु को संतुलित रखने, वर्षा चक्र को नियंत्रित करने और कृषि उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में वनों की उपयोगिता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे ग्रामीण और आदिवासी जीवन की आधारशिला हैं। देश के लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हैं। भोजन, ईंधन, चारा और औषधीय आवश्यकताओं की पूर्ति वनों के माध्यम से होती है। इसके अतिरिक्त, वन जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे नदियों और जल स्रोतों का अस्तित्व बना रहता है। आज जब देश के कई हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, तब वन संरक्षण की आवश्यकता और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है।

वर्तमान शासनकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन संरक्षण और हरित विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। ÷हरित भारत मिशन÷ के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य देश के वन क्षेत्र को बढ़ाना और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है। ÷नमामि गंगे÷ परियोजना के माध्यम से नदियों के किनारे वृक्षारोपण कर जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही, कैम्पा फंड के प्रभावी उपयोग से वन पुनर्स्थापन और संरक्षण कार्यों को गति मिली है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी हरित आवरण बढ़ाने के लिए मियावाकी पद्धति को प्रोत्साहित किया है, जिससे छोटे-छोटे स्थानों में घने वन विकसित किए जा रहे हैं। इन पहलों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ लेकर चलने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार की नीतियाँ यह दर्शाती हैं कि यदि सही दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि इन प्रयासों में जनसहभागिता को और अधिक बढ़ाया जाए, क्योंकि वनों की सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही सुनिश्चित की जा सकती है।

अंततः वन महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस हमें यह संदेश देते हैं कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही मानव सभ्यता की स्थिरता का आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम वनों को केवल संसाधन के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग मानें। जब तक यह दृष्टिकोण विकसित नहीं होगा, तब तक पर्यावरणीय संकटों का समाधान संभव नहीं है। यदि हम सचमुच अपने भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो हमें वनों की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। यही वन महोत्सव की वास्तविक सार्थकता है और यही अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का मूल संदेश भी।

# ईदुल फितर भाईचारे आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक


यह त्योहार अल्लाह के प्रति कृतज्ञता, आत्म-संयम और इबादत के लिए मनाया जाता है। रमज़ान के बाद ईद का दिन खुशी, माफी और एकजुटता का प्रतीक होता है। लोग नए कपड़े पहनते हैं,नमाज़ अदा करते हैं, ज़कात (दान) देते हैं, और अपने परिवार व दोस्तों के साथ खुशियाँ बाँटते हैं।वैसे ईद का प्राथमिक उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक है,लेकिन इसके संदेश–एकता, बलिदान, सेवा, और शांति–देशभक्ति की भावना से मेल खाते हैं। भारत जैसे देश में, जहाँ विविधता में एकता है, ईद का त्योहार अप्रत्यक्ष रूप से नागरिकों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और प्रेम को याद दिलाता है।

ईद भारत में सिर्फ एक धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव है जो देश की एकता, विविधता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करता है। यह भारत की आत्मा–सर्वधर्म संभाव और भाईचारे–को प्रतिबिंबित करता है। ईद भारत के लिए एक ऐसा अवसर है जो समाज को जोड़ता है और देश की प्रगति व शांति में योगदान देता है। भले ही भारत में हिंदू और मुस्लिम समुदायों का एक साथ ईद मनाना धार्मिक रूप से तो आम नहीं है, लेकिन देश में सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के कई उदाहरण हैं, जहां हिंदू और मुस्लिम


शाहिद नकवी

समुदाय मिलकर ईद के उत्सव में हिस्सा लेते हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां गंगा-जमुनी तहज़ीब (हिंदू-मुस्लिम साझा संस्कृति) मजबूत है। कुछ खास जगहों पर यह देखने को मिलता है। तमाम विरोधाभासों के बावजूद अभी रमजान में ही देखने को मिला है कि हिंदू और मुस्लिम ने मिल कर एक साथ कई जगह रोजा इफ्तार किया है।

यहां तक कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार रोजा इफ्तार करने इमाम संगठन के अध्यक्ष इमाम उमैर इलियासी के घर गए और उन्होंने अपने हाथ से इमाम का रोजा खुलवा।इसी भाईचारे की मिसाल एक बार फिर जामिया मिल्लिया में नजर आई।जहां एबीवीपी यानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मुस्लिम भाईयों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। ये वही जामिया मिलिया था,जहां दीपावली का विरोध किया गया था।जो छात्र दीप जलाने पहुंचे थे उनके खिलाफ भड़काऊ नारे लगाए गए थे।एबीवीपी के एक भव्य इफ्तार आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार और प्रोफेसर समेत 600 से अधिक हिंदू-मुस्लिम छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और एक साथ इफ्तार कर भाईचारे की मिसाल पेश की।यहां हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग एक साथ दस्तरखान पर बैठे।उन्होंने सौहार्द,भाईचारा और एकता का संदेश दिया। दिल्ली की एक इफ्तार पार्टी में दिल्ली की मुख्यमंत्री कई नेताओं के साथ शरीक हुई थी।



देश में ऐसे बहुत से उदाहरण लोगों के सामने से गुजरे हैं जब इफ्तार के दस्तरख्वान पर सांझी संस्कृतिक विरासत देखने को मिली।यानी यहां दिवाली है,तो ईद भी है।लाल और भगवा है तो हरा रंग भी कैनवास में भरा है।उधर पिछले 11 सालों में पहली बार भाजपा ने ईद पर देश के 32 लाख गरीब मुसलमानों को सौगात-ए-मोदी किट दे रही है।इस किट में सेवइयां, खजूर, ड्राई फ्रूट्स,बेसन घी और महिलाओं के लिए कपड़े हैं। भले ही इस किट के पीछे बिहार चुनाव के लिए मुसलमानों को साधना हो, लेकिन ये एतिहासिक कदम है।देश की सांझी संस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलेगा। ईद का त्योहार मुसलमानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनके धार्मिक और सामाजिक जीवन का एक अभिन्न अंग है। ईद-उल-फित्र यह रमज़ान के पवित्र महीने के अंत में मनाई जाती है, जिसमें मुसलमान पूरे महीने रोज़े रखते हैं। दरअसल यह त्योहार अल्लाह के प्रति कृतज्ञता, आत्म-संयम और इबादत के लिए मनाया जाता है। रमज़ान के बाद ईद का दिन खुशी, माफी और एकजुटता का प्रतीक होता है। लोग नए कपड़े पहनते हैं,नमाज़ अदा करते हैं, ज़कात (दान) देते हैं, और अपने परिवार व दोस्तों के साथ खुशियाँ बाँटते हैं।वैसे ईद का प्राथमिक उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक है,लेकिन इसके संदेश–एकता, बलिदान, सेवा, और शांति–देशभक्ति की भावना से मेल खाते हैं। भारत जैसे देश में, जहाँ विविधता में एकता है, ईद का त्योहार अप्रत्यक्ष रूप से नागरिकों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और प्रेम को याद दिलाता है। यह देशभक्ति को प्रेरित करने में भी अपनी भूमिका निभाता है।

ईद और भारत देश का रिश्ता बहुत गहरा और अनूठा है, क्योंकि भारत एक ऐसा देश है जहाँ विविधता में एकता की मिसाल देखने को मिलती है। ईद,जो मुख्य रूप से इस्लाम से जुड़ा त्योहार है, भारत में न केवल मुसलमानों के लिए, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और सामाजिक घटना बन चुका है। ईद देश और समाज के लिए एक ऐसा त्योहार है जो एकता, शांति, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देता है। यह न केवल मुसलमानों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा बन सकता है, जो एक बेहतर और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में मदद करता है। ये कहने में कोई हिचक नहीं है कि ईद के त्योहार से देशभक्ति का संदेश भी अप्रत्यक्ष रूप से मिलता है, हालाँकि यह सीधे तौर पर देशभक्ति का त्योहार नहीं है। ईद के मूल्यों और परंपराओं में ऐसे तत्व मौजूद हैं जो देश के प्रति प्रेम और निष्ठा को मजबूत करते हैं।एकता में ही देशभक्ति है। ईद का त्योहार समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है।जब लोग विभिन्न धर्मों, जातियों और क्षेत्रों से ऊपर उठकर एक साथ जश्न मनाते हैं, तो यह राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। एकजुट समाज ही देश की असली ताकत होता है और यह भावना देशभक्ति का आधार बनती है।

ईद से सामाजिक कल्याण और देश के विकास को भी बल मिलता है।क्योंकि ईद के दौरान दान (ज़कात) और गरीबों की मदद करने की प्रथा समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाती है। जब समाज का हर हिस्सा मजबूत होता है, तो देश भी प्रगति करता है।यह देश के प्रति जिम्मेदारी और योगदान की भावना को दर्शाता है, जो देशभक्ति का एक रूप है। ईद शांति और प्रेम का संदेश देती है। एक शांतिपूर्ण समाज देश की स्थिरता और समृद्धि के लिए जरूरी होता है। देशभक्त वह होता है जो अपने देश में शांति और सद्भाव बनाए रखने में योगदान दे,और ईद यह प्रेरणा देती है। ईद का त्योहार कृतज्ञता को भी आवाज देता है। क्यों कि ईद में रमज़ान के रोज़ों के बाद अल्लाह का शुक्रिया अदा किया जाता है जो ये बताता है कि अपने जीवन में शांति व संतुष्टि बनाए रखें।

# राजधानी में छाया अंधेरा, गरज चमक के साथ हुई बारिश

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली और सुबह घने काले बादल छा गए। तेज हवाओं के झोंकों के बीच करीब 9 बजे दिन में ही अंधेरा छा गया। जिससे लोगों को दिन में ही गाड़ियों की लाइट्स जलानी पड़ी।

इसके बाद गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसने मौसम को पूरी तरह ठंडा कर दिया। शहर के बाहरी इलाकों में कहीं कहीं ओले गिरने की भी सूचना मिली। बारिश और तेज हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पहले ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से इस बदलाव का अनुमान जताया था।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, हवाओं की रफ्तार 40 से 50

**■ तेज बारिश व ओले गिरने से गिरा तापमान**

किलोमीटर प्रति घंटे तक रही और दिन भर मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। तापमान में लगभग 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। बाराबंकी में शुक्रवार की सुबह जिले में गरज चमक के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों की जिंदगी को दो हिस्सों में बांट दिया। एक तरफ जहां कुछ लोगों को राहत मिली, वहीं दूसरी तरफ कई लोगों के लिए यह चुनौती बन गई। बारिश ने उन किसानों को झटका दिया है जिनका आलू अभी खेत से घर या कोल्ड स्टोर नहीं पहुंचा है, साथ ही सरसों की फसल भी प्रभावित हुई है। लेकिन, मेंथा की रोपाई कर चुके या करने वाले किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। गेहूं की फसल भी काफी पक चुकी है, जिससे नुकसान की आशंका है। बारिश के बाद मौसम साफ हुआ, जिससे प्रदूषण से जूझ रहे लोगों को शुद्ध हवा में सांस लेने का मौका मिला। जो लोग धुंध के कारण सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे थे।

# राष्ट्रपति ने वृंदावन में किया संत प्रेमानंद महाराज का दर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रवास का दूसरा दिन भी प्रकृति के अनोखे स्वागत का साक्षी बना। शुक्रवार सुबह से मथुरा-वृंदावन में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होती रही लेकिन इस बारिश के बीच भी आस्था और श्रद्धा का प्रवाह जरा भी नहीं थमा।

गुरुवार शाम जब राष्ट्रपति अयोध्या से ब्रजभूमि पहुंचीं तब भी इंद्र देव ने बारिश के रूप में उनका स्वागत किया था। शुक्रवार को भी यही सिलसिला जारी रहा। तेज बारिश के बावजूद राष्ट्रपति अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह करीब 8 बजे वृंदावन के केली कुंज स्थित संत प्रेमानंद आश्रम पहुंचीं। यहां उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में आध्यात्मिक चर्चा की। आश्रम की वार्तालाप कुटिया में बेहद सादगीपूर्ण लेकिन विशेष व्यवस्था की गई थी। राष्ट्रपति और उनके परिजनों के लिए कुर्सियां लगाई गई जहां बैठकर उन्होंने 'राधे-राधे' नाम जप और भक्ति भाव पर गहन मंथन किया। संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर राष्ट्रपति भाव-विभोर नजर आईं। इस दौरान कुटिया में केवल राष्ट्रपति, उनके परिजन और बाबा के करीबी शिष्य ही मौजूद रहे जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और एकांतपूर्ण बना रहा।

# सही देखभाल और प्रबंधन से हाथीपांव को मिलेगा आराम : एमओआईसी

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुलारपट्टी में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डॉ प्रभात रंजन की अध्यक्षता में सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) का गठन किया गया। पीएसपी सदस्य सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। मरीजों को रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता निवारण किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इसके साथ ही व्यायाम करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान दस फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। सीएचओ ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी।

इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने कहा कि फाइलेरिया

**■ पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुलारपट्टी में पीएसपी का हुआ गठन**

प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव को आराम मिलता है। उन्होंने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरुआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार पांच साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। पीएसपी सदस्य सीएचओ सविता ने फाइलेरिया मरीजों को हाथी पांव की नियमित सफाई, सूजन कम करने के उपाय, और संक्रमण से बचाव की जानकारी दी। बताया कि समय पर देखभाल से इस बीमारी के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# 'योजनाओं का लाभ सीधे खातों में मिल रहा'

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद देवरिया के विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। नौ दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित इस अवसर पर राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, विजय लक्ष्मी गौतम ने लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रेस वार्ता कर प्रदेश और जनपद में हुए विकास कार्यों को विस्तार से साझा किया।

प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में कानून व्यवस्था, सुशासन, निवेश और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तेजी से

**■ मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने गिनाई प्रदेश व जनपद की प्रगति उपलब्धियां**

आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक निवेश, डिजिटल सुशासन और किसान कल्याणकारी नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। महिला सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और पारदर्शी व्यवस्था ने आमजन का विश्वास मजबूत किया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नीतियों का सीधा लाभ देवरिया जनपद में भी देखने को मिल रहा है। जनपद में सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए हैं। ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण, आवास योजनाओं के तहत गरीबों को पक्के घर, हर घर जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे खातों में मिल रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं कौशल विकास कार्यक्रमों से उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**डिजिटल सेवाएं और सुशासन**

गौतम ने कहा कि डिजिटल सेवाओं के विस्तार से प्रमाणपत्र सहित विभिन्न सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो रही हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और आमजन को सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टीएमयू फिजियोथेरेपी के स्टुडेंट्स ने की साई की एजुकेशनल विजिट

**अवधनामा संवाददाता**



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी- एमपीटी के 22 स्टुडेंट्स ने नई दिल्ली स्थित स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया- साई के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शैक्षिक भ्रमण किया। इस एजुकेशनल विजिट का मुख्य उद्देश्य स्टुडेंट्स को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षण एवम् पुनर्वास व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, खेल विज्ञान के फिजियोथेरेपी और एथलीट मैनेजमेंट में अनुप्रयोग की समझ को विकसित करना रहा। विजिट के दौरान हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट डॉ. प्रहलाद प्रियदर्शनी और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ज्ञान ने खेल मूल्यांकन, पुनर्वास एवम् प्रदर्शन वृद्धि के क्षेत्र में अपने व्यावसायिक अनुभव साझा किए। इस दौरान चोटों की रोकथाम, वैज्ञानिक प्रशिक्षण सिद्धांत, रिकवरी प्रोटोकॉल और एलीट स्पोर्ट्स में बहु-विषयक टीम के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साइकिलिंग, कुश्ती, जिम्नास्टिक और अन्य इंडोर खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे स्टुडेंट्स को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर मिला।

नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंसेज एंड रिसर्च- एनसीएसएसआर के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. बिभु कल्याण नायक, मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभ्रा चटर्जी, एक्सरसाइज फिजियोलॉजिस्ट डॉ. शुभोजीत चटर्जी और स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. शत्रुपा चक्रवर्ती ने स्टुडेंट्स को खेल विज्ञान में अंतर-विषयक सहयोग के महत्व से अवगत कराया।बायो मैकेनिकल एनालिस्ट डॉ. अजय पंडित ने बायोमैकेनिक्स विभाग का अवलोकन कराया, जहां उन्नत मोशन एनालिसिस सिस्टम, फोर्स प्लेट्स एवम् गेट एनालिसिस तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

# डॉ. रूमा देवी ने किया मूल्यांकन केंद्रों पर सम्पर्क, मांगा समर्थन

**मथुरा।** आगरा खण्ड स्नातक एम.एल.सी. प्रत्याशी डॉ. रूमा कुमारी ने मूल्यांकन केन्द्रो का किया भ्रमण। साथियों जैसा कि हम सब जानते हैं दिसंबर में सदस्य विधान परिषद स्नातक एम.एल.सी. के चुनाव होने हैं ।जिसके लिए अनुसूचित जाति/ जनजाति,पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा, उत्तर प्रदेश के अधिकृत प्रत्याशी आगरा खण्ड निर्वाचन क्षेत्र हेतु आगरा खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. रूमा कुमारी ने अपने चुनाव प्रचार प्रसार कार्यक्रम के तहत आगरा व मथुरा जनपद में मूल्यांकन केंद्र आर.वी.एस. इंटर कॉलेज खन्दारी, नेशनल मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ रोड खंदारी, राजकीय इंटर कॉलेज शाहगंज, आगरा एवं नगर निगम इंटर कॉलेज ताजगंज, आगरा में प्रचार प्रसार किया तथा मथुरा के राजकीय इंटर कॉलेज एवं किशोरी रमन इंटर कॉलेज के समस्त शिक्षक साथियों व शिक्षिका बहनों से अपील की।

# 'संवेदनशील स्थलों पर सतर्क निगरानी रखी जाए'

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आगामी त्योहारों, विशेषकर ईद एवं रामनवमी के अवसर पर यात्री आवागमन के मद्देनज़र भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में स्टेशनों पर भीड़ के सुव्यवस्थित प्रबंधन हेतु उपयुक्त व्यवस्थाओं, जैसे आवश्यकता अनुसार होल्डिंग एरिया, चरणबद्ध

**■ त्योहारों के मद्देनज़र भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा**

प्रवेश एवं कतार प्रबंधन, पर चर्चा की गई। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए आरपीएफ एवं जीआरपी के समन्वित प्रयास, संवेदनशील स्थलों पर सतर्क निगरानी तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त तैनाती के बिंदुओं पर विचार किया गया।

इसके साथ ही सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से सतत निगरानी, यात्री सुविधाओं जैसे पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, बैठने की व्यवस्था एवं उद्घोषणा प्रणाली के सुचारु संचालन तथा आवश्यकता अनुसार चिकित्सा सहायता की उपलब्धता पर भी बल दिया गया। भीड़ की स्थिति में प्रवेश नियंत्रण, टिकट जांच व्यवस्था तथा यात्रियों के सुगम आवागमन के उपायों के साथ-साथ ट्रेन संचालन, ठहराव एवं आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्थाओं की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर बल देते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं आवश्यकता अनुसार सुनिश्चित रहें, ताकि यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा अनुभव प्राप्त हो सकता है।

# नारी शक्ति लोक ने फूलों से किया ग्रीन कोरिडोर का स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में भव्य शोभायात्रा, हनुमान सेतु से हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा परिसर तक अपने पूर्ण वैभव, उल्लास और श्रद्धा के साथ निकाली गई। इस शोभायात्रा के माध्यम से नव उद्घाटित ग्रीन कोरिडोर का स्वागत, सत्य सनातन नारी शक्ति लोक ने पुष्प वर्षा कर किया। इस शोभायात्रा में महिलाओं के हाथों में झांझ, मंजीरा, डमरू, शंख, धर्मध्वज था। इसमें देवी देवता बने बच्चे भी आकर्षण का केन्द्र बनें। इसमें एंजल वर्मा देवी मां, वीरा वर्मा अप्सरा, रक्षा शर्मा और अग्रिमा चौरसिया भारत माता बनी थीं। डीजे के भक्तिमय भजनों ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। सुंदरकांड महाअभियान, भारत वर्ष की बने पहचान के अंतर्गत विभिन्न शक्तिपीठों की महिलाएं सपना गोयल की अगुआई में अभियान की पारंपरिक पीत वर्णी साड़ी पहन कर शामिल हुईं। सपना गोयल ने इस अवसर पर कहा कि चैत्र नवरात्र के साथ आने के कारण, हिन्दू नव वर्ष, शक्ति, साधना और अनुशासन के माध्यम से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की प्रेरणा देता है।

# महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली के रूप में पूजित हो रही हैं मां

**अवधनामा संवाददाता**



**गाजीपुर।** पूर्वांचल के प्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियाराम की शाखा हरिहरपुर स्थित पवित्र मां कालीधाम मठ श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। यहां स्थित प्राचीन मंदिर और उसमें विराजमान मां काली की तीनों प्रतिमाएं अपने आप में विशेष धार्मिक महत्व रखती हैं। कहा जाता है कि यहां सच्चे मन से की गयी मां की पूजा कभी व्यर्थ नहीं जाती और उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। मान्यता है कि यहां स्थापित तीनों देवी प्रतिमाओं के दर्शन और विधि-विधान से पूजन करने पर भक्तों के समस्त मनोरथ पूर्ण होते हैं, यहां तक कि काल के प्रभाव को भी टाला जा सकता है। मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमाओं की महत्ता का वर्णन करते हुए सिद्धपीठ हथियाराम के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनन्दन यति जी महाराज ने बताया कि यहां स्थापित दक्षिणमुखी प्रतिमाएं अत्यंत प्रभावशाली और दिव्य हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर की सबसे प्राचीन प्रतिमा शव के ऊपर स्थापित है, जो विशेष तांत्रिक और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाती है। उन्होंने अपने गुरुजी से सुनी एक प्राचीन कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थापित इस प्रतिमा की एक अंगुली खंडित हो गई थी। जब इस बात की जानकारी उनके गुरुजी महाराज को हुई तो उन्होंने खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित कराने का निर्णय

**■ खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित कराने का निर्णय लिया**

लिया। इसके लिए प्रतिमा को विस्थापित करने का कार्य शुरू किया गया, लेकिन जैसे ही मजदूरों ने प्रतिमा को हटाने का प्रयास किया, मंदिर की छत से रक्त की बूंदें टपकने लगीं। इस अलौकिक घटना को देखकर मजदूर भयभीत होकर काम बन्द कर तत्काल इसकी सूचना गुरुजी महाराज को दी।

स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज ने बताया कि यह घटना सुनते ही गुरुजी महाराज तुरंत मंदिर पहुंचे और स्थिति को समझते हुए उन्होंने खंडित प्रतिमा को यथास्थान पर बने रहने दिया। पहले से मंगाई गई नई प्रतिमा को उसी के समीप स्थापित कराया गया। इसके बाद धार्मिक परंपरा और संतुलन बनाए रखने के लिए तीसरी प्रतिमा की स्थापना भी आवश्यक हो गई।

# त्यौहारों को देखते हुए लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, उप्र एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए टीम द्वारा उरई इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित इंडियन एंटरप्राइजेज से खाद्य पदार्थ केला का नमूना, कोटरा रोड एट पर स्थित रवींद्र कुमार के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ साबूदाना का नमूना संग्रहित किया। साथ ही सूबेदार के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ घी, सुरेश कुमार के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ घी का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही रामपुरा तहसील माधौगढ़ से सुदीप यादव के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ साबूदाना का नमूना संग्रहित किया व जालौन के ज्वालागंज जालौन से हर्ष किराना से खाद्य पदार्थ काजू का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन नहीं हुआ शुरू

**जालौन(उरई)।** नगर के लिए अभी तक इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। उरई डिपो में इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने की मांग नगर के लोगों ने मुख्यमंत्री से की है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा कुछ मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों का भी संचालन किया जा रहा है। जो न सिर्फ पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगाने में कारगर हैं बल्कि इनका किराया भी कम हैं। इस प्रकार की बसें पुखरायां से कानपुर तक चलाई जा रही हैं। इसके अलावा अधिकांश शहरों में भी इन बसों का संचालन हो रहा है। नगर के अशफाक राईन प्रतीकांत चंसौलिया, वैभव दीक्षित, आशीष, अकरम सिद्दीकी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि जालौन से उरई तक प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का आना जाना होता है। कुछ लोग स्वयं के वाहन से जाते हैं तो कुछ सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं। प्राइवेट बसों में जहां किराया अधिक है साथ ही स्वयं के वाहन से जाने में प्रदूषण भी होता है।

# भारतीय नव वर्ष नई आशा, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** भारतीय नव वर्ष की पर संस्कार भारती संस्था के तत्वावधान में नगर स्थित रामकृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुरताल सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। देर रात लगभग 11:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में कला, संस्कृति और परंपरा की सुंदर झलक देखने को मिली। स्थानीय कलाकारों ने विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख समाज सेविका श्वेता कनोडिया, रणजीत सिंह और रमेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्येय गीत के साथ हुआ, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। मुख्य अतिथि सत्येंद्र बारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नव वर्ष का

**■ भारतीय नव वर्ष पर संस्कार भारती द्वारा भव्य आयोजन**

आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय कालगणना के अनुसार यही दिन सृष्टि के आरंभ का प्रतीक है और इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं सनबीम स्कूल मुगलसराय की निदेशक श्वेता कनोडिया ने कहा कि संस्कार भारती कला और साहित्य के संरक्षण के लिए समर्पित संस्था है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश दिया जाता है। संस्कार भारती के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश जिंदल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित रखने के लिए प्राचीन परंपराओं को जीवंत बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### नियमित गृहकर न लिये जाने की मांग

**जालौन, उरई (अवधनामा संवाददाता)।** नगर पालिका द्वारा कूड़ा उठाने का टैक्स लिए जाने एवं अनियमित गृहकर को सही कराने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर के लोगों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। नगर निवासी एडवोकेट नंदराम पाल, बृजमोहन कुशवाहा, डॉ. रामकिशोर गुप्ता, आशाराम कुशवाहा, रामऔतार दोहरे, नरेंद्र वर्मा, छेदालाल प्रजापति आदि ने एसडीएम अमित शेखर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर पालिका द्वारा घरों से कूड़ा उठाने के लिए 180 रुपये का टैक्स निर्धारित किया गया है, जो कि उचित नहीं है, इसे वापस लिया जाए। चुनाव के समय वर्तमान पालिकाध्यक्ष द्वारा वादा किया गया था कि अनियमित गृहकर की सही कराया जाएगा। लेकिन अब तक यह सही नहीं हुआ है, इसे सही कराया जाए। नगर के चुंगी नंबर चार के पास पानी की निकासी के लिए बने नालों पर लिंटर डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है, उसे हटाया जाए। नगर में पाइन लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों को पाइप लाइन डालने के बाद कनेक्शन दिए जाएं और खोदी गई सड़क को तत्काल सही कराया जाए।

### मथुरा में मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना को लेकर एआरटीओ ने की बैठक

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना-2026 को धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में आज एआरटीओ कार्यालय मथुरा में निजी बस ऑपरेटरों और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एआरटीओ नीतू सिंह ने की। इस दौरान परिवहन निगम की ओर से वरिष्ठ केंद्र प्रभारी जयप्रकाश शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। एआरटीओ नीतू सिंह ने बस ऑपरेटरों को बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन गांवों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से जोड़ना है, जहाँ वर्तमान में कोई सरकारी या निजी बस सेवा उपलब्ध नहीं है।

# वृंदावन में श्रद्धा और भक्ति की त्रिवेणी: राष्ट्रपति द्रौपदी

- नीब करौरी बाबा की समाधि पर टेका मत्था
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ हनुमान मंदिर में की विशेष पूजा : अर्चना
- महाराज जी की कुटिया और संग्रहालय का किया बारीकी से अवलोकन



**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन (मथुरा)।** देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु अपनी ब्रज यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्ति और अध्यात्म के रंग में सराबोर नजर आईं। राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के साथ विश्व प्रसिद्ध श्री नीब करौरी बाबा आश्रम के दर्शन किए और हनुमान जी के चरणों में मत्था टेका।

राष्ट्रपति का काफिला रेडिशन होटल से जब आश्रम के देवी मंदिर मार्ग से पहुँचा तो वहाँ पहले से मौजूद राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और ग्रुप कैप्टन (से.नि.) संदीप भटेले ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति और राज्यपाल सीधे हनुमान मंदिर पहुँचे। यहाँ मुख्य पुजारी रामरूप और टी.सी. शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। राष्ट्रपति ने न केवल विधि-विधान से आरती की बल्कि मंदिर की परिक्रमा कर देश की सुख-समृद्धि की कामना भी की।

हनुमान मंदिर में दर्शन के पश्चात राष्ट्रपति बाबा नीब करौरी के समाधि स्थल पहुँचे। यहाँ का वातावरण अत्यंत भावुक और भक्तिमय था। समाधि स्थल पर अभिषेक पुजारी और नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने राष्ट्रपति को बाबा की फोटो, पटुका और बाबा का प्रिय 'कंबल' भेंट कर आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किया। राष्ट्रपति ने यहाँ भी परिक्रमा कर अपनी गहरी आस्था प्रकट की। दर्शन के उपरांत राष्ट्रपति ने महाराज जी की उस पावन कुटिया के दर्शन किए जहाँ बाबा प्रवास किया करते थे। इसके बाद उन्होंने आश्रम स्थित संग्रहालय का भी भ्रमण किया। डॉ. अनुराग पाठक ने उन्हें आश्रम के गौरवशाली इतिहास और बाबा के जीवन से जुड़ी स्मृतियों का विस्तृत विवरण दिया। राष्ट्रपति ने प्रत्येक वस्तु का बारीकी से अवलोकन किया और प्रस्थान से पूर्व श्रद्धापूर्वक दान पेटिका में लिफाफा भी समर्पित किया।

इस गरिमामयी अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें) लक्ष्मी नारायण चौधरी और जनपद के प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार, बेसिक शिक्षा) संदीप सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति की इस यात्रा ने समूचे वृंदावन को भक्ति के उल्लास से भर दिया।

# मनोयोग से भागवत कथा को सुनने पर कष्टों का होता निवारण

- पूर्व राज्यमंत्री ने भागवताचार्य का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया



भागवताचार्य का स्वागत करतीं पूर्व राज्यमंत्री व डा. सरित दुवे।

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश महासचिव रामानंद कटियार के पैतृक ग्राम ढिपारा अमोलर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बड़े ही भक्तिमय वातावरण में हुआ। कथा का वाचन वृंदावन के पूज्य भागवत आचार्य पंडित ज्ञानेश गौड़ के श्रीमुख से प्रारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बीतेदिन आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में पहुंची छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, नर्सिंग होम एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी ने कथा वाचक पंडित ज्ञानेश गौड को अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करनें के उपरान्त कहा कि श्रीमद भागवत कथा को सच्चे मन से सुनने से जीवन के कष्टों का निवारण होता है। आयोजकों की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई इस सूचना को व्यक्तिगत निमंत्रण मानते हुए 14 मार्च से 20 मार्च तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करें। साथ ही 21 मार्च को आयोजित विशाल भंडारे में भी सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर प्रसाद ग्रहण करने का सादर अनुरोध किया गया है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छिबरामऊ राहुल पाल तथा आकाश शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर भारत तभी संभव जब नागरिक स्वस्थ हों : द्रोपदी मुर्मु

**अवधनामा संवाददाता**

- राष्ट्रपति बोलीं- कैंसर सबसे बड़ी चुनौती राम किशन मिशन सेवा आश्रम में ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया लोकार्पण

**वृंदावन (मथुरा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को नगर के मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के सचिव सुप्रकाश आनंद एवं सह सचिव कालीकृष्णानंद ने बुके देकर राष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का लोकार्पण किया।

रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि आज कैंसर स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च-स्तरीय इलाज मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। लेकिन, कुछ परिवारों के लिए ऐसा लगता है कि उनकी आर्थिक परिस्थितियों के कारण, इस बीमारी का इलाज करवाना असंभव है।

इसके बाद राष्ट्रपति वृंदावन स्थित नींव करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति का आश्रम में आगमन देवी मंदिर की ओर से हुआ, जहां पर उनका स्वागत राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन संदीप भटेले ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हनुमान मंदिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। हनुमान मंदिर की परिक्रमा लगाई। हनुमान मंदिर पर रामरूप पुजारी एवं टीसी शर्मा ने पूजा संपन्न कराई।

हनुमान मंदिर के दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने नींव करौरी बाबा की समाधि स्थल व मंदिर के दर्शन किए। समाधि स्थल में उन्होंने पूजा की तथा समाधि स्थल की परिक्रमा लगाई। राष्ट्रपति को समाधि स्थल पर अभिषेक पुजारी एवं नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने प्रसाद, पटुका, नींव करौरी बाबा का फोटो एवं कम्बल भेंट किया। राष्ट्रपति ने महाराज की कुटिया के दर्शन किए। आश्रम स्थित संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने संपूर्ण संग्रहालय का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह उपस्थित रहे।

# अज्ञात चोर ने घर के बाहर खड़ा ई-रिक्शा किया चोरी



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चार्जिंग के लिए घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। सुबह रिक्शा घर के बाहर न पाकर ई रिक्शा चालक की पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी नीलू राठौर पुत्र स्वर्गीय प्रेमचंद राठौर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की देर शाम उसने अपना ई-रिक्शा चार्जिंग करने के लिए घर के बाहर खड़ा किया था। देर रात अज्ञात चोर मौका पाकर ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो ई-रिक्शा गायब देख उनके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो पीड़ित ने कोतवाली में सूचना दी जिस पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मोदी सरकार कर्तव्य पालन विफल : प्रमोद

**प्रयागराज।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता विरोधी दल, राज्य सभा ने कहा है कि मोदी सरकार जनता के प्रति अपने कर्तव्य पालन में पूरी तरह विफल हो गयी है, और जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी की इन्तहां कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बींच मंडरा रही है और पेट्रोलियम पर युद्ध का अभी कोई असर भी नहीं पड़ा है किन्तु फिर भी केन्द्र सरकार ने 2/ रुपये प्रति लीटर प्रीमियम पेट्रोल की कीमत बढ़ा दिया है। श्री तिवारी ने केन्द्र सरकार से सवाल करते हुये कहा है कि यदि यही दाम कोई डीलर बढ़ाया होता तो उसे चोर बाजारी करने वाला, मुनाफाखोरी करने वाला और अवसरवादी कहा जाता। किन्तु जब यही काम ÷मोदी सरकार÷ कर रही तो उसे भी अवसरवादी और मुनाफाखोर कहा जाना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा है कि जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घट कर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गयी थी, तब तो सरकार ने कीमत कम नहीं की थी, विक्री का दाम नहीं घटाया था और डीजल पेट्रोल उसी दाम पर बेंचा जा रहा था।

# अलविदा जुमा पर मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रही पुलिस



**अवधनामा संवाददाता**

- मस्जिदों के अंदर देश की सलामती के लिए दुआ में उठे हजारों हांथ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अलविदा जुमा की नमाज के अवसर पर नगर की विभिन्न मस्जिदों में हजारों मुस्लिम समुदाय के लोग एकजुट होकर नमाज अदा करने पहुंचे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशासन की गाडियां नगर व क्षेत्र में फर्राटा भरती रहीं। वहीं पुलिस बल भी पूरी तत्परता से मस्जिदों के बाहर तैनात रहा।शुक्रवार को अलबिदा जुमा की नमाज के दौरान नगर व क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद लोग अपने देश की सलामती, अमन और चैन की दुआ में जुटे रहे। मस्जिदों के बाहर बड़ी हुई तादाद में लोग दुआ और प्रार्थना के साथ अपने घरों को लौटे। सभी ने एकजुटता के साथ देश की शांति और समृद्धि के लिए अल्लाह से दुआ की। अलविदा जुमा का धार्मिक आयोजन मुस्लिमों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। उधर नगर व क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से पूरी चौकसी बरती गई और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैयार है। वहीं कोतवाली पुलिस नें मस्जिदों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी थी। विभिन्न स्थानों पर कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, उपनिरीक्षक देवीचरण साहू, कांस्टेवल प्रशांत बालीयान, गजेन्द्र सिंह, दीपांशु गंगवार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## ईद का चांद नज़र आया लेकिन खुशियों से बनी रहीं दूरी

**प्रयागराज।** माहे रमज़ान के तीस रोज़े मुकम्मल हो गए और ईद उल फितर का चांद भी नमुदार हो गया लेकिन ईरान के साथ इज़राइल व अमेरीकी जंग के कारण बेगुनाह बच्चियों के क़त्ल से आहत मुसलमानों ने पहले ही यह ऐलान किया था कि ईद तो हर हाल में सभी मनाएंगे लेकिन सादगी के साथ। आल इन्डिया शिया काउंसिल व देश भर के अहले सुन्नत जमात के बड़े ओलमा ने भी आलमे इस्लाम से इस बार ईद पर बाहों पर काली पट्टी बांध कर और नए कपड़े न पहनने की अपील जारी की। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार सभी छोटी बड़ी मस्जिदों ईदगाह शिया व सुन्नी जामा मस्जिद में पहले से तय वक़्त पर ईद उल फितर की नमाज़ अदा की जाएगी।

## मां कल्याणी का हुआ ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार दर्शन

**प्रयागराज।** मां कल्याणी देवी मंदिर धाम में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार को प्रातःकाल 5 बजे मां कल्याणी का महामंत्री श्याम जी पाठक ने विधि विधान पूर्वक मंगला आरती किया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में दूर-दूर से आए भारी संख्या में भक्त शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुए और पूजन हवन कर यज्ञशाला की परिक्रमा की। कुछ भक्तों इअपने बच्चों को कर्णछेदन एवं मुंडन कराया। तत्पश्चात शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक मां कल्याणी देवी का ब्रम्हचारिणी स्वरूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर मां के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मां कल्याणी देवी मंदिर धाम के अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने शाम 7 बजे मां की महाआरती और रात्रि 12¬30 बजे शयन आरती की। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के तृतीय दिवस शनिवार को मां कल्याणी का श्रृंगार चंद्रघंटा स्वरुप में किया जाएगा। जिसमें मां सिंह पर आरूढ़ होगी और उनकी दस भुजाएं रहेंगी। इस अवसर मां कल्याणी देवी मंदिर के अंतर्गत श्री नवसंवत्सर मानस समिति के द्वारा आयोजित किए जा रहे श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर कथा का व्याख्यान करते हुए कथा वाचक डॉक्टर अनिरुद्ध जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को राम कथा से जीवन जीने की संजीवनी मिलती है।

# सभी वार्डों में प्रतिदिन रुटवार होगा फॉगिंग कार्य : अनिल



- मच्छरों के प्रकोप से बचानें के लिये फॉगिंग अभियान प्रारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देशानुसार 17 मार्च से संचारी रोग नियंत्रण अभियान प्रारम्भ हो गया है जो कि 31 मार्च तक चलाया जायेगा। अभियान के दौरान पालिका के सभी वार्डों में माइक्रोप्लान के अनुसार सफाई अभियान, नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण, एण्टीलार्वा एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग का कार्य कराया जायेगा।

यह जानकारी शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार ने दी। बताया कि पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता के निर्देशानुसार सभी जोनल सफाई प्रभारियों एवं सेक्टर सभाई प्रभारियों को पूर्व में ही बैठक कर निर्देशित किया जा चुका है। दिनांक 17 मार्च से आवंतीबाई नगर में प्रारम्भ हो गया है। बताया कि मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिये जोनल प्रभारी अशोक कुमार सफाई पटल सहायक को आदेशित किया गया है। इस दौरान प्रधान लिपिक वीर सिंह, आरपी सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे। बताया कि उनके द्वारा प्रतिदिन जूम मॉनीटरिंग की जा रही है। उधर सफाई कर्मियों द्वारा मोहल्ला अम्बेडकर व जाकिर हुसैन नगर में फॉगिंग अभियान चलाया गया।

# नव निर्माण के नौ वर्ष, विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश

- देश को आगे बढ़ाने में उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट परिसर के हॉल में सूचना विभाग द्वारा लगाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रर्दशनी तथा कलेक्ट्रेट परिसर में ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम के तहत बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलों अभियान एवं मिड-डे मिल योजना के तहत कठपुतली की प्रस्तुति भी देखी तथा सराहना की।

उन्होनें कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश, भारत का ग्रोथ इंजन के रूप में सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 09 वर्ष एवं केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार दिनांक 18 से 26 मार्च 2026 तक नौ दिवसीय कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मना रही हैं।



वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में कोई सांप्रदायिक दंगा या जातिगत संघर्ष नहीं हुआ। वर्ष 2016 की तुलना में डकैती में लगभग 90 प्रतिशत, लूट में 85 प्रतिशत, हत्या में 47 प्रतिशत, बलवा में 70 प्रतिशत तथा फिरौती के लिए अपहरण की घटनाओं में 62 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है। मंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है। महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में 98.90 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1.06 करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। 39,885 बीसी सखियों के माध्यम से 42,711 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेनदेन किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 26.81 लाख बेटियां लाभान्वित हुई और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 5.20 लाख से अधिक बेटियों के विवाह संपन्न कराए गए। कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ने प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाया है। वाराणसी में देश का पहला मल्टी मॉडल टर्मिनल स्थापित किया गया है, जिससे जल, थल और रेल कनेक्टिविटी को नई गति मिली है। रजनी तिवारी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश 96 लाख से अधिक इकाइयों के साथ देश का सबसे बड़ा एमएसएमई हब बन चुका है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत 197 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रदेश में वर्तमान में 16 हवाई अड्डे संचालित हैं, जिनमें 4 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे शामिल हैं। 8 नए हवाई अड्डों का विकास कार्य चल रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3 करोड़ 12 लाख किसानों को 99 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली हैं। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 49.86 लाख से अधिक टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए गए। कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 25.80 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया और लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा हैं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, प्रायवेट हॉस्पिटल एसोसियेशन जिलाध्यक्ष डा. सरित दुवे आदि संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## साहू समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**आजमगढ़।** साहू समाज की ओर से होली मिलन समारोह समिति के संगठन महामंत्री विनय प्रकाश गुप्त जी के नेतृत्व में चौक स्थित वैस्ली इण्टर कालेज मातवरगंज के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। उपस्थित लोग इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समिति के अध्यक्ष लालता प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह होली का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे का त्योहार है। साहू समाज के जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विनय प्रकाश गुप्त ने लोगों को माल्यार्पण कर पुष्पों की वर्षा करते हुए अबीर गुलाल लगाया। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बधाईयां दी। समिति के संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भक्त प्रहलाद का श्रद्धा भक्ति सभी लोग अपने मन में स्थापित करें और सच्चे मन से राष्ट्र में सर्व समाज व शोषित और वंचितों की सेवा करें। वरिष्ठ जिला संरक्षक स्वतंत्रत गुप्ता एडवोकेट एवं सत्यप्रकाश गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि होली का पवित्र त्यौहार है, जो सभी बुराइयों को दूर कर लोगों को एक दूसरे के पास आने व गले लगकर सारे शिकवे-शिकायतों को दूर करने का कार्य करता है।

# वार्ड के जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें : विनय

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** नगर पालिका परिषद में प्रदेश शासन द्वारा नामित शासकीय सभासद शिवमराज वर्मा का भाजपा पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा ने गले मिलकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

बीतीशाम नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित सीताराम ईवी मोटर्स प्रतिष्ठान में पहुंचे भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा ने नव नियुक्त शासकीय सभासद शिवमराज वर्मा का फूल-मालायें पहनाकर उनका अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके अनुभव से वार्ड के विकास कार्यो को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शासकीय सभासद जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। नव नियुक्त शासकीय सभासद शिवमराज वर्मा ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह वार्ड के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र वर्मा, राकेश चंद्र वर्मा, सूरजभान सिंह वर्मा, ज्ञानू वर्मा, शलभ वर्मा, आयुष वर्मा, सुमित गुप्ता, आशीष दुबे, केतन गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# प्रदर्शनी लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं पर बल दिया जायेगा

**अवधनामा संवाददाता**

- उप्र में अभूतपूर्व विकास व सतत् समृद्धि के नै वर्ष पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**आजमगढ़।** समृद्धि का नवयुग यूपी का स्वर्णयुग, उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पर वार्षिक पुस्तक/फोल्डर ''नवनिर्माण के 9 वर्ष'' का विमोचन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, विकास केंद्रित विशेष फिल्म का प्रदर्शन, 09 दिवसीय मेले का उद्घाटन, विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/चेक/ट्राइसाइकिल वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता का आयोजन जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर व अन्य जन प्रतिनिधियों, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार की उपस्थिति में हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में सकुशल सम्पन्न हुआ।

नवनिर्माण के 9 वर्ष - समृद्धि का स्वर्णिम संकल्प। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 9 वर्षों में प्रदेश में आया परिवर्तन... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, जनप्रतिनिधियों की सेवा-भावना और जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास का परिणाम है- यही विश्वास 'नए उत्तर प्रदेश' की सबसे बड़ी ताकत है। हम लोगों ने नौ वर्षों में प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरी दी है, जिसमें 2 लाख 19 हजार केवल पुलिस भर्ती हुई है। आज आप देख रहे होंगे कि एक्सप्रेस-वे के रूप में देश के कुल इंफ्रास्ट्रक्चर का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। गंगा एक्सप्रेस-वे इसी माह पूर्ण होने जा रहा है। इसके निर्माण के उपरांत उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 60 प्रतिशत हो जाएगी। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास है। देश में सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन यहीं हो रहा है। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली-मेरठ के बीच प्रारंभ हो चुकी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रति लाभार्थी रू0 01 लाख की सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 5 लाख से अधिक बेटियों के विवाह इस योजना के माध्यम से संपन्न कराए जा चुके हैं। नव निर्माण के 09 वर्ष पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार कुशल मार्गदर्शन एवं निदेशन में आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर द्वारा निराश्रित महिला पेंशन में मनीषा सोनकर, रमावती देवी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सिद्धि गोंड़, श्वेता, आलिया को दिव्यांग पेंशन, प्रहलाद को ट्राईसाइकिल, उद्योग विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में प्रदीप शर्मा को टेंट हाउस उत्पाद निर्माण हेतु रू0 10 लाख का ऋण, सुनील कुमार प्रजापति को आईस कैंडी के उत्पाद निर्माण हेतु रू0 10 लाख का ऋण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में अंकुश राय को आटा चक्की उद्योग हेतु रू0 4.13 लाख, आकाश कुमार को वीडियोग्राफी स्टूडियो हेतु रू0 2.22 लाख ऋण का चेक वितरण किया गया। योजना से लाभान्वित उपर्युक्त लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल गये व मा0 मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह व जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार ने नव निर्माण के 09 वर्ष के अवसर पर आयोजित 09 दिवसीय मेले के सम्बन्ध में विस्तार से बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं पर बल दिया जायेगा। कार्यक्रम में पीडी डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वर्षा अग्रवाल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह, सीएम फेलो पर्यटन आनंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं व जनपद वासियों ने सहभागिता किया।



# अगर मिला डेटा ब्रीच ईमेल तो डरें नहीं, अपनाएं जरूरी उपाय सुरक्षा

पिछले कुछ वर्षों में भारत में साइबर हमले की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2025 और 2026 की शुरुआत में कई बड़े निवेशक और




**जौनपुर (जफराबाद)** क्षेत्र के प्रथमिक विद्यालय चकताली में वार्षिकोत्सव में देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति देते बच्चे को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश सिंह ने किया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां सराही गई। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अरबिंद शुक्ला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रधानाचार्य उषा सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चे को अंत में क्कगांव चेयरमैन फिरोज खान ने 5000 पुरस्कार के रूप में दिया और एआरपी धर्मेंद्र चौबे ने कहा कि खेल से बच्चे का मानसिक और शाररिक विकास होता है, प्रधानाध्यापक उषा सिंह ने उपस्थित अधयापक को इस्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस मौके पर सिनीध सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह , उदय प्रताप यादव, अवधेश यादव, प्रियंका सिंह, निरुपमा सिंह, रोली अस्थाना, पूनम राव,संतोष यादव, आशीष कुमार यादव,रूमप सिंह प्रशिक्षु आरती, शिवानी, प्रीति, काजल एवं बहुत से ग्राम वासी तथा ग्राम। प्रधान सर्विद यादव, रीता देवी, रेखा यादव अनिल यादव मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई अलविदा की नमाज

**प्रयागराज।** शुक्रवार को रमजान महीने के आखिरी जुमे में अलविदा की नमाज पूरे अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे,सिविल लाइंस स्थित हरी मस्जिद और चौक स्थित जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अदा की गई। नमाज,शांति और सौहार्द्र के साथ अदा की गई, इसके साथ ही शिया मस्जिदों में भी नमाजियों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। मस्जिदों से नमाज पढ़ कर बाहर निकले नमाजियों को हिंदू, मुस्लिम और सिखों ने मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, इस मौके पर लोगों ने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज शहर गंगा जमुना तहजीब के लिए जाना जाता है,अलविदा जुमे की नमाज में भी एक बार फिर से गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैंकवार योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

उन्होंने पाया कि कई बैंक शाखाओं में आवेदनों के निस्तारण एवं स्वीकृति की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया कि वे प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा स्वीकृति की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा तकनीकी कारणों से होने वाले निरस्त (रिजेक्शन) मामलों में पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जिन बैंक शाखाओं में सर्वाधिक आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं या प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दें, ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ उठा सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है, अतः इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, उपायुक्त उद्योग आशुतोष पाठक, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश, एलडीएम अभय श्रीवास्तव, प्रबन्धक गौरव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ब्रह्मचारिणी स्वरूप में पूजी गई मां

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को संगम नगरी पूरी तरह भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। शक्तिपीठों में शुमार माँ अलोपी देवी मंदिर (अलोप शंकरी) में तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां ललिता देवी सहित अन्य मंदिरों में लंबी कतारों में लगे भक्त जय माता दी के जयकारों के साथ माँ का आशीर्वाद पाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि का दूसरा दिन माँ दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप को समर्पित है। तपस्या और संयम की देवी के रूप में पूजी जाने वाली माँ ब्रह्मचारिणी की आराधना के लिए भक्तों ने फल, फूल, नारियल और चुनरी के साथ हाजिरी लगाई। शुक्रवार का दिन होने के कारण मंदिर में महिलाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक देखी गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने पुख्ता इंतजाम किए थे, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर से काफी दूर तक बैरिकेडिंग की गई थी।

# भजन के माध्यम से दी नव वर्ष की बधाई

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा हिन्दू नए वर्ष का स्वागत अभिनंदन उत्साह और धूमधाम से किया गया। भजन और संगीत के माध्यम से नूतन वर्ष का आगाज किया गया। झूंसी के होटल राघव इन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं संरक्षक महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि की उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष लालू मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन अंगवस्त्रम् करके एवं माल्यार्पण करके किया। लालू मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह नया वर्ष ऋतु परिवर्तन के साथ आरंभ हो रहा है, जिसमें ग्रीष्म ऋतु का समापन और बसंत ऋतु का आगमन होता है, वृक्षों से पुराने पत्ते झड़ते हैं और उनकी जगह पर नए पत्ते उगते हैं जो हमें परिवर्तन का बोध कराते हैं। मुख्य अतिथि अभिलाषा गुप्ता ने व्यापारियों को नए वर्ष और होली की शुभकामनाएं दी और निरंतर व्यापार में उन्नति, उज्ज्वल भविष्य स्वस्थ रहने और प्रगतिशील रहने की कामना की। संरक्षक महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि ने इस अवसर पर मातृशक्तियों को अबीर गुलाल तिलक लगाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। गंगापार अध्यक्ष राजेंद्र केशरवानी पप्पू ने बताया कि यह राष्ट्रीय पर्व पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिलों में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। जिला महिला अध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने सभी मातृ शक्तियों को अबीर गुलाल लगाया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अवस्थी, महामंत्री रवि शर्मा, महामंत्री गंगा पार रामबाबू केसरवानी, मीनू गुप्ता, डॉ रश्मि शुक्ला, रेनु राजसिंह, अर्चना, निधि केशरवानी, उषा गुप्ता, श्वेता मित्तल, नामित पार्षद पिंटू नेता, प्रदीप साहू दिलीप केसरवानी, पूर्व पार्षद सहित अनेक क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस में सुधार लाएं अधिकारी शिकायतकर्ता संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकताः सीडीओ



**असंतुष्ट फीडबैक पर सीडीओ सख्त, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

**जन-सुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, विभागवार समीक्षा में कई अधिकारी फटकारे**

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने जन-सुनवाई प्रणाली पोर्टल पर असंतुष्ट फीडबैक एवं लम्बित सन्दर्भो की ऑनलाइन विभागवार समीक्षा करते हुये कहा कि आई.जी.आर.एस. हमारी कार्यप्रणाली का आईना है, शासन स्तर से नियमित मॉनिटरिंग हो रही है इसलिए इसमें बेहतर प्रदर्शन करना आवश्यक है, सुनिश्चित किया जाये कि प्रतिदिन निर्धारित समय में जन-सुनवाई करते समय प्रत्येक शिकायतकर्ता संतुष्ट होकर लौटे। उन्होंने कहा कि सी.यू.जी. नंबर पर आने वाली कॉल्स को गंभीरता से लें, यदि अधिकारी स्वयं कॉल रिसीव कर शिकायतकर्ताओं से संवाद करेंगे तो उन्हें अपने विभाग की वास्तविक स्थिति, अधीनस्थों के कार्य और फीडबैक की सही प्रकार से जानकारी होगी, यह एक व्यावहारिक तरीका है, जिससे बिना किसी तीसरे माध्यम के विभागीय कार्यों का ऑकलन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धैर्यपूर्वक लोगों की बात सुनना एक अच्छे प्रशासनिक कार्य संस्कृति का हिस्सा है, इससे यह भी स्पष्ट होगा कि किस स्तर पर क्या कार्य हो रहा है और कहां सुधार की आवश्यकता है, सभी विभागों का लक्ष्य होना चाहिए कि संतुष्टि का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़े। उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसी कार्य-संस्कृति विकसित करना होना चाहिए कि लोगों को शिकायत दर्ज कराने के लिए जन सेवा केन्द्र या सी.एम. हेल्पलाइन का सहारा ही न लेना पड़े, जनपद विकास कार्यो की रेंकिंग में प्रायः टॉप-10 में रहता है और अब आई.जी.आर.एस. में भी शीर्ष स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य होना चाहिए। सी.डी.ओ. ने कहा कि अधिकारी स्वयं प्रतिदिन आई.जी.आर.एस. पोर्टल को लॉगिन करें, प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में हो, शिकायतकर्ता से वार्ता के उपरांत ही उसके संतुष्ट होने पर निस्तारण आंख्या अपलोड की जाए, किसी प्रकरण में लगातार असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हो रहा हो तो असंतोषजनक फीडबैक को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, पिछले महीने की तुलना में वर्तमान स्थिति बेहतर है, जो सकारात्मक संकेत है, जहां अधिक प्रकरण आ रहे हैं, वहां विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायती राज विभाग में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं है, बड़ी संख्या में संदर्भो को स्पेशल क्लोज किया जा रहा है, जिस कारण जनपद की रैकिंग खराब रहती है, पंचायती राज विभाग में मांग के सन्दर्भो पर स्पेशल क्लोज कदापि न हों, सुनिश्चित किया जाये।

# कांग्रेस ने किया इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' द्वारा श्री लालसा राय इंटरमीडिएट कॉलेज, सठियांव के प्रांगण में 'दावत- ए - इफ्तार' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर रोज़ा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि रमज़ान का महीना इंसानियत, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ की धरती हमेशा से गंगा-जमुनी संस्कृति की प्रतीक रही है और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और समाज में प्रेम व एकता का संदेश फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में बेलाल बेग, नजम शमीम, रियाजुल हसन, अंसार अहमद, शाने आलम, नदीम ख़ान, मो. आमिर, हाफिज मंजूर, अबूलास, हाजी इफ़्तिख़ार, जावेद मंदे, नोमान प्रधान, आदिल प्रधान, वासिक प्रधान, अजीत राय , चंद्रपाल सिंह यादव, तेज बहादुर यादव, इमरान मास्टर, फुजैल, जुल्फिकार बेग, राफ़े सोहराब, अबुल कलाम शाहिद, बरकत बेग, संतोष सिंह, फ़ैज़ी नसीम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कांग्रेस कार्यकर्ता तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे द्य कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की।

# अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विश्वकर्मा भवन नरौली पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्वमंत्री श्री राम आसरे विश्वकर्मा जी थे। विशिष्ट अतिथि पूर्वमंत्री दुर्गा प्रसाद यादव पूर्वमन्त्री चन्ददेव राम यादव जिलाध्यक्ष हवलदार यादव विधायक अखिलेश यादव तथा करूनाकान्त मौर्य थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीरेंद्र विश्वकर्मा तथा संचालन नगर अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने किया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की पीडीए देश की सबसे उत्तम विचार धारा है। यही सभी की सुरक्षा भी करेगा तथा भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटायेगा तथा 2027 में सपा की सरकार बनायेगा, हमारी राजनैतिक हिस्सेदारी शून्य है। हमारे समाज के एमपी एमएलए विधानसभा लोकसभा में नहीं है। विश्वकर्मा समाज के उत्पीड़न की आवाज सदन में ?नही उठाया जा सकता क्योंकि विश्वकर्मा समाज के एमएलए नहीं है। भाजपा सरकार में विश्वकर्मा समाज का मन्त्री नहीं है जिस समाज का सरकार में मन्त्री नहीं होता है और उसकी हिस्सेदारी नही होती है उसका समाज का विकास नहीं हो सकता। विश्वकर्मा समाज की जनसंख्या 7 प्रतिशत है। प्रत्येक विधानसभा में हमारी वोट संख्या 10 हजार से 15 हजार है लेकिन संगठित न होने के कारण हमारी ताकत दिखायी नहीं देती। अगर हम एकजुट होकर निर्णय ले ले और एक साथ वोट करें तो हम सरकार बना सकते हैं। समाजवादी पार्टी ने विश्वकर्मा समाज की पहचान बनायी। एमएलसी बनाया सरकार में मंत्री बनाया विश्वकर्मा समाज की पहचान बनायी। भाजपा ने विश्वकर्मा समाज की पहचान मिटाया है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा का सार्वजनिक अवकाश माननीय अखिलेश यादव जी घोषित किया। भाजपा ने अवकाश निरस्त कर विश्वकर्मा समाज का अपमान किया।अगर सपा सरकार में विश्वकर्मा समाज का मन्त्री बना तो भाजपा सरकार में क्यों नहीं बना। भाजपा केवल वोट लेना चाहती है लेकिन समाज को कुछ देना नहीं चाहती। भाजपा हमें गुलाम और मजदूर बना कर रखना चाहती है। विश्वकर्मा स्कीम इसी का नतीजा है। ट्रेनिंग लो टूल किट्स लो और मजदूरी करो। अधिकारी मत बनो।डाक्टर इंजीनियर प्रोफेसर आईएएस मत बनो। यही इनका भाजपा का रामराज है। कार्यक्रम को राम अवतार विश्वकर्मा अमरनाथ विश्वकर्मा सुनील दत्त विश्वकर्मा हरिकेश विश्वकर्मा मनीष विश्वकर्मा संजय विश्वकर्मा हरिराम विश्वकर्मा विनोद विश्वकर्मा शम्भू नाथ विश्वकर्मा संन्दीप विश्वकर्मा राकेश विश्वकर्मा राम समुझ विश्वकर्मा आदि ने सम्बोधित किया।

# निसान ने स्पिनी के साथ मिलकर देशभर में शुरू किया 55 मिनट में व्हीकल एक्सचेंज करने का प्रोग्राम




**गुरुग्राम।** ग्राहकों को प्राथमिकता में रखने की अपनी पहल को मजबूती देते हुए निसान मोटर इंडिया ने स्पिनी के साथ मिलकर अपनी तरह का पहला 55 मिनट व्हीकल एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल के माध्यम से ग्राहकों की पुरानी का कार का मूल्यांकन तुरंत होगा और निसान मोटर से नई कार खरीदने पर उन्हें एक्सचेंज बोनस भी मिलेगा। 55 मिनट की एक्सचेंज प्रक्रिया के माध्यम से खरीदारी, बिक्री और एक्सचेंज के अनुभव को सुगम बनाया जाएगा। सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी, जिससे ग्राहकों की सहूलियत बढ़ेगी। 30 शहरों में स्पिनी के समर्पित इवैल्यूएटर्स स्पिनी टचपॉइंट्स पर शेड्यूल अपॉइंटमेंट एवं मांग के आधार पर डीलरशिप ऑपरेशन में मदद करेंगे। इन शहरों में निसान सेल्स टचपॉइंट्स पर स्पिनी काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे एक्सचेंज विकल्प चुनने में ग्राहकों को रियल-टाइम असिस्टेंस मिलेगा।

निसान डीलरशिप पर या स्पिनी के डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से सीधे अपना वाहन एक्सचेंज करने वाले ग्राहकों को निसान की नई कार खरीदने पर एक्सक्लूसिव एक्सचेंज बेनिफिट मिलेगा। इस गठजोड़ का प्रमुख लाभ एक्सचेंज की प्रक्रिया को आसान बनाना है। इस प्रक्रिया में स्पिनी की तरफ से जारी किए गए 'सेलिंग लेटर'को एक्सचेंज का प्रमाण माना जाएगा। इससे निसान के ग्राहकों के लिए ट्रांसफर्ड आरसी डॉक्युमेंटेशन की जरूरत खत्म होगी और ट्रांजैक्शन की पूरी प्रक्रिया सुगम बनेगी। ग्राहकों की सहूलियत को बढ़ाने के साथ-साथ यह साझेदारी बेहतर यूज्ड इन्वेंटरी मैनेजमेंट, इन्क्रिमेंटल लीड जनरेशन और कोलैबोरेटिव मार्केटिंग इनीशिएटिव के माध्यम से निसान के डीलर इकोसिस्टम को भी मजबूत करेगी। इससे ब्रांड की रिटेल एफिशिएंसी बढ़ेगी। डिजिटल और फिजिकल टचपॉइंट्स को इंटीग्रेट करते हुए निसान ज्यादा दृढ़ और ग्राहकों को केंद्र में रखने वाला रिटेल एनवायरमेंट बना रही है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा,'निसान मोटर इंडिया में हम ग्राहकों को केंद्र में रखने वाला ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे कार की ऑनरशिप का पूरा सफर आसान हो। स्पिनी के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करते हुए और तेजी से एक्सचेंज के माध्यम से हम सुगमता, पारदर्शिता और ग्राहकों एवं डीलर पार्टनर्स के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही इससे देश में हमारे विकास को भी समर्थन मिलेगा।'

स्पिनी के संस्थापक एवं सीईओ नीरज सिंह ने कहा, 'निसान मोटर इंडिया के साथ हमारी सतत साझेदारी कार ऑनरशिप के सफर को आसान करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। तेजी से एक्सचेंज, इवैल्यूएटर की ज्यादा मौजूदगी और इंटीग्रेटेड डीलरशिप टचपॉइंट्स के माध्यम से हम साथ मिलकर पूरे देश में ग्राहकों के लिए कार अपग्रेड की प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी और रिवार्डिंग बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।' इस साझेदारी ने ओईएम और यूज्ड कार प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन के मामले में नया मानक स्थापित किया है, जिससे ग्राहकों को बेहतर मूल्य मिलेगा और देश में निसान के विकास में मदद मिलेगी। भारत में निसान कारों की मौजूदा लाइन-अप पर इस प्रोग्राम का फायदा लिया जा सकता है।

नई निसान मैग्नाइट की सफलता ने विकास की मजबूत नींव तैयार की है, वहीं ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट की लॉन्चिंग कंपनी के बढ़ते पोर्टफोलियो की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 5.65 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की आकर्षक शुरुआती कीमत के साथ ग्रेवाइट निसान के वैल्यू-ड्रिवेन प्रपोजिशन को मजबूती देने वाली है। लिमिटेड पीरियड लॉन्च एडिशन से इसे और भी मदद मिली है।

# केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन




**लखनऊ।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में खेल प्रतियोगिता बीबीडी के डा. अखिलेश दास गुप्ता मैदान पर संपन्न हुई जिसमें विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों का उद्घाटन केनरा बैंक लखनऊ अंचल कार्यालय के अंचल प्रमुख/महाप्रबंधक अजित मिश्र, उप महाप्रबंधक प्रदीप कुमार एवं लखनऊ 1 क्षेत्रीय कार्यालय के उपमहाप्रबंधक राजेश द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में 2016 दक्षिण एशियाई गेम्स की जेवलिन थ्रोवर स्वर्ण पदक विजेता सुमन देवी एवं डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस लखनऊ साउथ निपुण अग्रवाल ने सम्मिलित होकर सभी का उत्साहवर्धन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ वन विजेता और लखनऊ टू उपविजेता बनी। मैन ऑफ द मैच बने अंशुमान सिंह, मैन ऑफ़ द सीरीज बने मनीष राय, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मनीष राय ने जीता, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अतुल यादव ने जीता, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार अतुल यादव को मिला। 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार सारक्षी सेठ ने जीता। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार मनीष राय द्वितीय पुरस्कार रवि प्रताप एवं तृतीय पुरस्कार प्रशांत तिवारी ने जीता।शॉट पुट प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में मनीष राय प्रथम, राजकमल द्वितीय, पीयूष श्रीवास्तव तृतीय रहे। महिला वर्ग में श्वेता तिवारी प्रथम, सारक्षी सेठ द्वितीय, प्रीती सिन्हा तृतीय रहीं। स्किपिंग प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रशांत तिवारी प्रथम, देवेश प्रताप द्वितीय एवं पीयूष श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। टग ऑफ वार में महिला वर्ग में कल्पना त्रिपाठी, साराक्षी सेठ, श्वेता तिवारी, ऋचा अमृता, अल्का यादव ने प्रथम पुरस्कार जीता.चेस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार प्रशांत तिवारी को मिला। इन खेलों का सफल आयोजन सीबीओए के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट धनंजय सिंह के नेतृत्व में कराया गया जिसमें जेजीएस अंशुमान सिंह, डीजीएस विवेक श्रीवास्तव, एजीएस विवेक सोनकर, रीजनल सेक्रेटरी लखनऊ वन संतोष कुमार, लखनऊ टू मनीष राय, असिस्टेंट रीजनल सेक्रेटरी पुष्पेंद्र सिंह, मोहम्मद इमरान, शिशिर श्रीवास्तव, रणविजय, चेयरमैन अशोक गहलौत, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी अखिलेश, लालजी, नितेश शर्मा, आर सी मेंबर नेहा तिवारी, प्रशांत, गोपी रमन, रवि, आकिब, आदर्श, सुनीत, मनोज, राजकमल, प्रभात, संचित, भृगुराज आदि मौजूद रहे।

## पोको ने पोको एक्स8 प्रो सीरीज लॉन्च की

**नई दिल्ली**भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी उपभोक्ता टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने आज अपनी पोको एक्स8 प्रो सीरीज लॉन्च कर दी है। इस सीरीज में पोको एक्स8 प्रो मैक्स , पोको एक्स8 प्रो और एक खास स्पेशल वर्जन विशेष संस्करण पोको एक्स8 प्रो आयरन मैन वर्जन शामिल हैं। एक्स सीरीज़ को एक कदम और आगे ले जाते हुए, इस नई सीरीज़ लाइनअप में क्लासिक-लेवल उच्च श्रेणी का प्रोटोटाइप प्रदर्शन, लंबी चलने वाली बैटरी, शानदार मनोरंजन एंटरटेनमेंट और प्रीमियम डिज़ाइन की बेहतरीन खासियत दी गई है। यह उन अप्लायंसेज यूजिएट्रिक्स पोर्टफोलियो के लिए एक बेजोड़ और शानदार अनुभव है, जो पूरा ध्यान प्रदर्शित करता है।

**पावरफुल चिपसेट और गेमिंग अनुभव**

इस सीरीज को अगली पीढ़ी की नेक्स्ट-जेनरेशन चिपसेट की ताकत मिली है, जिसमें असल जिंदगी के इस्तेमाल में तेज गति और बेहतरीन दक्षता दक्षता की पेशकश के लिए डिजाइन किया गया है।

पोको एक्स8 प्रो मैक्सः यह भारत का पहला ऐसा स्मार्टफोन है जिसमें डाइमेंसिटी 9500एस चिपसेट दिया गया है। यह 3nm आर्किटेक्चर तकनीकी संरचना पर बना है।

पोको एक्स8 प्रोः इसमें डाइमेंसिटी 8500-अल्ट्रा प्लेटफॉर्म दिया गया है, जो शानदार परफॉर्मेंस और बैटरी की सुरक्षा प्रदान करता है।

ये दोनों हाईटेक पॉपुलर मोबाइल गेम्स में 120स्लक्र फ्रेम प्रति सेकंड तक के गेमप्ले को सपोर्ट करते हैं, जिससे गेमिंग का अनुभव बेहद सहज डॉगल और बैकलैशनल रिस्पॉन्सिव हो जाता है।

पोको एक्स8 प्रो मैक्सः यह आपको सफेद, काला और नीला रंग में मिलेगा। पोको एक्स8 प्रोः यह ब्लैक, व्हाइट और ग्रीन कलर में उपलब्ध होगा। आयरन मैन का विमोचनः यह एक खास रेलवे स्टेशन विशेष तकनीकी फर्म में पेश किया गया है।

# 5,79,900 रुपये की शुरुआती कीमत नई हुंडई एक्सटर के साथ ड्राइव टू शाइन के लिए हो जाए तैयार

**गुरुग्राम।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड एचएसएमएल ने आज नई ह्यूंडई एक्सटर की लॉन्चिंग शुरू की। यह ब्रांड का लोकप्रिय मॉडल एक स्टाइलिश और आकर्षक नया रूप है। वैल्युएस्ट वैल्युएस्ट पावरट्रेन और वैरायटी के लिए इंवेस्टिगेशन और क्रिटिक्स, दोनों की पसंद रही ह्यूंडई एक्सटर ने वैल्युएस्ट वैल्युएबल डिजाइन को इलेक्ट्रानिक्स और एडवांस्ड कन्वीन डियन्स टेक सुविधा जनरल टेक्नोलॉजी, वैल्युएस्ट पावरट्रेन और वैरायटी के साथ जोड़ा है।

नई ह्यूंडई एक्सटर की लॉन्चिंग के बाद से ही ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के ऑटोमोबाइल डायरेक्टर प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री युवा गर्ग ने कहा, आपकी लॉन्चिंग के बाद से ही हुंडई एक्स्टर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिली है। पूरे भारत में 2 लाख से ज्यादा




वैल्यूएशन का भरोसा हासिल हुआ। बोल्ड डिजाइन और वैलिडिटी डिफाइनिंग पार्ट्स के साथ ह्यूंडई एक्सप्रेस ने इस क्षेत्र में नई कंपनी से गढ़ने में अहम भूमिका निभाई। इसी मजबूत इंस्टालेशन पर आगे बढ़ती हुई नई ह्यूंडई एक्सटर ड्राइव टू शाइन की नई भावना को बढ़ावा मिलता है। इसमें रिफ्रेश्ड स्टाइलिंग, ज्यादातर प्रीमियम केबिन , स्मार्ट यूनिटी और सिक्योरिटी एक पैकेज के रूप में है।

**बेहतरीन एक्सटीरियर**

नई हुंडई एक्सटर ने फ्रंट और शेयर बम्पर के बोल्ड डिजाइन, नए लीडर से तैयार किए गए ब्लैक रियाल ग्रिल और शानदार नए आर 15 डायमंड कट अलॉय व्हील्स के साथ अपनी शानदार उपस्थिति और भी भव्य बनाया है। इसके अलावा एक स्पोर्टी वाइट-प्लाट स्पॉइलर इसे सड़कों पर एक अनोखी पहचान देता है। यह अपनी श्रेणी की सबसे लंबी कार है, जिसमें सबसे बड़े व्हीलबेस हैं, जो सभी यात्रियों के लिए अधिक हेडरूम और बेहतर आरामदायक सुरक्षा प्रदान करती है।

**एक्सटेरियर में प्रमुख सुधार**

नया केंद्र गार्निशः इसके साथ प्रचुर मात्रा में प्लास्टर और बोल्ड फ्रंट फेसिया।

बड़ा आकारः सबसे बड़ा पहिया, बेस के साथ श्रेणी, सबसे लंबा।

प्रोफाइल प्रोफाइलः नए टेलगेट और सी-पिलर गार्निश के लिए अधिक शार्प और स्पोर्टी लुक ।

व्हील आर्क क्लैडिंगः अतिरिक्त क्लैडिंग के लिए अत्यधिक मजबूत और मस्कुलर लुक।

स्पिलरः नया और खास विंग-प्लास्ट स्पॉयलर।

सिटी इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ऑर्बियन जनरल्स के लिए एक मजबूत कंपनी लुक को एजिलिटी के साथ नई ह्यूंडई एक्सटर तैयार करने की योजना है, जो इसे सिटी और इंटरमीडिएट वीकेंड के सबसे बेहतरीन सहयोगी फॉर्मूलेशन में शामिल करता है।

## टॉयसा 2025: भारतीय खेलों का एक वर्ष एक मंच पर

**नई दिल्ली।** टॉयसा का आठवाँ संस्करण 21 मार्च 2026 को सेंट्रम होटल, लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन नामांकनों की एक साधारण सूची से कहीं अधिक है यह उस साल की झलक है जिसने कभी किसी एक दिशा में सीमित रहना स्वीकार नहीं किया।इस बार मंच पर वे महिला खिलाड़ी होंगी जिन्होंने भारत को वनडे विश्व कप की ट्रॉफी दिलाकर देश का मान बढ़ाया, साथ ही वह कोर टीम भी जिसने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर और टी -20 विश्व कप में विजय हासिल कर सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत का दबदबा पुनः स्थापित किया। इसके अतिरिक्त, ऐसे एथलीट भी शामिल हैं जिन्होंने बिना अधिक चर्चा के विभिन्न महाद्वीपों में पदकों की झड़ी लगाई एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दोहरे स्वर्ण पदक से लेकर विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम तक अपना नाम दर्ज कराया।टॉयसा 2025 की प्रमुख श्रेणियों में बैडमिंटन में पुरुष वर्ग में लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किरण जॉर्ज, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि महिला वर्ग में तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा, ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद नामांकित हैं।क्रिकेट में पुरुष वर्ग की शॉर्टलिस्ट में शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती, केएल राहुल और कुलदीप यादव शामिल हैं, जबकि महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा को स्थान मिला है।हॉकी में पुरुष वर्ग के लिए अभिषेक नैन, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास नामांकित हैं, जबकि महिला वर्ग में उदिता दुहान, नवनीत कौर, मुमताज खान और रुतुजा पिसाल शामिल हैं।शूटिंग में पुरुष वर्ग में सम्राट राणा, रविंदर सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अनीश, वरुण तोमर और रुद्रांक्ष पाटिल शॉर्टलिस्ट किए गए हैं, जबकि महिला वर्ग में सुरुचि इंदर सिंह, सिमरनप्रीत कौर, ईशा सिंह, एलावेनील वलारिवन, सिफ्त कौर समरा और मनु भाकर को स्थान मिला है।एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) में पुरुष वर्ग में नीरज चोपड़ा, अनिमेष कुजूर, गुलवीर सिंह और सचिन यादव शामिल हैं, जबकि महिला वर्ग में पारुल चौधरी, रूपल चौधरी, ज्योति यार्राजी और पूजा सिंह नामांकित हैं।वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर) पुरस्कार के लिए दिव्या देशमुख, सुरुचि इंदर सिंह, स्मृति मंधाना और सम्राट राणा के नाम शॉर्टलिस्ट किए हैं।

## बेहद लोकप्रिय हरियाणवी म्यूज़िक शीशा का धमाकेदार वीडियो आउट

**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय संगीत अब अपनी पहचान के लिए इंतज़ार नहीं कर रहा है, बल्कि यह आगे बढ़कर लीड कर रहा है। हफ्तों तक वायरल चार्ट्स, प्लेलिस्ट्स, रील्स और श्रोताओं की लूप पर राज करने के बाद, मित्ता रोर और स्वरा वर्मा के वायरल हिट गीत शीशा (आख्यां में आंख घाली जो बैरण) का बहुप्रतीक्षित आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो अब रिलीज़ हो गया है, जिसमें सोराब बेदी और निहारिका तिवारी नज़र आ रहे हैं!

मित्ता रोर द्वारा लिखित और संगीतबद्ध, स्वरा वर्मा की बेहतरीन आवाज़, ये ईश्वर द्वारा निर्मित और तेज़ी संधू द्वारा निर्देशित, शीशा धीरे-धीरे एक रीजनल रिलीज़ से देश के सबसे चर्चित गानों में से एक बन गया है। यह वीडियो उसी लय को आगे बढ़ाता है और ट्रैक की शानदार एनर्जी को एक ऐसी कहानी में बदल देता है जो संगीत की तरह ही दिल को छू लेने वाली लगती है।

वीडियो के मुख्य आकर्षण राजमा चावल और तीखी मिर्ची, यानी सोराब बेदी और निहारिका तिवारी हैं, एक ऐसी जोड़ी जिसे दर्शक पहले से ही ऑनलाइन खूब पसंद कर रहे हैं। जब इस ट्रैक के साथ दोनों के फैन एडिट्स बड़े पैमाने पर वायरल होने लगे, तो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के कारण इस गाने को अपने आप ही एक वायरल मोमेंट मिल गया। उसी लहर को आगे बढ़ाते हुए, अब आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो उन्हें एक साथ लेकर आया है, जिसने फैंस की कल्पना को एक शानदार विज़ुअल ट्रीट में बदल दिया है!

चार्ट के आंकड़े खुद अपनी कहानी बयां करते हैं। शीशा वर्तमान में स्पॉटिफाई इंडिया चार्ट्स पर स2 और बिलबोर्ड इंडिया चार्ट्स पर स3 नंबर पर है, जो सभी प्लेटफॉर्म्स पर इसके लगातार दबदबे को दर्शाता है। इस पर 1.8 मिलियन से ज़्यादा इंस्टाग्राम रील्स बन चुकी हैं, जिससे यह सोशल मीडिया पर एक बेहद लोकप्रिय साउंड बन गया है। स्पॉटिफाई पर इसके 40 मिलियन से ज़्यादा स्ट्रीम्स और यूट्यूब पर 40 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ हो चुके हैं, साथ ही 1 मिलियन से ज़्यादा यूट्यूब शॉर्ट्स भी बन चुके हैं। अब वीडियो आने के साथ, यह ट्रैक और भी बड़ा होता जा रहा है।

इस सफलता के पीछे मित्ता रोर का हाथ है, जो उन उभरती हुई आवाज़ों में से एक हैं जो हरियाणवी पॉप को वैश्विक स्तर पर ले जा रहे हैं। उनका संगीत क्षेत्रीय कहानियों के देसीपन को नए ज़माने की बीट्स के साथ मिलाता है, जिससे एक ऐसा साउंड बनता है जो ज़मीन से जुड़ा हुआ और सभी को पसंद आने वाला लगता है। उनके साथ, स्वरा वर्मा की आवाज़ शीशा में एक अलग पहचान लाती है, जो इस ट्रैक में एक खास निखार और ठहराव जोड़ती है, जिसने स्पष्ट रूप से श्रोताओं के दिलों में जगह बना ली है।

वीडियो रिलीज़ के बारे में बात करते हुए, मित्ता रोर कहते हैं, ÷मुझे शीशा के लिए जो भी प्यार मिला है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। जब हम इसे बना रहे थे, तो मैंने नहीं सोचा था कि यह कितना बड़ा होगा, मैं बस गाने के प्रति ईमानदार था। पूरे भारत में इसे जो प्यार मिला है वह अवास्तविक सा लगता है, यह दिखाता है कि जब वाइब जुड़ती है तो भाषा कोई रुकावट नहीं होती।

## भीम पेमेंट्स ऐप ने एमएस धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर




**लखनऊ।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने आज विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को BHIM Payments App, भारत का अपना पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं–ऐसे मूल्य जो पीढ़ियों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है, जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूज़र विश्वास पर केंद्रित है।इस विकास पर बात करते हुए एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज ने कहा, भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहे हैं और अब विकास का अगला चरण यूज़र की पसंद को मजबूत करने और उनके विश्वास को और गहरा करने पर केंद्रित है। एमएस धोनी को हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने का उद्देश्य BHIM पेमेंट्स ऐप को सिर्फ एक पेमेंट्स विकल्प नहीं, बल्कि हर भारतीय परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए पसंदीदा ऐप के रूप में स्थापित करना है। जैसे-जैसे BHIM अपने अगले विकास चरण में प्रवेश कर रहा है, विश्वास हमारे हर कदम के केंद्र में है। धोनी उसी विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो समय के साथ बना है। इसलिए यह साझेदारी स्वाभाविक लगती है।

# एलायंस ने भारत का पहला आर-1 प्लस बायस रिलेटिव टायर एग्री-हॉल लॉन्च किया




**लखनऊ।** कृषि एवं ऑफ-हाईवे (खेतों और कच्चे मोर्टार) टायरों के प्रमुख वैश्विक ब्रांड एलायंस ने आज भारत में अपने नए टायर एग्री-हॉल को पेश किया है। यह देश का पहला आर-1 साभार टायर है।

एग्री-हॉल का आर-1 व्यावसायिक व्यापार डिजाइन (टायर की सतह के आधार) सामान्य अवशेष टायरों की तुलना में अधिक गहराई प्रदान की जाती है। इससे टायर की विश्वसनीयता की उम्र आधी है और यह भारतीय कृषि कार्य के लिए बेहद अचूक साबित होता है। इसके अलावा, इस टायर को पंचर से बेहतर सुरक्षा और मिट्टी पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

योकाहामा-एटीजी के मुख्य तकनीकी अधिकारी (सीटियो) द्युतिमान चट्टोपाध्याय ने कहा, ÷एलायंस एग्री-हॉल ने एक पूरा एक पेपर तैयार किया है, जिसमें मछली की खेती के साथ-साथ (होलेज) की खेती पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमें पूरा विश्वास है कि भारतीय किसान हमारे इस नए उत्पाद के डिजाइन का अनुभव लेकर आएंगे।÷

वहीं, भारत सरकार के उपाध्यक्ष अनुज ठाकर ने कहा, भारत में पहला आर-1 सिक्स बायस इंजीनियर टायर लॉन्च किया गया, यह हमारे लिए गर्व की बात है। इसे भारतीय खेती के दायरे के लिए विकसित किया गया है। भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम किसानों की अलग-अलग कंपनियों के लिए अलग-अलग स्टॉक में समाधान करते हैं।

**टायर की मुख्य विशेषताएं-**

गंभीर ट्रेड वाला आर-1 एडवांस डिजाइनः इससे टायर घिसटा कम है और लंबे समय तक चलता है।

विशेष डिजाइन डिजाइनः यह साओकेल की प्राकृतिक मिट्टी में टायर की बेहतर पकड़ (ट्रैक्शन) सुनिश्चित करता है।

## आर्किटेक्ट्स के लिए स्पेशलाइज़्ड कार्यक्रम की घोषणा

CEPT UNIVERSITY

**कानपुर।** जैसे-जैसे शहरों का विस्तार हो रहा है और पर्यावरणीय चुनौतियाँ अधिक गंभीर होती जा रही हैं, आज के आर्किटेक्ट्स को केवल इमारतों के डिजाइन से आगे की क्षमताओं की आवश्यकता है। उन्हें सांस्कृतिक विरासत की रक्षा, परिदृश्य प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील प्रतिक्रिया देने की समझ भी विकसित करनी होगी। इन चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार करने हेतु, सीईपीटी युनिवर्सिटी के फैकल्टी ओएफ आर्किटेक्चर में दो विशेषीकृत स्नातकोत्तर कार्यक्रम शामिल हैं मास्टर्स इन कंज़र्वेशन एंड रीजेनेरेशन और मास्टर्स इन लैंडस्केप आर्किटेक्चर जो आर्किटेक्ट्स के लिए करियर के दायरे को विस्तृत करते हैं। ये दोनों कार्यक्रम के आवेदन की अंतिम तिथि- 31 मार्च, 2026 है। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जिन्हें इतिहास, तकनीक, वास्तुकला और शहरी डिज़ाइन के संगम में रुचि है। यह उन्हें संरक्षण के बढ़ते क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार करता है। इसका पाठ्यक्रम उद्योग और सरकार द्वारा ऐतिहासिक परिवेशों के संरक्षण और उन्नयन में किए जा रहे बढ़ते निवेशों के साथ जुड़ा हुआ है। ऐतिहासिक इलाकों के संरक्षण और पुनर्स्थापन में अधिक निवेश कर रहे हैं, वैसे संरक्षण और पुनर्जीवन की समझ रखने वाले पेशेवरों की मांग भी पूरे देश में बढ़ रही है। मास्टर्स इन लैंडस्केप आर्किटेक्चर यह एम.आर्क कार्यक्रम लैंडस्केप, पारिस्थितिकी और समाज के संगम पर काम करने वाले पेशेवरों को तैयार करता है। CEPT में पोस्टग्रेजुएट शिक्षा केवल स्नातक कार्यक्रम का विस्तार नहीं है। यह सोच-समझकर की जाने वाली विशेषज्ञता का एक मंच है। यहाँ स्टूडियो प्रयोगशालाओं की तरह कार्य करते हैं–ऐसी जगहें जहाँ वास्तविक दुनिया की चुनौतियों पर रचनात्मक अन्वेषण किया जाता है। छोटे ग्रुप्स में छात्र विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ मिलकर विचार विकसित करते हैं, प्रोटोटाइप का परीक्षण करते हैं और निरंतर संवाद व आलोचनात्मक समीक्षा के माध्यम से अपने दृष्टिकोण को परिष्कृत करते हैं।

# राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही समीक्षा बैठक का आयोजन

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), उ. प्र.की दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक का आयोजन एस. पी. गोयल, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता तथा लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं अध्यक्ष, एसएलबीसी, उत्तर प्रदेश की सह-अध्यक्षता में सभागार, मुख्य सचिव कार्यालय, लखनऊ में किया गया।

बैठक में पंकज कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ, चंद्रदीप कुमार झा, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार (वीसी के माध्यम से), रवीन्द्र, प्रमुख सचिव, कृषि, संदीप कौर, महानिदेशक, संस्थागत वित्त, उ.प्र. अपूर्वा दुबे, निदेशक, सूडा इंद्रजीत सिंह निदेशक, यूपी-नेडा, जयनाथ यादव, एएमडी, यूपी-एसआरएलएम, पंकज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ,शैलेन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी (उ.प्र.) सहित केंद्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सिडबी अन्य वित्तीय



संस्थानों एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अपने स्वागत सम्बोधन में महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0 ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा दिसम्बर त्रैमास के दौरान प्रदेश में हुई विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति से सभा को अवगत कराया।

बैठक के प्रारंभ में लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बजट समावेशी विकास, निवेश एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने बैंकों से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने, एमएसएमई,कृषि एवं स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा क्रेडिट प्लस अप्रोच अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि राज्य में बैंकों का कुल व्यवसाय 32.79 लाख करोड़ तक पहुँच चुका है . साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन हेतु बैंकों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की।

मुख्य सचिव, उ. प्र.सरकार ने सभी बैंकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतत वित्तीय विकास सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ानी होगी तथा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने सभी बैंकों से अपेक्षा की कि प्रदेश के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करें। वित्तीय समावेशन, उद्यमिता विकास और कृषि सशक्तिकरण के माध्यम से प्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में संयुक्त प्रयास किए जाएं।

निधि कुमार, उप-महाप्रबन्धक, एसएलबीसी, उ0 प्र0 द्वारा विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों एवं योजनाओं की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा बैठक के दौरान मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन, ऋण विस्तार एवं राज्य के समग्र आर्थिक विकास को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पावर हिटर ईशान किशन ने एआई+ स्मार्टफोन के साथ मिलाया हाथ




जो स्मार्टफोन कभी समझौता नहीं करता, अब एक ऐसे क्रिकेटर के साथ जो कभी सीमाओं में नहीं बंधा

लखनऊ- एआई+ स्मार्टफोन ने आज भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग एक ऐसे ब्रांड और खिलाड़ी को साथ ला रहा है, जिन्होंने हमेशा सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बनाई है। यह साझेदारी ब्रांड और खिलाड़ी के बीच एक साझा सोच को दर्शाती है–कि महत्वाकांक्षा को कभी भी संसाधनों की कमी से सीमित नहीं होना चाहिए। एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी पहचान आधुनिक तकनीक, शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन डिजाइन के साथ बनाई है, महंगे हुए बिना। इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेस्ट क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा- ईशान किशन उस सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं जो एआई+ स्मार्टफोन की पहचान है। उन्होंने कभी किसी की अनुमति का इंतजार नहीं किया, बल्कि अपने खेल पर भरोसा किया और अपने दम पर इंडियन टीम में जगह बनाई। यही वह जज्बा है जिसके लिए हम काम करते हैं–ऐसे लोग जो अपने उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हैं और चाहते हैं कि उनके हाथ में मौजूद तकनीक भी उसी रफ्तार से चले। ईशान को साथ जोड़ना हमारे ब्रांड के अगले चरण की ओर बढ़ने का संकेत है, खासकर जब हम जल्द ही अपनी नोवा सीरीज लॉन्च करने जा रहे हैं। इस साझेदारी के तहत ईशान किशन आने वाले महीनों में एआई+ स्मार्टफोन के विभिन्न कैंपेन और ब्रांड गतिविधियों में नजर आएंगे।

# 'यक्ष ऐप' की मदद से खुला बाइक चोरी गैंग का राज, 3 शातिर गिरफ्तार

○ चार थाना क्षेत्रों में हुई चोरी का पुलिस ने एआई तकनीकी से खोला राज

अवधनामा ब्यूरो



पुलिस गिरफ्त में वाहन चोर

**कुशीनगर।** जनपद थाना कसया, कोतवाली पडरौना व थाना तुर्कपट्टी क्षेत्र में हुई बाइक चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में आधुनिक तकनीक 'यक्ष ऐप' ने अहम भूमिका निभाई।

पुलिस के अनुसार, 5 मार्च 2026 को धर्मशाला रोड स्थित एक निर्माणाधीन भवन के सामने से अपाचे मोटरसाइकिल तथा 26 फरवरी 2026 को सुभाष चौक बस स्टेशन के पास से रॉयल बुलेट चोरी कर ली गई थी। दोनों मामलों में कोतवाली पडरौना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीमों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन स्पष्ट सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद 'यक्ष ऐप' की मदद से क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन ट्रेस की गई। रेलवे क्रॉसिंग के पास लगे एक कैमरे में संदिग्ध दिखाई दिए, जिनमें से एक का चेहरा आंशिक रूप से स्पष्ट था। एआई तकनीक की सहायता से चेहरे को साफ कर 'यक्ष ऐप' पर फेस सर्च किया गया, जिससे एक संदिग्ध की पहचान हुई। इसके बाद ऐप के जरिए विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें पनकी ब्यूटी पार्लर के पास आरोपियों की गतिविधियां और चोरी से पहले रेकी करते हुए दृश्य सामने आए। फुटेज के आधार पर आरोपियों के भागने का रास्ता कसया, कुबेरस्थान और तुर्कपट्टी क्षेत्र की ओर पाया गया। शक के आधार पर इन क्षेत्रों के आपराधिक रिकॉर्ड 'यक्ष ऐप' पर खंगाले गए, जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर की पहचान शुभम उर्फ शिवम के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों में पकड़े गए अभियुक्तों में शिवम उर्फ शुभम उर्फ शिवकुमार पुत्र राजकुमार निवासी राम गुलाम टोला थाना कोतवाली देवरिया जनपद देवरिया हाल मुकाम बाबू बाजार फाजिल नगर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर उम्र करीब 22 वर्ष, सुलेमान राईनी पुत्र वकील राईनी निवासी रामधाम जंगल विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर उम्र 23 वर्ष व शशिरंजन तिवारी पुत्र परमहंस तिवारी निवासी बेलाव थाना दरौली जिला सिवान बिहार उम्र करीब 24 वर्ष शामिल है। अभियुक्तों के पास से चोरी की एक पिकअप वाहन, एक जनरेटर रॉयल बुलेट मोटरसाइकिल व एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि 'यक्ष ऐप' के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी नेटवर्क की सहायता से अपराधियों की पहचान कर त्वरित गिरफ्तारी संभव हो सकी। इस सफलता से जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## फरार चल रहे हत्यारोपी को पुलिस ने धर दबोचा

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार बाजार के शुक्ल टोला निवासी फरार चल रहे सुभाष चंद के बेटे जंत्री को पुलिस ने इंदरपुर से परतावल जाने वाली सड़क के नजदीक नये बिजली घर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया ।

जंत्री पुत्र सुभाषचंद बोदरवार निवासी गोविंद साहनी की हत्या में वांछित था और फरार चल रहा था। गोविंद साहनी की 13 मार्च को पीटकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें मुख्य आरोपी सुभाषचंद पहले से ही जेल में है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन सिंह के पर्यवेक्षण में कप्तानगंज थानाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह, विमलेश यादव और संतोष चौहान द्वारा गिरफ्तारी की गई।

# सेवरही में एचपीवी वैक्सीनेशन हेतु स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

○ 14 से 15 वर्ष के आयु के बीच की किशोरियों को टीका लगेगा

अवधनामा संवाददाता



सीएचसी सेवरही में प्रशिक्षण के दौरान वैक्सिनेटर्स, सुपरवाइजर्स एवं प्रशिक्षक चिकित्सक

**सेवरही, कुशीनगर।** बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवरही के सभागार में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से वैक्सिनेटर्स, वेरिफायर्स एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षक अमित जायसवाल तथा जनपद से आए एसएमओ (आरआरटी) की उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें टीकाकरण प्रक्रिया में दक्ष बनाना था। इस दौरान विशेषज्ञों ने वैक्सीन के लाभ, उपयोग की विधि, टीकाकरण के समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा संभावित दुष्प्रभावों के प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया, जिससे प्रशिक्षण और अधिक प्रभावी रहा।

प्रशिक्षकों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एकल डोज में यह टीका लगाया जाएगा। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवरही एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरया सुजान को टीकाकरण केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

प्रशिक्षण में यह भी जानकारी दी गई कि टीकाकरण अभियान सप्ताह के सभी सातों दिन संचालित होगा, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों को शामिल कर एचपीवी वायरस से होने वाले खतरों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान डॉ मुकेश यादव (छ्ढ्ढह्), डॉ सुनील कुमार, डॉ महेश्वरम कृष्णन, डॉ अरविंद यादव, डॉ सलोनी, डॉ अन्नू सोनी,अरुण कुमार सिंह (एरो), हरेन्द्र सिंह, विमलेश दुबे आदि मौजूद रहे।

# लोग सोये हैं कोई तो होता जगाने वाला

अवधनामा ब्यूरो




**अमेठी।**अवधी साहित्य संस्थान की ओर से शुक्रवार को स्थानीय डाक बंगले में नवसंवत्सर पर होली मिलन एवं कवि गोष्ठी का शुभारम्भ राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल अमरेश की वाणी वंदना से हुआ। प्रथम सत्र में अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि अवधी साहित्य संस्थान अमेठी एवं उत्तर प्रदेश हिन्दी साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च को रविंद्रालय के पुस्तक मेले में अवधी विमर्श एवं कवि सम्मेलन में तमाम जनपदों के बीच संस्थान का परचम लहराया जाना सौभाग्य पूर्ण क्षण बना।इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का उल्लास मनाया गया।

द्वितीय सत्र में कवियों ने अपनी रसभरी रचनाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।अध्यक्षता करते हुए राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल अमरेश ने पढ़ा - भावना आप सब की निराली रहे ईद और होली दीवाली रहे। ओज कवि रामेश्वर सिंह निरास ने पढ़ा- ऊंच नीच जाति पाति सबका बिसारि बन्धु त्याग बलिदान कै चिराग तू जलावा करा।

रामबदन शुक्ल पथिक ने पढ़ा - जिनका बोतल से हरदम सरोकार है जाम चढ़ जाये तो सपना साकार है। मोहम्मद शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा- लोग सोये हैं कोई होता तो जगाने वाला। जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा- सरसों कै फूल मुरझाने हो रामा पिया नाही आये हो रामा।रामकुमारी संसृत ने पढ़ा -हाथ में लेकर गुलाल लाल रंग डालूं कैसे। सबके प्रति अंत में आभार व्यक्त करते हुए डॉ अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा -करनी धरनी कै आगार तुंहीं तोहरे बिनु बैतरनी के पार करे।इस अवसर पर सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल कैलाश नाथ शर्मा बाल कृष्ण ओझा अभिनव मिश्र रीता देवी मग्गे एवं मुन्ना लाल आदि उपस्थित रहे।

# अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा की नमाज, ईद-उल-फितर आज

○ नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन व तरक्की की मांगी गई दुआ

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** मुकद्दस माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे पर जनपद कुशीनगर की मस्जिदों में अकीदत और एहतराम के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर बड़ी तादाद में रोजेदार नमाज के लिए मस्जिदों में पहुंचे और इबादत के बाद देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगीं।अलविदा की नमाज को लेकर मस्जिदों में पहले से ही साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिससे नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

रमजान के आखिरी शुक्रवार को अदा की जाने वाली इस खास नमाज का विशेष महत्व होता है। दोपहर बाद से ही मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदारों ने इस अवसर पर गरीबों और जरूरतमंदों को सदका और जकात अदा कर इंसानियत का पैगाम दिया। जिले की विभिन्न मस्जिदों में उलेमाओं ने तकरीर करते हुए रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि यह महीना रहमतों और बरकतों का महीना है, जिसमें अल्लाह तआला हर नेक अमल का सवाब कई गुना बढ़ा देते हैं। उलेमाओं ने लोगों से अपील की कि वे रमजान की सीख को अपनी जिंदगी में उतारें और पूरे साल बुराइयों से दूर रहकर भलाई और इंसानियत के रास्ते पर चलें।

लक्ष्मीपुर जामा मस्जिद में मौलाना नेयाज अहमद ने अलविदा की नमाज अदा कराई। इसके अलावा पडरौना, हाटा, कसया, कप्तानगंज, तमकुहीराज और खड्डा सहित जिले की प्रमुख मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस मौके पर विशेष रौनक और धार्मिक माहौल देखने को मिला।

## रोजा इफ्तार का आयोजन, आपसी भाईचारे का दिया संदेश



**अवधनामा संवाददाता, मथौली, कुशीनगर।** गांव में आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान लक्ष्मीपुर अकमल हुसैन द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। इफ्तार कार्यक्रम में सभी ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और देश में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम में हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिली, जहां सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। प्रधान अकमल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और प्रेम को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से मिलजुल कर रहने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। प्रधान ने बताया कि ईदगाह की भी साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दी गई है।

# स्कूली वाहनों की जांच हेतु विशेष कैंप, 130 वाहनों का हुआ निरीक्षण



स्कूलों में वाहनों की जांच करते एआरटीओ

अवधनामा संवाददाता

**कुशीनगर।** सुप्रीम कोर्ट एवं शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद कुशीनगर में स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एआरटीओ मो. अजीम के निर्देशन में एआरटीओ कार्यालय, रविंद्रनगर में प्रातः 8 बजे से अपराह्न 1 बजे तक विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप के दौरान कुल 130 स्कूली वाहनों का भौतिक एवं तकनीकी निरीक्षण किया गया। साथ ही चालकों एवं परिचालकों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। निरीक्षण में 125 वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 5 वाहन मानकों पर खरे नहीं उतरे। इन वाहनों के संबंध में संबंधित विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को 15 दिनों के भीतर कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी स्कूली वाहन शासन के मानकों के अनुरूप ही चलाए जाएं। जांच के दौरान यदि कोई वाहन नियमों के विपरीत पाया जाता है तो उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## रेशम विभाग ने लगाया एक दिवसीय मेला प्रदर्शनी

**बस्ती ।** राजकीय रेशम फॉर्म कजरीकुंड पर रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम योजना अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेले/प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. राज्य मंत्री, उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश महेश कुमार शुक्ल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

विशिष्ट अतिथि विधायक हरैया प्रतिनिधि सरोज मिश्र द्वारा भी प्रतिभागियों को योजना से जुड़कर स्वावलंबी बनने की शुभकामनाएं दी गयी। कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डा. राम लखन राम तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. प्रेमशंकर द्वारा कृषकों को रेशम कीट पालन से संबंधित जानकारी दी गई। रेशम मेले में दो प्रगतिशील रेशम उत्पादकों श्रीमती सरपता व सुश्री चांदनी को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# कच्छा-बनियान गिरोह की दहशत दिन में लूट का प्रयास विफल



करजहा गांव में पहरा देती पुलिस व ग्रामीण

○ ग्रामीणों की सतर्कता से भागे संदिग्ध, रातभर पुलिस गश्त से गांव में लौटी राहत

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के करजहा गांव में इन दिनों कच्छा-बनियान गिरोह की दहशत देखने को मिल रही है। बुधवार को दिनदहाड़े कुछ संदिग्ध लोगों ने लूट का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता के चलते उनकी मंशा विफल हो गई। ग्रामीणों ने जब उनका पीछा किया तो एक संदिग्ध व्यक्ति पागलों जैसा व्यवहार करने लगा और मौके से भाग निकला।


ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले शाम करीब सात बजे गांव के बाहर स्थित एक सरकारी स्कूल के पास आधा दर्जन संदिग्ध लोग देखे गए थे। सभी काले रंग की टी-शर्ट और कच्छा पहने हुए थे तथा पीठ पर स्कूल बैग टांगे हुए थे। उस समय ग्रामीणों ने उन्हें पास के ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर समझकर नजरअंदाज कर दिया।रात होते-होते वही संदिग्ध दोबारा गांव में घूमते नजर आए और किसी वारदात को अंजाम देने की कोशिश करने लगे। इस पर ग्रामीणों ने शोर मचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही करीब 15 मिनट के भीतर पटहेरवा थाना के एसओ धीरेंद्र कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पूरी रात गांव में डेरा डाले रखा और लगातार गश्त करती रही। खुद एसओ धीरेंद्र राय तीन बार पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और आसपास के गांवों, मुख्य मार्गों तथा संपर्क मार्गों पर भी भ्रमण करते रहे। वहीं, ग्रामीण भी पूरी रात 'जागते रहो' की आवाज लगाते हुए गांव में घूमते रहे और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि गांव में फेरी लगाने वाले, भीख मांगने वाले या बिना किसी पहचान के आने वाले लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति का फोटो और वीडियो बनाकर पुलिस को सूचना देने पर भी सहमति बनी है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभूषण मिश्र ने बताया कि पुलिस की तैनाती के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई, 3 हजार लीटर डीजल बरामद



**कुशीनगर।** जिले में पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में डीजल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी चौकी पुलिस ने बिहार ले जाए जा रहे डीजल को पकड़ा। मौके से 16 ड्रम में रखा करीब 3 हजार लीटर डीजल बरामद किया गया। टीम की इस कार्रवाई से कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि एक माह पूर्व जिलाधिकारी ने पेट्रोल-डीजल की अवैध बिक्री और तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में यह संयुक्त अभियान चलाया गया। वहीं, जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सुनी जन समस्याएं



**अमेठी।**पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह और पूर्व मंत्री डॉ अमिता सिंह ने शुक्रवार को स्थानीय विकास खण्ड के दरखा में पहुँचकर जनता की समस्याएं सुनी और उनके यथाशीघ्र निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।ग्रामीणों ने सड़क बिजली पानी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिस पर डॉ संजय सिंह ने संबंधित अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की और जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर बाल गोविंद द्विवेदी दिनेश तिवारी ओमप्रकाश मिश्रा त्रिभुवन नाथ मिश्रा जमुना प्रसाद मिश्रा करुणेश उपाध्याय पवन कुमार उपाध्याय सत्यदेव तिवारी विकास शुक्ला नागेंद्र तिवारी सुभाष शुक्ला कृष्णशंकर शुक्ला शीतला प्रसाद उमाशंकर सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## देवी मंदिरों में हुई मां ब्रम्हचारिणी की पूजा अर्चना

**अमेठी।** वासन्तिक नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की।ब्रह्मचारिणी माँ की नवरात्र पर्व के दूसरे दिन पूजा-अर्चना की जाती है।भोर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। घंटे घड़ियाल की मधुर ध्वनि से सुदूर क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।गृहस्थों ने अपने घरों में पूजा की शप्तशती का पाठ किया। घट स्थापना कर 9 दिन के व्रत का अनुष्ठान जप और पूजन करने वाले श्रद्धालुओं में खास उत्साह दिखा।नगर स्थित श्री देवीपाटन मन्दिर में सुबह से ही माँ के दर्शन के लिये भक्तों की कतार लगी रही वहीं संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।मंदिरों पर श्रद्धालुओ की सुबिधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में भी भक्तो की भारी भीड़ रही।

# वाहनों की फिटनेस, परमिट को अद्यतन कराने के पश्चात ही वाहन का संचालन बच्चों को लाने-ले जाने हेतु करे : सार्थक अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त विद्यालयो के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि अपनी विद्यालय में संचालित समस्त स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट को अद्यतन कराने के पश्चात ही वाहन का संचालन बच्चों को लाने-ले जाने हेतु करे। साथ ही 15 वर्ष पूर्ण हो चुकी स्कूली वाहनों को परिवहन कार्यालय में अपने समस्त प्रपत्रों के साथ प्रस्तुत होकर पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही करा लें। साथ ही विद्यालय द्वारा बच्चों के अपने निजी वाहनों से विद्यालय आने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया जाये। ड्राइविंग लाइसेंस होने के पश्चात ही अनुमति प्रदान की जाये।

बैठक में कार्यालय परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के पत्र संख्या 472 इन्फ/2026-29 इन्फ/2019(1), दिनांक 20.03.2026 को जारी पत्र में उ0प्र0 मोटरयान नियमावली, 1998 के अध्याय 9-क (विद्यालय यानों के विशेष उपबन्ध) का कड़ाई से अनुपालन करने, स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल की तैयारी तथा स्कूली वाहनों की फिटनेस हेतु 01.04.2026 से 15.04.2026 तक विशेष अभियान चलाई जाने का निर्देश दिया। स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल के अन्तर्गत विद्यालय परिवहन प्रणाली की निगरानी, सत्यापन एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन एवं विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर निम्नलिखित डेटाबेस की तैयारी कर अपलोड करने की कार्यवाही विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य द्वारा की जायेगी। जिसमें वाहन सम्बन्धी विवरण (वाहन का पंजीकरण क्रमांक, वाहन का प्रकार, वाहन की आयु, वाहन का मॉडल, इंजन संख्या, चेचिस संख्या, वाहन स्वामी का नाम पता मो0नं0 व ई-मेल आई0डी0, परमिट संख्या एवं परमिट की वैधता, फिटनेस प्रमाण संख्या एवं वैधता, बीमा प्रमाण पत्र एवं वैधता, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र एवं वैधता, जी0पी0एस0 की स्थापना, सी0सी0टी0वी0 कैमरे की स्थापना) एवं वाहन चालकों का पूर्ण विवरण (चालक का नाम एवं पता, चालक का लाइसेंस संख्या एवं वैधता, न्यूनतम 05 वर्ष का चालन अनुभव, पुलिस सत्यापन की तिथि एवं सत्यापन प्रमाण-पत्र, स्वास्थ्य/नेत्र परीक्षण प्रमाण-पत्र व तिथि, मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई0डी0।

## सेना भर्ती कार्यालय हटा तो होगा आंदोलन : जयसिंह

**अमेठी।** सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में शुक्रवार सपाइयों ने अमेठी में संचालित हटाए जा रहे सेना भर्ती कार्यालय को रोकने के लिए तहसील परिसर में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से देश रक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अमेठी शहर में स्थित सेना भर्ती कार्यालय की बिल्डिंग को जर्जर बताकर उसे अयोध्या जिले में ले जाकर संचालित करने की सूचना प्राप्त हुई है।इस सेना भर्ती कार्यालय से अमेठी सहित प्रदेश के हजारों नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं।सपा नेता जयसिंह ने कहा कि यह सेना भर्ती कार्यालय से स्थानीय निवासी नौजवानों के भविष्य व उनके परिवारों से भावनात्मक जुड़ाव है बिल्डिंग का सौंदर्यीकरण अथवा जीर्णोद्धार कराकर उपरोक्त कार्यालय को यहीं से व किसी नई सरकारी बिल्डिंग में या नई बिल्डिंग बनाकर संचालित किया जाय।अगर यह कार्यालय यहां से संचालित नहीं होगा तो हम समाजवादी लोग नौजवानों के साथ बैठक कर आंदोलन के रास्ते पर जाने को मजबूर होंगे।

# किसान की जमीन को खाद-गड्ढा में मिलाने पर लेखपाल सस्पेंड

अवधनामा संवाददाता

○ तमकुहीराज तहसील क्षेत्र का मामला

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में गलत पैमाईश के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लेखपाल अभिजीत सिंह को निलंबित कर दिया है। एसडीएम आकांक्षा मिश्रा द्वारा की गई कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। निलंबन अवधि के दौरान लेखपाल को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

यह मामला तहसील क्षेत्र के गांव धुरिया कोट का है, जहां खाद-गड्ढा की जमीन की पैमाईश के दौरान अनियमितता सामने आई। आरोप है कि लेखपाल अभिजीत सिंह ने सरकारी भूमि की पैमाईश करते समय किसान की निजी कास्तकारी भूमि को खाद-गड्ढा की जमीन में शामिल कर दिया, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। धुरिया कोट निवासी किसान नबी रसुल ने 31 जनवरी 2026 तथा 19 मार्च 2026 को एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 767 उनकी निजी कास्तकारी भूमि है, जबकि उससे सटी गाटा संख्या 766 सरकारी खाद-गड्ढा की भूमि है। आरोप है कि पैमाईश के दौरान उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई और उनकी जमीन को गलत तरीके से सरकारी भूमि में मिला दिया गया, जिससे उनकी भूमि विवादित हो गई। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम द्वारा मामले की जांच कराई गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही और अनियमितता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं, पैमाईश के नाम पर पैसे लेने और पक्षपातपूर्ण कार्य करने वाले अन्य राजस्वकर्मियों में भी डर का माहौल देखा जा रहा है। आम जनता ने प्रशासन की इस कार्रवाई को न्यायोचित बताते हुए सराहना की है।

# नालियों की सफाई, जल भराव वाले स्थानों पर चूना का छिड़काव कराने के निर्देश दिये



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान को सफल बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अन्तर्विभागीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज एवं सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है। जनपद में 01 से 30 अप्रैल, 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल, 2026 तक दस्तक अभियान चलाकर जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सजग एवं जागरूक करते हुए विशेष साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया जायेगा। उन्होने कहा कि संचारी रोग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर क्षयरोग, दिमागी बुखार, खॉसी, जुखाम तथा विभिन्न संचारी रोगों से बचाव हेतु अभियान चलाकर सर्वे किया जाए तथा इसके उपचार के विषय में स्वास्थ्य शिक्षा तथा आवश्यक जानकारी देते हुए जन जागरूकता फैलाने का कार्य भी कराया जाए। लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी गांव, मोहल्ला व घर अभियान से छूटने न पाए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षा विभाग, कृषि, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज विभाग, पशुपालन विभाग एवं नगर पालिका/नगर पंचायत विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ढंग से कार्य करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। इसके साथ ही उन्होने अन्य विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू ढंग से करायें। उन्होने निर्देश दिया कि संचारी रोग अभियान में भाग लेने वाले सभी विभाग अपनी रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएंगे। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षको, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये प्रभावी कदम उठाये जाएं।

# सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोग घायल



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। यह दुर्घटना धम्मौर थाना क्षेत्र के महेशरगंज पुलिया के पास हुई, जहां एक बोलेरो ई-रिक्शा से बचने के प्रयास में सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। घायलों की पहचान राहुल कुमार गुप्ता, उनके पिता राकेश गुप्ता और माता सरोज देवी के रूप में हुई है। राहुल के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर आया है। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पीड़ित राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि वे अपनी कार से लगभग 40 किमी/घंटा की रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने गलत तरीके से ओवरटेक करने का प्रयास किया। ई-रिक्शा से बचने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे एक पेड़ के ठूंठ से टकरा गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। राहुल कुमार गुप्ता मूल रूप से चंडीगढ़ के निवासी हैं, लेकिन उनका पैतृक गांव धम्मौर (सुल्तानपुर) है। वे अपने गांव धम्मौर से प्रयागराज जा रहे थे, जहां उन्हें अपनी साली के एक पारिवारिक समारोह में शामिल होना था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है और उसका नाम, पता तथा अन्य विवरण दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 10 अप्रैल को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**शाहजहांपुर।** विधानसभा मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के गतिमान कार्यों के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि पुनरीक्षण कार्य में नो-मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्क्रीपेन्सी वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाता सूची में नाम शामिल कराये जाने के लिए प्राप्त फार्म-6, सूची से नाम कटवाने के लिए प्राप्त फार्म-7 तथा नाम आदि के संशोधित कराने / प्रविष्टि को स्थानान्तरित कराये जाने के लिए प्राप्त फार्म-8 के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्यवाहियों के पश्चात आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल, 2026 को किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्ति विभाग ने जप्त किए 18 घरेलू गैस सिलेंडर

अवधनामा संवाददाता

■ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज हुआ मुकदमा

**शाहजहांपुर।** जनपद में रसोई गैस की किल्लत के चलते लगातार ब्लैक में सिलेंडर बेचने और रसोई गैस का व्यवसायिक प्रयोग करने वालों पर प्रशासन शिकंजा कस रहा है जिला पूर्व अधिकारी चमन शर्मा के निर्देश पर तहसील सदर और पुवायां क्षेत्र में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों ने छापे मार कार्रवाई करते हुए खुटार में अमन इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से 18 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए इस कार्रवाई के दौरान पूर्ति निरीक्षक पवन सुधाकर ने सभी 18 घरेलू गैस सिलेंडर एक गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिए हैं साथ ही अमन के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है पूर्ति निरीक्षक पवन सुधाकर और महेश कुमार के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि अमन की दुकान में रसोई गैस सिलेंडर रखे हैं सूचना पर टीम मौके पर पहुंची लेकिन रसोई गैस सिलेंडर खाली थे लेकिन अमन इन रसोई गैस सिलेंडरों के कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका वहीं दूसरी तरफ तहसील सदर में पूर्ति निरीक्षक संजय यादव की टीम ने भी तमाम होटल और ढाबा पर रसोई गैस सिलेंडर के प्रयोग को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया पूरे जनपद में चेकिंग अभियान चल रहा है कहीं भी कोई ढाबा स्वामी या आम व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडर रिफिलिंग या कालाबाजारी करते पाया जाएगा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## मौसम ने ली करवट, बूंदाबांदी व तेज ठंडी हवा से किसानों की बढ़ी चिंता



**सुल्तानपुर।** क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब सात बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली आसमान में घनघोर बादल छा गए, गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद तेज ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव से आमजन को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज हवा और हल्की बारिश का असर खेतों में साफ दिखने लगा है। हाल ही में सिंचाई की गई गेहूं समेत अन्य फसलों के गिरने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पककर तैयार खड़ी सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही मिजाज कुछ देर और बना रहा तो फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अचानक बदले मौसम को लेकर ग्रामीण इलाकों में चर्चा का माहौल बना रहा। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। मौसम विभाग की अगली स्थिति पर अब किसानों की निगाहें टिकी हैं।

## साइबर क्राइम केस हैंडलर एक्सपर्ट गौरव का सम्मान



**सुलतानपुर।** पिछले कई वर्षो से साइबर क्राइम के लीगल - एक्सपर्ट के रूप में देश-विदेश के कई हाई-पोरफाइल केस में अपने जबरदस्त लीगल टीम के बदौलत साइबर क्राइम केस को हैंडल करने में महारथ हासिल रखने वाले एडवोकेट गौरव उपाध्याय, लीगल एक्सपर्ट (पुलिस केस और साइबर क्राइम) को डा राम मनोहर लोहिया युनिवर्सिटी से सम्बंधित केएनआई लॉ फैकल्टी ने अपने कई वर्ष पुराने छात्र के रूप में अपने कालेज में बुलाकर पिछले दिनों सम्मानित किया गया। जिसमें एलएलबी 3 वर्ष व 5 वर्षीय के विधि छात्रों ने साइबर क्राइम और उससे बचाव के जागरूकता अभियान के तहत सैकड़ों छात्र और छात्राओ ने देश-विदेश में उनके साइबर क्राइम एक्सपर्ट के रूप मे केस हैडिल करने के अनुभव और साइबर क्राइम से बचाव के तरीकों को जाना। इस अवसर पर एडवोकेट गौरव उपाध्याय को साइबर क्राइम एक्सपर्ट के रूप में उन्हे प्रिसिंपल शक्ति सिंह, ला डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष परभात शुक्ल, और शिव वहादुर तिवारी (वरिष्ठ अधयापक) आदि ने मोमेटम और शाल ओढाकर समानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आज एडवोकेट गौरव उपाध्याय साइबर क्राइम केस को हैडिल करने मे आज एक ब्राड ऐमबसडर बन चुके हैं, जो देश विदेश के कई केस हैडिल कर चुके हैं!

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जन समस्याएं सुनकर उनका निदान कराने की कार्यवाही की



**फिरोजाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव के मार्गदर्शन एवं अक्षय यादव सांसद फिरोजाबाद के समन्वय तथा जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव के संयोजन से राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने दबरई स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सम्मानित जनता की समस्याओं को सुना और उसका प्रभावी निराकरण कराने का प्रयास किया।

# आवारा पशु से दुर्घटना पर दर्ज होगा मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक नया फरमान जारी कर दिया इसे आवारा पशुओं से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे इस दौरान उन्होंने कड़े शब्दों में उपस्थित खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत को फटकार लगाते हुए कहा जिस खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत के क्षेत्र में आवारा पशु से दुर्घटना होने का मामला संज्ञान में आएगा उसके खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्र में आवारा पशुओं को गौशाला में शिफ्ट कराने का काम करें बैठक में पंचायती राज, जीरो पावर्टी, गौशाला एवं चारा उत्पादन, अन्नपूर्णा भवन, आंगनवाड़ी निर्माण , खेल मैदान/जिम / एम0डी0एम0 शेड , ग्रामों के रास्ते खराब हैं अथवा जल-भराव, स्कूलों के खराव रास्ते नये गौशाला का निर्माण स्थल चयन, गौशाला जनसहभागिता भुगतान, कर्मचारियों की उपस्थिति के नाम लिखाने, सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगने तथा उनके भुगतान की स्थिति आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए कि जर्जर पड़े सामुदायिक शौचालय की जांच कराए, जिन परिवारों ने दो माह का ओएसआर जमा किया गया है उन परिवारों को 2 बाल्टी वितरित की जाए। उन्होंने शौचालय के पेंडिंग एप्लीकेशंस को एक सप्ताह में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

# प्रदेश सरकार उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत अनाथ बच्चों का कर रही है पोषण

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2021-22 से कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को उनके भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गयी है। ऐसे बच्चों को रू0-4000/-प्रति माह की सहायता दी जा रही है। 11 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कक्षा 12 तक की निःशुल्क शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश कराया जा रहा है।

प्रदेश सरकार इस योजनान्तर्गत लाभान्वित हो रही बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी हेतु रू0-1,01,000/-(रू0 एक लाख एक हजार मात्र) की राशि भी उपलब्ध करा रही है। साथ ही इन श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले कक्षा-9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टेबलेट/लैपटाप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 16,061 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत 14,214 बच्चों को ?4000/ माह की धनराशि प्रेषित की जा रही है तथा अब तक कुल 1003 बच्चों को लैपटॉप वितरित किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोरोना से इतर कारणों से 01 मार्च, 2020 के बाद माता-पिता दोनों या किसी एक को अथवा अभिभावक को खोया है, उनको प्रतिमाह 2500 रूपये की मदद पहुंचाई जा रही है। इस श्रेणी में आने वाले 18 से 23 साल के किशोर, जो कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर राजकीय डिग्री कालेज, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाह रहे हैं, उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

इसके अलावा नीट, जेईई व क्लैट जैसे राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो, तक इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना के संचालन की तिथि से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 1,03,430 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के अन्तर्गत कुल 87,082 बच्चों को 2500/ माह की धनराशि से लाभान्वित किया जा रहा है।

## अस्पताल के पास इलाज से पहले जाम का टेस्ट



**सुल्तानपुर।** स्वशासी मेडिकल कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में अगर आप समय पर पहुँच गए तो समझिए आपने आधी जंग जीत ली। क्योंकि बाकी आधी जंग तो बेतरतीब खड़े वाहनों के बीच रास्ता खोजने में ही निकल जाती है। दोनों दिशाओं में वाहनों का ऐसा स्वागत द्वार बना है कि एम्बुलेंस भी जाम में फँसकर अपनी सायरन की लाचारी बयां करती नजर आती है।

उधर मुख्य मार्ग पर धर्मपाल कॉम्प्लेक्स के बाहर का नजारा किसी स्थायी ट्रैफिक मेले से कम नहीं। सड़क मानो पार्किंग में तब्दील हो चुकी है, और पार्किंग खैर, वह तो खुद ही लापता है। कागजों में धर्मपाल कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट पार्किंग मौजूद है, लेकिन हकीकत में वहां दुकानों ने ऐसा कब्जा जमाया है कि गाड़ियाँ नहीं, सिर्फ कारोबार खड़ा दिखता है। यानी पार्किंग के नाम पर दुकानदारी नक्शे में कुछ और, जमीन पर कुछ और। नियम शायद सिर्फ फाइलों में ही जाम होकर रह गए हैं। और बात यहीं खत्म नहीं होती। यह कॉम्प्लेक्स अब अवैध पैथोलॉजी और गैर-डिग्रीधारकों की शरणस्थली के रूप में भी मशहूर हो चुका है। इलाज के नाम पर यहां किस्मत का खेल ज्यादा और विज्ञान कम नजर आता है। सब कुछ खुली आंखों के सामने हो रहा है। जाम भी, अतिक्रमण भी और नियमों की खुलेआम अनदेखी भी। सवाल बस इतना है कि जिम्मेदारों की नजर कब खुलेगी या फिर वे भी इसी जाम का हिस्सा बन चुके हैं?

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जाए प्रवर्तन की कार्यवाही



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने, ब्लैक स्पॉट की सुदृढ़ीकरण और यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जा रही, प्रवर्तन की कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई, बैठक के दौरान परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, उसमें बताया गया कि वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में अब तक 19347 चालान किए गए हैं, जो 27.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, वहीं तेज रफ्तार वाहनों के विरुद्ध 62.50 प्रतिशत बढौत्तरी दर्ज की गई, जबकि फिरोजाबाद में स्थापित स्मार्ट सिटी कैमरों के माध्यम से 1 से 15 मार्च के बीच 43500 इमेज प्राप्त की गई, जिसके आधार पर 8950 ई-चालान किए गए, जनपद में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान की गई, जिसमें मुख्य रूप से जाटवपुरी चौराहा, नगलावरी, गांधी पार्क और फिरोजाबाद क्लब चौराहा को हॉटस्पॉट घोषित किया गया, साथ ही एन0एच0-19 पर सिरसागंज पब्लिक स्कूल, नगला राधे मोड पर गुंजन चौक जैसे स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर वहां सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जन भागीदारी का विषय है, आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्रवर्तन की कार्यवाही तेज हुई है, लेकिन हमारा लक्ष्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि बहुमूल्य जीवन मानव जीवन को बचाना है, एनएचएआई यह सुनिश्चित करें कि हाईवे पर जहां भी अवैध कट है, उन्हें तुरंत बंद किए जाएं, साथ ही एक्सप्रेसवे पर प्रत्येक 10 किलोमीटर पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गोल्डन हॉवर्स में घायल को उपचार मिल सके, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए, जिसमें उन्होंने कहा कि जो हेलमेट नो पेट्रोल के नियम को कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए, एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के चालान काटने की प्रक्रिया तेज की जाए, साथ ही साथ स्कूलों और कॉलेज में छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए व्यापक अभियान चलाए जाएं।

# भूमि विवादों के स्थायी समाधान हेतु प्रशासन की नई पहल



अवधनामा संवाददाता

■ गांव में लगेगी संयुक्त समाधान चौपाल

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवादों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए एक वृहद अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है, सभी उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के लेखपालों के माध्यम से भूमि विवाद के लम्बित प्रकरणों को तत्काल चिन्हित करें, इसी तरह पुलिस क्षेत्राधिकारी भी थानों के माध्यम से विवादित मामलों की सूची तैयार करें, इन विवादों के समाधान के लिए केवल कागजी कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि राजस्व, पुलिस और विकास विभाग की एक संयुक्त टीम मौके पर जाएगी, चिन्हित गांव में एक निश्चित रोस्टर के अनुसार चौपाल लगाई जाएगी, इन चौपाल में प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों के बीच उपस्थित रहकर आपसी सहमति या कानूनी प्रावधानों के तहत मौके पर ही विवादों को सुलझाने का प्रयास करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को दो दिवस के भीतर विवादित प्रकरणों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, जिलाधिकारी ने कहा है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों के कारण होने वाली कानून व्यवस्था की समस्याओं को जड़ से समाप्त करना और ग्रामीणों को तहसील या थानों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना है।

# स्कूल चलो अभियान के विषय में डीएम ने किए निर्देश जारी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान 2026-27 के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा स्कूल चलो अभियान के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं, उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। 03 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले शत-प्रतिशत बच्चां का आंगनबाड़ी-बालवाटिका में नामांकन, 06 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त बच्चों का कक्षा-1 में शतप्रतिशत नामांकन, 07 से 14 वर्ष के समस्त ड्रॉपआउट-आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हींकरण एवं विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन कराया जाये। विभिन्न स्तर पर अध्ययनरत् बच्चों का शत-प्रतिशत ट्रान्जिशन अर्थात आंगनवाड़ी-बालवाटिका से कक्षा-1 में शतप्रतिशत नामांकन, कक्षा-5 से कक्षा-6 में शतप्रतिशत नामांकन, कक्षा-8 से कक्षा-9 में शतप्रतिशत नामांकन एवं कक्षा-10 से कक्षा-11 में शतप्रतिशत नामांकन कराये जाने हेतु प्रभावी रणनीति बनाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गये। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अध्यापकों द्वारा किसी भी बच्चे को जन्म प्रमाण-पत्र अथवा आधार पहचान सम्बन्धित दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश से बंचित न किया जाए तथा बच्चों के सम्बन्ध में अभिभावक द्वारा दी गई सूचना को प्रवेश हेतु मान्य किया जाए। शैक्षिक सत्र 2026-27 में 01 अप्रैल, 2026 को बच्चों को पुस्तकों का पूरा सेट उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में जनपद स्तर पर 48 प्रतिशत आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है, जिसे विद्यालयों में उपलब्ध कराया जा रहा है। समग्र शिक्षा एवं पी0एम0 श्री योजनान्तर्गत विभिन्न मदों में जारी लिमिट की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विद्यालयों में होने वाले निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जांच करते हुए फोटो सहित निरीक्षण टिप्पणी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को 24 मार्च, 2026 तक उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति के सम्बन में कार्यदायी संस्था यूपी सिड़को को नोटिस जारी करने एवं निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने के साथ निर्माण कार्य की जांच कराने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत असंतृप्त विद्यालयों की पैरामीटरवाइज सूची तैयार कर प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे होने वाली वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं में अपेक्षित कार्यवाही किये जाने के साथ-साथ समस्त जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप के माध्यम से प्रतिमाह विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। शैक्षिक सत्र 2025-26 में 533 विद्यालय निपुण विद्यालय के रूप में उभर कर आये हैं, जिसमें जनपद फिरोजाबाद आगरा मण्डल में प्रथम स्थान पर है। वित्तीय प्रगति बढ़ाये जाने के साथ आई0जी0आर0एस0 प्रकरणों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** ई-निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2026-01, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में गतिशक्ति इकाई के लिये जनरल कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,45,36,591.28, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,72,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 (चौबीस) माह।

♦ बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 27-03-2026 ♦ उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 10-04-2026, 15:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 10-04-2026, 15:30 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति,

मुजाधि/डब्लू-519 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



# कार्यालय नगर पंचायत भानपुर, बस्ती

पत्रांक :- 624/निविदा/न0पं0भा0/2025-26 दिनांक :- 18/03/2026

## निविदा/दर आमन्त्रण सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित फर्म व ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि, वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर पंचायत भानपुर बस्ती में स्थापित पथ प्रकाश बिन्दुओं के मरम्मत व अन्य कार्यो हेतु विभिन्न इलेक्ट्रिकल सामाग्री की आपूर्ति ली जानी हैं उक्त हेतु निविदा दिनांक 09/04/2026 समय 12:00 बजे तक कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती (एल0बी0सी0 पटल) पर आमंत्रित किया जाता हैं तथा प्राप्त निविदाओं को उसी दिन समय 15:00 बजे अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बस्ती द्वारा उपस्थित ठेकेदारो/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की विक्री दिनांक 08/04/2026 तक नगर पंचायत भानपुर बस्ती कार्यालय एवं जिलाधिकारी बस्ती (एल0बी0सी0 पटल) पर कार्यालय समय में की जायेगी। इस सन्दर्भ में अतिरिक्त सूचना हेतु कार्यालय समय में कार्यालय नगर पंचायत भानपुर एवं कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती (एल0बी0सी0 पटल) से ज्ञात कर सकते हैं। कार्य के सापेक्ष जमानत स्वरूप रू0 10,000.00 का धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डीआर0 के रूप में स्वीकार किया जायेगा जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत भानपुर, बस्ती के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा। निविदा के साथ पैन नम्बर, जी0एस0टी0एन0 पंजीयन, शपथ पत्र कार्य सम्बन्धित अनुभव आदि वांछित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यादेश प्राप्ति के उपरान्त ठेकेदार को नियमानुसार जनरल स्टाम्प क्रय करके अनुबन्ध करना होगा।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भानपुर बस्ती।**

**प्रशासक नगर पंचायत भानपुर / अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) बस्ती।**

# वृंदावन में कैंसर इलाज को बड़ी मजबूती रेडियोथेरेपी यूनिट का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** HDFC एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जो भारत के अग्रणी म्यूचुअल फंड हाउसों में से एक HDFC म्यूचुअल फंड (HDFC MF) की इन्वेस्टमेंट मैनेजर है, ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) पहल के तहत वृंदावन के रामकृष्ण चैरिटेबल हॉस्पिटल में नए ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में एक रेडियोथेरेपी यूनिट की स्थापना में सहयोग दिया है। इससे पूरे उत्तर भारत के मरीज़ों के लिए एडवांस्ड कैंसर इलाज तक पहुँच मज़बूत होगी। इस नए ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन आज भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया, जो एडवांस्ड कैंसर देखभाल तक पहुँच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। HDFC AMC ने एडवांस्ड रेडियोथेरेपी उपकरणों की खरीद और स्थापना में सहयोग दिया है, जिससे उच्च-सटीकता वाली रेडिएशन थेरेपी संभव हो सकेगी। यह थेरेपी कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाती है, जबकि आसपास के स्वस्थ ऊतकों को होने वाले नुकसान को कम करती है। इस सुविधा से मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के मरीज़ों को लाभ होने की उम्मीद है। यह उन लोगों को विशेष कैंसर इलाज तक पहुँच प्रदान करेगा, जिन्हें अन्यथा लागत या एडवांस्ड स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे की सीमित उपलब्धता के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस पहल पर बोलते हुए, HDFC एसेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक और CEO, नवनीत मुनोत ने कहा, भारत में समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच मौलिक है। हमें वृंदावन के रामकृष्ण चैरिटेबल हॉस्पिटल में एडवांस्ड रेडियोथेरेपी बुनियादी ढांचे के निर्माण में सहयोग करने का सम्मान मिला है। HDFC AMC में, हमारा मानना है कि संस्थानों को समुदायों की देखभाल और ज़िम्मेदारी के साथ सेवा करके राष्ट्र निर्माण में एक सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। यह पहल कैंसर देखभाल को मज़बूत करने और परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय और भावनात्मक बोझ को कम करने में मदद करने के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# लखनऊ में अकीदत के साथ अदा हुई जुमातुल विदा की नमाज

अवधनामा ब्यूरो


**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान के आखिरी जुमे जुमातुल विदा की नमाज मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गयी। रोजेदारों ने शहर की मस्जिदों में जुमा विदा की नमाज अदा कर अपने रब की बारगाह में उसकी नेमतों का शुक्र अदा कर माहे मुबारक रमजान को रुखसत किया। शहर की बड़ी जमाअतें आसिफी मस्जिद, ऐशबाग ईदगाह की जामा मस्जिद, टीले वाली मस्जिद में अदा की गयी, जहां हजारों की संख्या में रोजेदार नमाजी शामिल हुए। नमाज के बाद देश-प्रदेश में अमन-शांति, सौहार्द, आपसी भाईचारे और हिफाजत की दुआएं की गयीं। आसिफी मस्जिद में मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव व इमामे जुमा मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने रोजेदारों को जुमातुल विदा की नमाज अदा करायी। मौलाना ने माहे रमजान की अजमत और फजीलत बयान करते हुए कहा कि रहमत, मगफिरत और निजात का महीना हमसे जुदा हो रहा है। मौलाना ने शबे-ईद की अजमत बयान करते हुए रोजेदारों से आज की रात इबादत में गुजारने की अपील की। ऐशबाग ईदगाह में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने रोजेदारों को जुमातुल विदा की नमाज अदा कराई। मौलाना ने कहा कि रमजान खुदा के इनामों में से एक इनाम है, जिसमें एक-एक नेकी का सवाब सत्तर से सात सौ गुना तक मिलता है। इससे नेकी की ऐसी फिजा और माहौल बनता है कि बंदे के दिल का झुकाव बुराई की तरफ कम और अच्छाई की तरफ ज्यादा हो। उन्होंने कहा कि कुरान में तीन तरह के विषय हैं, एक अकीदा की खुदा पूरी दुनिया का मालिक है।

# प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान में बिखरी कालबेलिया और लावणी नृत्य की मनोरम छटा



**लखनऊ।** घुँघरू नृत्य संगम डांस अकादमी के तत्वावधान में आज शाम ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान में कालबेलिया और लावणी नृत्य की मनोरम छटा बिखरी। प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ घुंघरू डांस एकेडमी के कलाकारों आराध्या, त्रृषिता, अविका, अनाया और तनीषी ने मनीषा यादव के नृत्य निर्देशन में काल्यो कूद पड्यो मेला में पर आकर्षक राजस्थान का प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य और अप्सरा आली पर महाराष्ट्र का लावणी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में घुंघरू नृत्य संगम की ओर से जय कन्हैया लाल की पर मनीषा यादव, मलखान सिंह, लवली घिल्डियाल, मौसमी, वर्षा, सौम्या, मालसी, आद्या और शनाया ने अपने सारगर्भित लोक नृत्य के जरिए श्री कृष्ण जन्मलीला को प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को श्री कृष्ण की भक्ति के सागर में आकंठ डुबोया।

# ईद-उल-फित्र की नमाज़ का समय




**लखनऊ।** की कुछ मस्जिदों मे ईद-उल फित्र की नमाज़ का समय इस प्रकार हैं।

मस्जिद नूर महल नरही 9.00 बजे
इमामबाड़ा आगा बाक चौक 06.00 बजे
मस्जिद हैदरी नक्खास 06.00 बजे
मस्जिद अली कटरा बिजन बेग 06.30 बजे
मस्जिद इब्राहिमी गली मीर माता 06.35 बजे
मस्जिद नवाब घसीटा नूरबाड़ी 07.00 बजे
मस्जिद एक मीनारा 07.00 बजे
मस्जिद तकवियतुल ईमान नादान महल 07.00 बजे
मस्जिद खम्मनपीर चारबाग 07.15 बजे
मस्जिद रसूली पुलवाली टूरियागंज 07.30 बजे
मस्जिद इब्राहिम बिल्लौचपुरा 07.30 बजे
मस्जिद सफदर हुसैन त्रिमिनीगंज 08.00 बजे
मस्जिद नदवुल उलमा 08.00 बजे
मस्जिद कानपुर वाली शीशमहल 08.00 बजे
मस्जिद रौशन अली वजीरगंज 08.00 बजे
मस्जिद कदीम नजफ नैपियर रोड 08.00 बजे
मस्जिद मुफ्ती साहब कंकर कुआं 08.00 बजे
वक्फ मस्जिद किश्वर जहां बेगम बालागंज 08.30 बजे
लाल मस्जिद कटरा आजम बेग 08.00 बजे
छोटी मस्जिद हसन पुरिया 08.00 बजे
मस्जिद मकबरा आलिया गोलागंज 08.00 बजे
मस्जिद शाहजलाल हाता कमाल जमाल 08.00 बजे
बड़ी मस्जिद वक्फ जाफरी बेगम मुसाहबगंज 08.00 बजे
मस्जिद चुन्नू खां काजमैन 08.30 बजे
मस्जिद कादिर खां तालकटोरा 08.30 बजे
मस्जिद बिस्मिल्लाह शाह चौपटिया 08.30 बजे
मस्जिद मासूमियां मैदान एलएच खां 08.00 बजे
मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह 08.30 बजे
मस्जिद मम्मी जर्राह मंसूर नगर 08.30 बजे
इमामबाड़ा तकी साहब, अकबरी गेट 09.00 बजे
मस्जिद अबुतालिब दुबग्गा 09.00 बजे
छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद 09.00 बजे
मस्जिद पुलिस चौकी, मंसूर नगर 09.00 बजे
मस्जिद पत्थर वाली शीश महल 09.00 बजे
मस्जिद पुलिस चौकी, मंसूर नगर 09.00 बजे
मस्जिद जिन्नातों वाली सरफराजगंज 09.00बजे
हुसैनी मस्जिद मुसाहबगंज 09.00 बजे
मस्जिद नवाब घसीटा नूरबाड़ी 09.00 बजे
मस्जिद जवाहर बीबी गली पारचा चौक 09.00 बजे
मस्जिदे रिक्खी झवाईटोला 09.00 बजे
मस्जिद हुजूर खानम बर्तन बाजार 09.00 बजे
हुसैनी इमाम बारगाह से. एम अलीगंज 09.00 बजे
मस्जिद कर्बला अजमतुदौला मेंहदीगंज 09.00 बजे
मस्जिद मलका जमानी गोलागंज 09.00 बजे
इमली वाली ठाकुरगंज 09.00 बजे
मस्जिद टीले वाली पक्का पुल 09.00 बजे
इमामबाड़ा नाजिम साहब बजाजा 09.00 बजे
हुसैनिया मस्जिद मुफ्तीगंज 09.00 बजे
मस्जिद रौजाए जैनबिया टिकैत राय 09.00 बजे
मस्जिद कर्बला ताल कटोरा 09.00 बजे
मस्जिद इमामियां पीर बुखारा 09.00 बजे
मस्जिद राहते सुल्तान नूरबाड़ी 09.00 बजे
मस्जिद मोहम्मदी रूस्तम नगर 09.00 बजे
मस्जिद जनाबे मुस्लिम रईस मंजिल 09.00 बजे
मस्जिद दाया मिसरी कंघी वाली गली 09.00 बजे
मस्जिद नूरानी मुफ्तीगंज 09.00 बजे
मस्जिद अंजीर वाली घास मंडी 09.00 बजे
मस्जिद तहसीन चौक 09.00 बजे
मस्जिद मश्हदी तालकटोरा रोड 09.00 बजे
मस्जिद घसीटी बेगम पुटाली वाली गली 09.30 बजे
मस्जिद इमामे जमाना (अ.) दरगाह रोड 09.00 बजे
मस्जिद बाहरे आलम मंसूर नगर 09.00 बजे
ठंडी मस्जिद, शेर दरवाजा 09.00 बजे
अब्बासिया मस्जिद, हसन पुरिया 09.00 बजे
मस्जिद नवाबी कर्बला दियानुतद्दौला 09.00 बजे
मस्जिद मुस्ताफवीं, जौहरी मोहल्ला 09.00 बजे
मस्जिद स्टार लांडी मंसूर नगर 09.00 बजे
मस्जिद डोर वाली रुस्तम नगर 09.00 बजे
ईदगाह निशातगंज 09.00 बजे
चांद वाली मस्जिद तालकटोरा 09.00 बजे
मस्जिद मोहम्मदी नक्खास 09.30 बजे
मस्जिद महदी बेगम कश्मीरी मोहल्ला 09.30 बजे
मस्जिद मकसदे हुसैनी घासमंडी 09.30 बजे
इमामबाड़ा इकरामउल्लाह खां,नक्खास 09.30 बजे
मस्जिद ताक वाली छोटे साहब आलम 09.30 बजे
मस्जिद अब्बासिया, हसन पुरिया 09.30 बजे
मस्जिद कदम रसूल कश्मीरी मोहल्ला 09.30 बजे
मस्जिद डोर वाली दरगाह रोड 09.30 बजे
मस्जिद लाल कोठी मंसूर नगर 09.30 बजे
मस्जिद इमली वाली चार बत्ती गोलागंज 09.30 बजे
मस्जिद खाके पाक त्रिमिनीगंज 10.00 बजे
इमामबाड़ा शाहनजफ, हजरतगंज 10.00 बजे
ईदगाह ऐशबाग 10÷00 बजे
मस्जिद हैदरी मुफ्तिगंज झाकड़बाग 10.00 बजे
मस्जिदे मोहम्मदी कटरा खुदायार खां 10.00 बजे
दरिया वाली मस्जिद 10.00 बजे
मस्जिद मीर मोहल्ला रूस्तम नगर 10.00 बजे
इमामिया मस्जिद सूनारो वाली गली 10.00 बजे
मस्जिद हुसैनिया, हसन पुरिया 10.00 बजे
हैदरी मस्जिद बीरबल सहानी मार्ग 10.00 बजे
मस्जिदे कूफा काजमैन 10.00 बजे
दरगाह हजरत अब्बास, रूस्तम नगर 10.00 बजे
जामा मस्जिद तहसीनगंज हुसैनाबाद 10.00 बजे
मस्जिदे हैदरी कदीम शाही खैरातखाना 10.00 बजे
मस्जिद चांद निशातगंज 10.00 बजे
इमामबाड़ा जन्नत की खिड़की चौक 10.30 बजे
मजलुमियां मस्जिद, हसन पुरिया 10.30 बजे
मस्जिद सबा, हाता संगीबेग 10.30 बजे
मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर 10.30 बजे
इमामबाड़ा नाजिम साहब बजाजा 10.30 बजे
मस्जिद डिप्टी अजीम वजीरगंज 11.00 बजे
आसिफी मस्जिद, हुसैनाबाद 11.00 बजे
कर्बला दियानुतदौला काज़मैन रोड 11.00 बजे

# खेल प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में खेल प्रतियोगिता बीबीडी के डा. अखिलेश दास गुप्ता मैदान पर संपन्न हुई जिसमें विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों का उद्घाटन केनरा बैंक लखनऊ अंचल कार्यालय के अंचल प्रमुख/महाप्रबंधक अजित मिश्र, उप महाप्रबंधक प्रदीप कुमार एवं लखनऊ 1 क्षेत्रीय कार्यालय के उपमहाप्रबंधक राजेश द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में 2016 दक्षिण एशियाई गेम्स की जेवलिन थ्रोवर स्वर्ण पदक विजेता सुमन देवी एवं डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस लखनऊ साउथ निपुण अग्रवाल ने सम्मिलित होकर सभी का उत्साहवर्धन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ वन विजेता और लखनऊ टू उपविजेता बनी। मैन ऑफ द मैच बने अंशुमान सिंह, मैन ऑफ़ द सीरीज बने मनीष राय, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मनीष राय ने जीता, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अतुल यादव ने जीता, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार अतुल यादव को मिला। 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार सारक्षी सेठ ने जीता। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार मनीष राय द्वितीय पुरस्कार रवि प्रताप एवं तृतीय पुरस्कार प्रशांत तिवारी ने जीता।शॉट पुट प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में मनीष राय प्रथम, राजकमल द्वितीय, पीयूष श्रीवास्तव तृतीय रहे। महिला वर्ग में श्वेता तिवारी प्रथम, सारक्षी सेठ द्वितीय, प्रीती सिन्हा तृतीय रहीं। स्किपिंग प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रशांत तिवारी प्रथम, देवेश प्रताप द्वितीय एवं पीयूष श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे।

# ईदुल फित्र रोजेदारों के लिए इनाम

**लखनऊ।** ईदुल फित्र का त्योहार रोजेदारों के लिए ईनाम है। ईदुल फित्र की रात भी बहुत फजीलत की है और इस रात में खूब इबादत कर अल्लाह को राजी करना चाहिए। यह बात हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक ने कही। पाटानाला स्थित मस्जिद सुब्हानिया में ईद की फजीलत पर गुफरान अहमद अच्छे भाई की अध्यक्षता में आयोजित जलसे को खिताब करते हुए कारी सिद्दीक ने कहा कि ईदुल फित्र के दिन अल्लाह चार शख्सों के अलावा सब की मगफिरत कर देता है। एक वह शख्स जो शराब का आदी हो, दूसरा जो अपने मां-बाप की नाफरमानी करता हो, तीसरा जो कताए ताल्लुक करता हो यानि रिश्ता-नाता तोडने् वाला हो और चौथा वह शख्स जो कीना कपट रखने वाला हो। ईदुल फित्र के दिन अल्लाह अपने फरिश्तों से फरमाता है कि मैंने इनको रोजों और तरावीह के बदले बख्श दिया और खुशी-खुशी अपने घरों को वापस जाओ। कारी सिद् दीक ने जलसे के आखिर में अपने वतन हिन्दुस्तान और सूबे उत्तर प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और जनता की सुरक्षा की दुआएं मांगी।

# जॉन डियर की 'पावर एंड टेक्नोलॉजी 7.0' पहल, स्मार्ट खेती को मिलेगा बढ़ावा

■ कम संसाधनों में अधिक उत्पादन का लक्ष्य, जॉन डियर की नई रणनीति

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** डियर एंड कंपनी कृषि, निर्माण और वानिकी क्षेत्रों में एक वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर है, जो अपने ग्राहकों, चैनल भागीदारों, आपूर्तिकर्ताओं और कर्मचारियों की सफलता के लिए प्रतिबद्ध है। जॉन डियर लगातार एक टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है और दुनिया के कई हिस्सों में इन क्षेत्रों में परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

भारत में पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से जॉन डियर खेती-किसानी के लिए तकनीकी रूप से उन्नत समाधान प्रदान करता आ रहा है। इन समाधानों का उद्देश्य खेती की उत्पादकता बढ़ाना है, साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन जैसे टिकाऊ खेती के महत्वपूर्ण पहलुओं को भी मजबूत करना है।

जॉन डियर इंडिया के एमडी और कंट्री मैनेजर और सीएंडएफ वर्ल्डवाइड प्रेसिडेंट के स्ट्रैटेजिक एडवाजइर राजेश सिन्हा ने कहा, ÷जॉन डियर की रणनीति का मुख्य आधार सटीक खेती और स्मार्ट कनेक्टेड मशीनों के लिए डिजिटल समाधानों का एकीकरण है, जिससे किसान कम संसाधनों में अधिक उत्पादन कर सकें। हाल ही में पेश की गई तकनीकें खेतों के कामकाज को बेहतर बनाने और लागत को कम करने के साथ-साथ मिट्टी और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित की गई हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि भारत में जॉन डियर की उपस्थिति काफी व्यापक है और यह आरएंडडी, इंजीनियरिंग, ग्लोबल आईटी, सप्लाई चेन, सड़क निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग सहित कई क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर रमाकांत गर्ग, सेल्स एवं मार्केटिंग इंडिया डायरेक्टर ने कहा, ÷उन्नत कृषि तकनीक और बदलती कृषि पद्धतियाँ एक-दूसरे के साथ चलती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जॉन डियर भविष्य की कृषि आवश्यकताओं के अनुरूप इन दोनों को एक साथ लाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'पावर एंड टेक्नोलॉजी 7.0' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पहल के तहत कई नई तकनीकें और भारतीय कृषि की विविध परिस्थितियों के अनुसार स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार करना और सरकारी मिशनों का समर्थन करना जॉन डियर की सफलता का महत्वपूर्ण आधार रहा है। रीजन 1 के गवर्नमेंट अफेयर्स डायरेक्टर श्री मुकुल वार्ष्णेय ने कहा, ÷सरकार के 2047 तक के स्थिरता लक्ष्यों को समर्थन देने में जॉन डियर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# आरडीएसओ में उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** आरडीएसओ के सभागार में आज सेंट्रल स्टाफ बेनिफिटफंड कमेटी द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरडीएसओ स्टाफ एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसे महानिदेशक, आरडीएसओ, प्रभासदनसाना की गरिमामयी उपस्थिति प्राप्त हुई। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को कर्मचारी कल्याण एवं पारिवारिक सहभागिता के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र वाजपेयी (नृत्य) एवं डॉ. कृतिका त्रिपाठी (संगीत) उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सेंट्रल स्टाफ बेनिफिटफंड कमेटी द्वारा किया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। यह आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव एवं सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

# रुदौली में एक शाम कुरआन के नाम कार्यक्रम आयोजित



**रुदौली (अयोध्या)** रमज़ान के मुबारक महीने के अंत में शहर की ऐतिहासिक मस्जिद इर्शादिया में एक शाम कुरआन के नाम कार्यक्रम का आठवां आयोजन बड़े ही शानदार और धार्मिक माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रात 8 बजे क़ारी मुजतबा रिज़्वी हल्लौरी की कुरआन की तिलावत से हुई। उन्होंने सूरह मुहम्मद, फतह और नस्र की खूबसूरत तिलावत पेश की, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना इमरान हैदर आलमपुरी ने किया। इसके बाद कश्मीर से आए क़ारी मौलाना एजाज़ हुसैन कश्मीरी ने कुरआन की तिलावत की और इसे शहीदों के नाम समर्पित किया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने तिलावत को ध्यान से सुना। नात और शायरी का भी आयोजन हुआ, जिसमें आमिर रुदौलवी और सज्जाद हल्लौरी ने अपने कलाम से लोगों को प्रभावित किया। इसके बाद मौलाना मोहम्मद अली खान अलहिंदी ने नहजुल बलागा के संदर्भ में कुरआन की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुरआन के साथ सही मार्गदर्शन के लिए रहनुमा भी ज़रूरी हैं। शहर के इमाम-ए-जुमा मौलाना सरफराज हुसैन ने कुरआन और अच्छे नैतिक मूल्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि कुरआन में इंसानी अख़लाक़ पर बहुत ज़ोर दिया गया है। उन्होंने झूठ, ग़ीबत और बदगुमानी जैसी बुराइयों से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में मौलाना सैयद हैदर अब्बास रज़्वी ने अपने भाषण में कहा कि कुरआन ने ज़ालिमों और अत्याचारियों के लिए सख्त सज़ा की चेतावनी दी है।













